जबलपुर, बुधवार 15 अप्रैल 2026
वर्ष 31 अंक 289
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 3.00
www.swatantramat.com


# स्वतंत्र मत

**सुविचार**
'जिंदगी में अगर कुछ हासिल करना है तो अपने तरीके बदलो, इरादों को नहीं।'


2 ज्ञान से भरा प्रेम ही, स्थायी...
5 कृषि विभाग सहायक संचालक...
7 अचानक भारत के गुण गाने लगा...
11 नारी शक्ति वंदन अधिनियम से...


## वेदांता पावर प्लांट में बॉयलर फटने से 10 की मौत

### 40 मजदूर झुलसे, 12 की हालत गंभीर

रायपुर

छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में वेदांता पावर प्लांट में मंगलवार दोपहर बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 10 मजदूरों की मौत हो गई है। हालांकि, एसपी प्रफुल्ल ठाकुर ने 9 मौतों की ही पुष्टि की है। 4 मजदूरों की मौत मौके पर ही हो गई थी। वहीं 18 घायलों को रायगढ़ के जिंदल फोर्टिस अस्पताल लाया गया, जहां 6 मजदूरों ने दम तोड़ दिया है। बाकी 12 घायलों की हालत गंभीर है। मजदूर 80 प्रतिशत झुलस गए हैं। घटना डभरा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक सिंघीतराई स्थित वेदांता पावर प्लांट में हर रोज की तरह सामान्य काम चल रहा था। इस दौरान अचानक दोपहर करीब 2 बजे बॉयलर ब्लास्ट हो गया। हादसे में 40 मजदूर गंभीर रूप से झुलसे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, दमकल और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि ट्यूब फटने से हादसा हुआ है। रायगढ़ के अलावा 11 घायलों को खरसिया के पद्मावती अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्लांट के बाहर मजदूरों के परिजनों ने हंगामा कर दिया। घायलों से मिलने देने की मांग कर रहे हैं। मौके पर एडिशनल एसपी सहित भारी पुलिस बल मौजूद है। सक्ती कलेक्टर अमृत विकास तोपनो भी प्लांट पहुंच चुके हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने घटना पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने एक्स पर लिखा- पीड़ितों के लिए उचित मुआवजे और घायलों के उपचार की व्यवस्था की जाए।



## भोपाल के भूजल में मिला जानलेवा बैक्टीरिया

### एनजीटी ने सरकार को लगाई फटकार

भोपाल

राजधानी के भूजल में जानलेवा ई-कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि हो चुकी है। इसके बाद भी नगर निगम द्वारा अकुशल कर्मचारियों से पानी की जांच कराई जा रही है, जिस पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने सख्त रुख अपनाया है। अधिकरण ने मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन को 15 जनवरी 2026 के आदेश का पालन करने और तत्काल एक्शन टेकन रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 11 मई को होगी। ट्रिब्यूनल ने भोपाल और इंदौर में पेयजल सुरक्षा और निगरानी में लंबे समय से हो रही विफलताओं पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार से विशेषज्ञों की सूची मांगी है। एनजीटी में दायर याचिका के अनुसार, भोपाल नगर निगम पेयजल की जांच जैसे गंभीर कार्य के लिए विशेषज्ञों के बजाय अकुशल और अप्रशिक्षित अस्थाई कर्मचारियों का उपयोग कर रहा है। दरअसल, इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतें होने के बाद भोपाल में भी नगर निगम द्वारा पेयजल की जांच में ई-कोलाई बैक्टीरिया की पुष्टि हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले छह वर्षों में मध्य प्रदेश के प्रमुख शहरों में 5.45 लाख से अधिक लोग दूषित पानी से होने वाली बीमारियों का शिकार हुए हैं। यह आंकड़ा सरकारी मशीनरी की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। भोपाल में हजारों लोग पिछले 15 दिनों से पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं और मजबूरी में टैंकरों पर निर्भर हैं। आरोप है कि नगर निगम समस्या सुलझाने के बजाय कई क्षेत्रों में जल आपूर्ति बंद कर देता है, जिससे जनता का सरकारी तंत्र पर से विश्वास उठ रहा है। यही स्थिति इंदौर में भी है, जहां पाइपलाइन लीकेज ठीक न होने के कारण 15 कालोनियों के 30 हजार से अधिक लोग पानी के लिए जूझ रहे हैं।



### आज जारी होगा 10वीं-12वीं का रिजल्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में एमपी बोर्ड 10वीं और 12वीं के लाखों छात्रों का इंतजार जल्द खत्म होगा। स्कूल शिक्षा विभाग के मुताबिक 15 अप्रैल सुबह 11 बजे रिजल्ट जारी किया जाएगा। इस बार करीब 16 लाख छात्र परीक्षा में शामिल हुए थे। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने बताया कि रिजल्ट से पहले क्रॉस चेकिंग और वैरीफिकेशन तेजी से पूरा किया गया। हर स्तर पर जांच की गई, ताकि कोई गलती न रहे। रिजल्ट 'फुलप्रूफ' रखा गया है, जिससे छात्रों को परेशानी न हो।

### पेट्रोल 18 रु. और डीजल 35 रु. हो सकता है महंगा

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों की वजह से पेट्रोल 18 रुपए और डीजल 35 रुपए प्रति लीटर तक महंगा हो सकता है। विदेशी ब्रोकरेज फर्म मैक्कायरी की रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रूड ऑयल महंगा होने के बावजूद देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर हैं। इससे कंपनियों को नुकसान हो रहा है। ऐसे में पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों में चुनाव खत्म होने के बाद कंपनियां दाम बढ़ा सकती हैं।

### पुलिस से बचने भाग रहे 3 तस्कर कुएं में गिरे, मौत

**शहडोल (स्वतंत्र मत)।** शहडोल के जैतपुर थाना क्षेत्र में गांजा तस्करों की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। पुलिस उनकी गाड़ी का पीछा कर रही थी। इसमें 6 लोग सवार थे। भागने के दौरान इनमें से कुछ कुएं में गिर पड़े। घटना सोमवार देर रात कामता तिराहे के पास हुई। मंगलवार सुबह पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर तीन लाशें बरामद कर ली हैं। बाकी कार सवारों की तलाश जारी है। टीआई ने बताया कि क्रेटा कार से करीब 6 किलो गांजा बरामद किया गया है।

### रील बनाते समय ट्रेलर से टकराए बाइकर्स, 3 की मौत

**मऊगंज।** मऊगंज के पन्नी-पथरिया नेशनल हाईवे पर सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। चश्मदीदों के मुताबिक, पल्सर 220 बाइक पर सवार तीन युवक मंगलवार सुबह करीब 11 बजे नेशनल हाईवे से गुजर रहे थे। युवक तेज रफ्तार में बाइक चलाते हुए मोबाइल पर रील बना रहे थे। इसी दौरान उनका ध्यान भटक गया और बाइक सीधे सड़क किनारे खड़े एक ट्रेलर ट्रक से जा टकराई।

## बिहार के नये 'चौधरी' होंगे सम्राट

### आज लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ, नीतीश ने दिया इस्तीफा



पटना

भारतीय जनता पार्टी ने सम्राट चौधरी को बिहार का नया मुख्यमंत्री बनाने का फैसला किया है। भाजपा विधायक दल की बैठक में सम्राट चौधरी को फिर से पार्टी का नेता चुना गया। इसके बाद एनडीए विधायक दल की बैठक में उनके नाम का अनुमोदन हुआ। एनडीए बैठक में निवर्तमान सीएम नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी को माला पहनाकर उनके नाम का ऐलान किया। सम्राट चौधरी ने राजभवन जाकर सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया है और उन्हें सरकार बनाने का न्योता भी मिल गया है। सम्राट की अगुवाई में भाजपा के नेतृत्व वाली पहली सरकार 15 अप्रैल यानी बुधवार को शपथ लेगी। बिहार में सम्राट भाजपा के पहले मुख्यमंत्री होंगे और सम्राट सरकार भाजपा के नेतृत्व वाली पहली सरकार होगी। इससे पहले आज सुबह नीतीश कुमार ने अपने कैबिनेट की आखिरी बैठक की। कैबिनेट की बैठक के बाद नीतीश ने मंत्रिमंडल भंग करने की सिफारिश भेज दी और शाम सवा तीन बजे राज्यपाल को मिलकर सीएम पद से इस्तीफा सौंप दिया। सम्राट चौधरी इस्तीफा देने वक्त नीतीश के साथ थे। वहां से सम्राट सीएम आवास पर नीतीश को छोड़कर भाजपा दफ्तर पहुंचे। बीजेपी दफ्तर में पर्यवेक्षक शिवराज सिंह चौहान और बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े की मौजूदगी में विधायक दल के नेता के तौर पर सम्राट चौधरी को फिर से चुन लिया गया।

### 'लालू की पाठशाला के छात्र'



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि जो लोग हमेशा महात्मा गांधी और बापू के आदर्शों की बात करते थे, आज उन्होंने उन लोगों के साथ हाथ मिला लिया है जो गांधी के हत्यारों की विचारधारा को मानते हैं। तेजस्वी ने कहा कि नीतीश कुमार अब उन लोगों को स्थापित कर रहे हैं जो नाथूराम गोडसे के समर्थक हैं। बापू का नाम लेने वालों का यह असली चेहरा अब जनता के सामने है।

### नीतीश का भावुक संबोधन

मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद नीतीश कुमार ने एनडीए विधानमंडल दल की बैठक में भावुक संबोधन देते हुए कहा, मैं आप सबों को धन्यवाद देता हूं। मैंने राज्यपाल से मिलकर अपना इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि अब नई सरकार का गठन होगा और उसे मेरा पूरा मार्गदर्शन मिलता रहेगा। उन्होंने आगे कहा, मैं नरेंद्र मोदी को नमन करता हूं। उनके नेतृत्व में बिहार और तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा।

### एनडीए ने खेला बड़ा दांव

वर्तमान में उपमुख्यमंत्री रहे सम्राट चौधरी को आगे लाकर एनडीए ने बड़ा राजनीतिक दांव खेला है. कुशवाहा समुदाय से आने वाले सम्राट को मुख्यमंत्री बनाकर सामाजिक समीकरण साधने की कोशिश की गई है. माना जा रहा है कि यह फैसला आगामी चुनावों को ध्यान में रखकर लिया गया है. एनडीए के सहयोगी दल उपेन्द्र कुशवाहा ने भी इस फैसले का समर्थन करते हुए इसे सही दिशा में उठाया गया कदम बताया है.

### सम्राट 11.36 करोड़ के मालिक

बिहार के नए सीएम सम्राट चौधरी 2025 के हलफनामे के मुताबिक 11.36 करोड़ के मालिक हैं। साल 2020 में विधान परिषद चुनाव के दौरान सम्राट और उनके परिवार की कुल संपत्ति लगभग 8.86 करोड़ रुपये थी, जो 2025 तक बढ़कर 11.36 करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गई। उनकी आय के मुख्य स्रोतों में किराया और पेंशन शामिल है, जबकि उनकी पत्नी वकालत और किराये से आय अर्जित करती हैं।



## लोकसभा सीटों की संख्या 850 करने का रखा प्रस्ताव

### सांसदों को मिला संविधान संशोधन विधेयक

**नई दिल्ली।** सरकार ने 2029 के लोकसभा चुनावों से महिला आरक्षण अधिनियम लागू करने के लिए लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के अनुसार, इनमें से 815 सीटें राज्यों के लिए और बाकी 35 सीटें केंद्र शासित प्रदेशों के लिए प्रस्तावित हैं। वर्तमान में लोकसभा में 543 सीटें हैं। सरकार 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद के विशेष सत्र में 2029 से लोकसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लाने की योजना बना रही है। सरकार ने मंगलवार को संविधान (131वां संशोधन) बिल, परिसीमन विधेयक (संशोधन) बिल और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) बिल, 2026 ड्राफ्ट सभी सांसदों को भेजे हैं। एक और जरूरी बदलाव जनसंख्या की परिभाषा है। इससे संसद को यह तय करने का अधिकार मिलता है कि सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए किस डेटा को आधार बनाया जाए। इसके लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने की बात कही गई है। इन बदलावों को 2029 के आम चुनाव से लागू करने की योजना है। विधेयक में परिसीमन आयोग बनाने का भी प्रावधान किया गया है। इस आयोग की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त या कार्यरत न्यायाधीश करेंगे। हालांकि इस पर विरोध भी शुरू हो गया है। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने पीएम मोदी को चिट्ठी लिखकर कहा कि दक्षिणी राज्यों को सीटें बढ़ाना मंजूर नहीं।

## एनआईए अदालत ने अल-कायदा से जुड़े तीन कट्टरपंथियों को सुनाई सजा

**नई दिल्ली (वार्ता)।** लखनऊ की एक विशेष एनआईए अदालत ने 2021 के अल-कायदा से जुड़े कट्टरपंथ और भर्ती मामले में तीन और आरोपियों को सजा सुनाई है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी अदालत ने आरोपी मुसीरुद्दीन उर्फ राजू और मिन्हास अहमद उर्फ मिन्हास, तथा तौहीद अहमद शाह उर्फ सोबू शाह को पांच साल के कठोर कारावास से लेकर आजीवन कारावास तक की अलग-अलग जेल की सजा सुनायी। सभी सजाएं एक साथ चलेंगी और अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 20,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। इन तीनों को भारतीय दंड संहिता, गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया। मामले के तीन अन्य आरोपियों शकील, मोहम्मद मुस्तकीम और मोहम्मद मोईद को आर्म्स एक्ट के तहत अपना अपराध स्वीकार करने के बाद पहले ही दोषी ठहराया जा चुका था। एनआईए ने 2022 में दो चार्जशीट के जरिए सभी छह आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किये थे। यह मामला मूल रूप से उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा जुलाई 2021 में उत्तर प्रदेश एंटी टेररिज्म स्क्वॉड द्वारा प्रतिबंधित अल-कायदा आतंकवादी संगठन के सदस्य मुसीरुद्दीन और मिन्हास की गिरफ्तारी के बाद दर्ज किया गया था। जांच में पाया गया कि ये दोनों लखनऊ में अल-कायदा (एक्यूआईएस) के एक मॉड्यूल के रूप में अंसार गजवत-उल-हिंद स्थापित करने के लिए युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और भर्ती करने में शामिल थे।

### नोएडा में श्रमिकों के विरोध प्रदर्शन पर बोले राहुल गांधी

## मैं ऐसे हर मजदूर के साथ खड़ा हूं

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि वह नोएडा में प्रदर्शन कर रहे श्रमिकों के साथ खड़े हैं और न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर उनके आंदोलन को श्रमिकों द्वारा झेली जा रही व्यापक आर्थिक परेशानी का प्रतिबिंब बताया। उनकी यह टिप्पणी न्यूनतम वेतन की मांग को लेकर चल रहे श्रमिकों के विरोध प्रदर्शनों के बीच आई है, जो सोमवार को पुलिस के साथ झड़प के बाद हिंसक हो गए, जिसमें पत्थरबाजी और वाहनों में आगजनी हुई। एक्स पर एक पोस्ट में कांग्रेस सांसद ने लिखा, कल नोएडा की सड़कों पर जो हुआ, वह इस देश के श्रमिकों की अंतिम पुकार थी- एक ऐसी आवाज जिसे अनसुना कर दिया गया, जो अंतहीन गुहारों से थक गया था। नोएडा में एक श्रमिक का मासिक वेतन 12,000 रुपये है; किराया 4,000-7,000 रुपये है। जब तक उसे 300 रुपये की वार्षिक वृद्धि मिलती है, तब तक मकान मालिक किराया 500 रुपये प्रति वर्ष बढ़ा देता है। गांधी ने कहा कि बढ़ती महंगाई और स्थिर वेतन श्रमिकों का गला घोंट रहे हैं और कर्ज को गहराते जा रहे हैं, इसे विकसित भारत की सच्चाई बताते हुए उन्होंने प्रदर्शनकारी श्रमिकों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने वैश्विक आर्थिक दबावों और सरकारी श्रम सुधारों के प्रभाव की भी आलोचना की।



### 26 को नए नियमों से होगी एमपीपीएससी परीक्षा

**इंदौर।** मध्यप्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन यानी एमपीपीएससी की प्रीलिम्स परीक्षा में इस बार काफी बदलाव देखने को मिलेंगे। पहली बार अभ्यर्थियों को एग्जाम शुरू होने के 90 मिनट पहले एग्जाम सेंटर पर पहुंचना होगा। वहीं पहली बार नेगेटिव मार्किंग भी होगी। 26 अप्रैल को होने वाली एग्जाम में नए नियम लागू किए जा रहे हैं, जो सिक्योरिटी के लिहाज से काफी अच्छे हैं। आयोग के अनुसार, यह बदलाव परीक्षा में पारदर्शिता और सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। एमपीपीएससी की नई गाइडलाइन के अनुसार केंद्रों पर अभ्यर्थियों को थ्री लेयर सिक्योरिटी से गुजरना होगा। इसमें हर उम्मीदवार को 5 से 7 मिनट का समय लगेगा, इसी कारण एग्जाम सेंटर आने का समय 90 मिनट पहले किया गया है। पहले यह समय 45 मिनट पहले था।

## ट्रम्प ने मोदी को किया फोन, ईरान जंग पर 40 मिनट चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच करीब 40 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने ईरान जंग पर चर्चा की और इस बात पर जोर दिया कि होर्मुज खुला रहना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया पर लिखा- मुझे मेरे दोस्त राष्ट्रपति ट्रम्प का फोन आया। हमने दोनों देशों के बीच अलग-अलग क्षेत्रों में हुए काम और प्रगति पर बात की। हमने यह भी कहा कि आगे चलकर भारत और अमेरिका के रिश्ते को और मजबूत करेंगे। अमेरिका-ईरान सीजफायर के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बातचीत थी। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बताया कि फोन कॉल के दौरान पीएम मोदी ने ट्रम्प से कहा, भारत के लोग आपको पसंद करते हैं। इस पर ट्रम्प ने कहा कि हम सभी आपसे प्यार करते हैं।

## 'अब देहरादून से दिल्ली दूर नहीं'

### प्रधानमंत्री ने किया एक्सप्रेसवे का उद्घाटन, सिर्फ 2.5 घंटे में तय होगी दूरी

देहरादून

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के दौरे पर रहे, जहां उन्होंने 13,000 करोड़ रुपये की लागत वाले दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर का उद्घाटन किया। इस परियोजना में एशिया का सबसे लंबा वाइल्डलाइफ कॉरिडोर शामिल है। प्रधानमंत्री ने देहरादून में पूजा-अर्चना के बाद एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के साथ उत्तराखंड की प्रगति में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ी है। आपको याद होगा बाबा केदार के दर्शन के बाद, मेरे मुंह से अनायास निकला था कि इस शताब्दी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। मुझे बहुत खुशी है कि डबल इंजन सरकार की नीतियां और उत्तराखंड के लोगों के परिश्रम से ये युवा राज्य विकास के नए आयाम जोड़ रहा है। ये प्रोजेक्ट भी उत्तराखंड के विकास को नई गति देगा। इस एक्सप्रेसवे का बहुत बड़ा हिस्सा जो वाइल्डलाइफ कॉरिडोर के रास्ते यहां पहुंचता है। इससे गाज़ियाबाद बागपत, बड़ोत, शामली और सहारनपुर जैसे अनेक शहरों को भी बहुत फायदा होगा। टूरिज्म के लिहाज से ये प्रोजेक्ट बहुत अहम है। पूरे देश को इस प्रोजेक्ट की बहुत बहुत बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती भी है। मैं सभी देशवासियों की ओर से बाबा साहेब को कोटि-कोटि श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। बीते दशक में हमारी सरकार ने जो नीतियां बनाई, जो निर्णय लिए। वो संविधान की गरिमा को पुनः स्थापित करने वाले रहे। आर्टिकल 370 हटने आज पूरे देश में भारत का संविधान लागू है। जिन दर्जनों जिलों में नक्सलवाद खत्म हुआ है। वहां भी अब संविधान की भावना के अनुरूप काम हो रहा है। देश में समान नागरिक संहिता लागू हो।




### सबको सुविधा-सबकी समृद्धि

प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा साहब का जीवन गरीबों को वंचितों को शोषितों को न्यायपूर्ण व्यवस्था देने के लिए समर्पित था। हमारी सरकार आज उसी भावना के साथ हर गरीब, हर वंचित को सच्चा सामाजिक न्याय देने में जुटी है और सामाजिक न्याय देश के संतुलित विकास का एक बहुत बड़ा माध्यम है। सबको सुविधा है, सबकी समृद्धि है, इसलिए ही बाबा साहब आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, औद्योगीकरण की भरपूर वकालत करते थे।

### सड़कें राष्ट्र की भाग्य रेखाएं

प्रधानमंत्री ने कहा कि साथियों भविष्य की दशा और दिशा क्या होगी? अक्सर लोग इसके लिए हाथ की रेखाओं को देखते हैं दिखाते हैं जो भविष्यवेत्ता होते हैं ना वो हस्त रेखाएं देखते हैं और हर व्यक्ति के भविष्य के विषय में बताते हैं। लेकिन मैं अगर इसी संदर्भ बात को इसी संदर्भ को राष्ट्र जीवन से जोड़ कर के देखूं तो राष्ट्र की भाग्य रेखाए कौन-सी होती है? राष्ट्र की भाग्य रेखाएं ये हमारी सड़कें होती हैं, हमारे हाईवे होते हैं।

# 2 लाइन के आदेश से 5 साल की देरी माफ नहीं की जा सकती

## राजस्व मामले में मप्र हाईकोर्ट ने सुनाया अहम फैसला

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट ने सीमांकन विवाद के एक अहम मामले में सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि सिर्फ दो लाइन के आदेश से 5 साल की देरी को माफ नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने उमरिया के एसडीओ द्वारा पारित आदेश को निरस्त कर दिया। सुनवाई के दौरान जस्टिस विवेक जैन की सिंगल बेंच ने कहा कि राजस्व मामलों में अपील की 45 दिन की समयसीमा तय है। इतनी लंबी देरी को बिना ठोस कारण के माफ करना



गलत है। मात्र औपचारिक आदेश देकर न्यायिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा सकता।

***जमीन के सीमांकन से जुड़ा है मामला***- मामला उमरिया जिले के पाली क्षेत्र की निवासी कमला जायसवाल से जुड़ा है। 8 मई 2018 को उनकी जमीन का सीमांकन हुआ। रेवेन्यू इंस्पेक्टर ने सीमांकन को स्वीकार किया। वर्ष 2024 में पड़ोसी पक्ष (रामचंद्र जायसवाल व अन्य) ने सीमांकन को चुनौती दी। एसडीओ ने 20 नवंबर 2024 को सीमांकन निरस्त कर दिया। इसके बाद मामला एडिशनल कलेक्टर तक गया, लेकिन राहत न मिलने पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। हाईकोर्ट ने पाया कि अपील लगभग 5 साल की देरी से दायर की गई थी। एसडीओ बिना विस्तृत कारण बताए सिर्फ 2 लाइन के आदेश में देरी माफ कर दी। इस तरह का आदेश कानून के स्थापित सिद्धांतों के खिलाफ है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता कपिल शर्मा की दलीलों को सुनकर हाईकोर्ट ने एसडीओ का आदेश निरस्त करके मामले पर दोबारा विचार करने के निर्देश दिए। साथ ही देरी माफी पर तथ्यों और गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने के निर्देश भी एसडीओ को दिए गए।

# सोशल मीडिया पर आरोपी एक्टिव, तुरंत करें गिरफ्तार

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट ने 87 लाख रुपये के चेक बाउंस मामले में फरार आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सोशल मीडिया पर सक्रिय आरोपी को तुरंत ट्रेस कर गिरफ्तार किया जाए। जस्टिस बीपी शर्मा की सिंगल बेंच ने कहा कि आरोपी के खिलाफ स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी है। इसके बावजूद गिरफ्तारी न होना गंभीर लापरवाही है। पुलिस को आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया का उपयोग कर कार्रवाई करनी चाहिए। कोर्ट ने भोपाल पुलिस कमिश्नर को आदेश दिया कि वारंट का तत्काल पालन सुनिश्चित किया जाए। बतां दें कि विनय कुमार शर्मा पर 87 लाख रुपये के चेक बाउंस का आरोप है। निचली अदालत ने 27 दिसंबर 2025 को स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया। इसके बावजूद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता प्रशांत दुबे ने अदालत को बताया कि आरोपी भिंड में रह रहा है। सोशल मीडिया पर लगातार सक्रिय है। पुलिस के पास कार्रवाई के पर्याप्त इनपुट होने के बावजूद आरोपी की अब तक गिरफ्तारी नहीं हुई।

## रेलवे स्टेशन में चोरी के मोबाइल बेचने वाला पकड़ाया

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जीआरपी ने विशेष अभियान चलाते हुए एक शातिर चोर नाथूराम बर्मन को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से विभिन्न कंपनियों के 6 मोबाइल फोन बरामद हुए । शातिर चोर नाथूराम 20 हजार रुपए का मोबाइल फोन एक हजार रुपए में बेच देता था। पुलिस अब आरोपी से चोरी की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है। जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत ने बताया कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में प्लेटफॉर्म नंबर 6 पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया जो 28 वर्षीय नाथूराम बर्मन निवासी ग्राम शीतलपुर शहपुरा भिटोनी है तलाशी लेने पर उसके पास से महंगे मोबाइल फोन बरामद हुए।

# आरोप : जबलपुर शहर से एक-एक कर छीनी जा रही हैं सरकारी संस्थाएं

## नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने कहा- शहर के साथ हो रहा अन्याय

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

जबलपुर वेटरनरी यूनिवर्सिटी के अंतर्गत विदिशा में स्थापित होने वाले कृषि विज्ञान को उससे छीनकर भोपाल में आयसीएआर की संस्था को प्रदान किया गया है। पिछले 6 वर्ष पूर्व में इस युनिवर्सिटी में ग्राम इमलिया में डेयरी साइंस कालेज खोलने के लिए भूमि तथा बजट आवंटित किया गया था, लेकिन अब उसे जबलपुर से छीनकर उज्जैन में स्थापित किया गया है। उक्त बाते कहते हुए नागरिक उपभोक्ता मंच ने कहा कि यह जबलपुर के वेटरनरी यूनिवर्सिटी के साथ अन्याय है। इसका विरोध कर




जनसंगठनों और डॉ. पीजी नाजपांडे ने म.प्र. शासन के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की। डॉ. पीजी नाजपांडे ने बताया कि समूचे भारत में जबलपुर वेटरनरी यूनिवर्सिटी ही एक मात्र विश्वविद्यालय है। जहां उसके पास एक भी केवीके नहीं है, जब की इस विश्वविद्यालय के स्थापना को अब 15 वर्ष बीत चुके है।

***कही हो तो नहीं रहा वेटरनरी युनिवर्सिटी का विखण्डन***- वेटरनरी युनिवर्सिटी से संस्थायें छीनकर उन्हें उज्जैन तथा भोपाल में स्थापित करने से जबलपुर वेटरनरी युनिवर्सिटी के विखण्डन की आशंका निर्माण हो रही है। जनसंगठनों ने आंदोलन करने का निर्णय लेकर विरोध दर्शाने को तय किया है। इस दौरान डॉ. पीजी. नाजपांडे, रजत भार्गव, टीके रायघटक, डीके सिंग, सुभाष चंद्रा, सुशिला कनौजिया, गीता पांडे, एड. वेदप्रकाश अचौलिया, डीआर लखेरा, संतोष श्रीवास्तव, एड.जी.एस. सोनकर, पी.एस. राजपूत आदि उपस्थित रहे।

# महिला की सर्प के काटने से तो युवक की ट्रेन से कटकर मौत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

खमरिया थाना क्षेत्र में एक महिला की जहां सर्प के काटने से मौत हो गई तो वहीं भेड़ाघाट क्षेत्रातंर्गत आमाहिनौता रेलवे फाटक के पास एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। दोनों मामलों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई



करते हुए मर्ग कायम कर मामलों को जांच में लिया है। खमरिया पुलिसने बताया कि अमझर निवासी 28 वर्षीय रजनीबाई कडोला को सर्प के काटने पर उसके भांज प्रभात मार्को विक्टोरिया अस्पताल लेकर पहुंचा था। जहां देररात उपचार दौरान रजनी की मौत हो गई। इसी प्रकार भेड़ाघाट पुलिस को रेल्वे स्टेशन से प्वाइंटसमेन मनेन्द्र पांडे उम्र 40 वर्ष ने सूचना दी कि मंगलवार सुबह लगभग 9-30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 35-40 वर्ष का ग्राम आमाहिनोता गेटके पास ट्रेन से कटकर खत्म हो गया है। पुलिस ने दोनों मामलों में आवश्यक कार्रवई करते हुए मर्ग कायम कर उन्हें जांच में लिया है।

## कलयुगी बेटे ने वृद्ध माँ को पीट-पीटकर किया अधमरा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाना अंतर्गत मढई में शराब के आदी बेटे ने वृद्ध मां के साथ बेरहमी से मारपीट की। आरोपी ने न केवल घसीटकर घर के बाहर निकाला बल्कि उनका सिर दीवार से टकरा दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक मढई मस्जिद के पीछे रहने वाली वृद्ध महिला कुसुम देवी परिहार का बड़ा बेटा नरेंद्र सिंह परिहार पुताई का काम करता है और शराब का बुरी तरह आदी है। वह रोजाना नशे में धुत होकर घर आता है और परिवार के सदस्यों के मारपीट करता है। सुबह करीब 10.30 बजे कुसुम देवी घर पर अकेली थीं तभी नरेंद्र उनके पास आया और विवाद कर पकड़कर बुरी तरह झकझोर दिया। इतने से भी मन नहीं भरा तो वह मां को घसीटते हुए घर के बाहर ले आया और हाथ-मुक्कों से उनकी पिटाई शुरू कर दी। इसी दौरान आरोपी ने वृद्धा का सिर दीवार से टकरा दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। चीख-पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाले मुन्ना पटेल और छोटू वंशकार मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया।

## अवैध शराब के कारोबार में लिप्त आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोरखपुर पुलिस ने अवैध शराब का कारोबार करने वाले एक आरोपी को दबोचा है। पुलिसने आरोपी गंगा उर्फ गंगू सोनकर उम्र 55 वर्ष निवासी रामपुर छापर के पास से छिपाकर रखी गई बोरियों से 304 पाव देशी शराब कीमती तीस हजार रुपये की बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

## परशुराम प्रकटोत्सव पर सिहोरा में निकलेगी वाहन रैली

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** भगवान परशुराम के प्रगटोत्सव पर भव्य एंव विशाल वाहन रैली निकालने का निर्णय शिव मंदिर बाबाताल में आयोजित संयुक्त ब्राह्मण समाज सिहोरा की बैठक में लिया गया। परम पूज्य संत आकर्षक महाराज के सानिध्य में सिहोरा, खितौला के समस्त विप्रजनों द्वारा वाहन रैली निकालने के बाद समापन स्थल पर भंडारे के साथ अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। बैठक में सभी विप्रो ने उपस्थित होकर रैली को भव्य बनाने अपने अपने सुझाव दिए। वाहन रैली रविवार 19 अप्रैल को सुबह 8 बजे नृसिंह मंदिर खितौला से प्रारम्भ होकर रेलवे फाटक,खितौला बाजार, पेट्रोल पंप तिराहा से होकर बाबाताल,हरदौल मंदिर,मैना कुआं, सरावगी मोहल्ला, काल भैरव चौक, झंडा बाजार, आजाद चौक,गौरी तिराहा, पुराना बस स्टेंड से होकर शिव मंदिर बाबाताल में समापन होगा।

## महाकोशल चेम्बर में नये आयकर अधिनियम पर सेमिनार आज

**जबलपुर।** महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री के सभागार में भारत द्वारा लाये गए नये आयकर अधिनियम जो कि 1 अप्रैल 2026 से लागू हो गया है। इस अभिनियम पर सेमिनार आज दिनांक 15 अप्रैल को 3 बजे चेम्बर सभागार सिविक सेंटर में आयोजन किया गया है। जिसमें आयकर विभाग के अधिकारियों द्वारा इस नये आयकर अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की जायेगी। साथ ही शंकाओं का समाधान भी किया जायेगा। इस संबंध में ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयकर विभाग द्वारा नये अधिनियम का सृजन किया गया, जिसमें अनेक सुविधाओं एवं सरलीकरण का प्रावधान रखते हुए इसे सदन से स्वीकृति प्राप्त कर 1 अप्रैल 2026 से प्रभावशील किया गया है। कानून की जानकारी एवं उनके प्रावधानों का ज्ञान सदैव ही करदाताओं के हित में होता है। चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष युवराज जैन गढ़ावाल, मानसेवी मंत्री अखिल मिश्र, कोषाध्यक्ष हेमराज अग्रवाल, सहमंत्री गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, समन्वयक राजेश चण्डोक, संगठन मंत्री अनिल जैन पाली, संयोजन मंत्री समीर पाल, हर नारायण सिंह राजपुत ने सभी आयकरदाताओं, टैक्स बार एसोसिएशन एवं सीए एसोसिएशन व संबंधितों से अनुरोध किया है कि इस महत्वपूर्ण सेमिनार में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर आयकर के नये प्रावधानों की जानकारी प्राप्त करें।

# कॉम्प्लेक्स के बेसमेंट में बनाकर रखा था अवैध शराब का ठिकाना

## आबकारी विभाग ने दी दबिश, भारी मात्रा में शराब बरामद

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त संजीव कुमार दुबे के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, संग्रहण और परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग ने देर रात एक महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है। मुखबिर की सूचना के आधार पर ओमती थाना अंतर्गत रसल चौक स्थित स्वास्तिक कॉम्प्लेक्स के पार्किंग परिसर में सघन तलाशी अभियान चलाया गया। इस दौरान परिसर में स्थापित मीटर बॉक्स का



ताला तोड़कर निरीक्षण करने पर उसके भीतर छिपाकर रखी गई विभिन्न ब्रांडों की विदेशी एवं देशी मदिरा का बड़ा जखीरा बरामद किया गया। आबकारी उप निरीक्षक आरएस मरावी ने बताया कि तलाशी की इस कार्यवाही में विभाग ने विदेशी मदिरा की कुल 22 बोतलें बरामद की।मदिरा के साथ ही परिवहन में प्रयुक्त एक बजाज चेतक इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन को भी आबकारी टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है। संपूर्ण कार्यवाही के दौरान जब्त की गई मदिरा एवं वाहन का अनुमानित मूल्य लगभग 1 लाख 45 हजार रुपये आंका गया है। घटनास्थल से फरार आरोपी चिंटू सोनकर के विरुद्ध मप्र आबकारी अधिनियम की धारा के तहत आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## निर्माणाधीन हाईकोर्ट बिल्डिंग से लोहा चोरी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सिविल लाइन थाना अंतर्गत निर्माणाधीन हाईकोर्ट परिसर में काम कर रहे एक हाईड्रा मशीन चालक ने अपने साथी के साथ मिलकर साइट से कीमती लोहे का स्क्रैप और सरिया चोरी करने का प्रयास किया, जिन्हें कर्मचारियों ने पीछा कर रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के मुताबिक हाईकोर्ट निर्माण कार्य के एडमिन हेड दीपांकर खंडेलवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर करीब 12.30 बजे सुरक्षा गार्ड अरुण कुमार ने उन्हें सूचना दी कि हाईड्रा मशीन एमपी 20 डीए 2155 का चालक शनि ब्रम्हे और उसका साथी साहिल खान मशीन में सफेद बोरियों के अंदर लोहे का स्क्रैप और मोटी सरिया भरकर परिसर से बाहर ले गए हैं।चोरी की सूचना मिलते ही एडमिन हेड ने तुरंत साइट इंजीनियर देवांग पटेरिया को सतर्क किया। इसके बाद इंजीनियर देवांग और गार्ड अरुण कुमार ने बिना वक्त गंवाए अपनी मोटर साइकिल एमपी 04 बीसी 8805 से आरोपियों का पीछा शुरू किया। आरोपियों का पीछा करते हुए जब टीम तैयब अली पेट्रोल पंप के पास पहुँची, तो देखा कि हाईड्रा चालक सड़क किनारे मशीन खड़ी कर उसमें लदा चोरी का लोहा एक सफेद रंग के ई-रिक्शा एमपी 20 जेड जी 6350 में शिफ्ट कर रहा था। टीम ने घेराबंदी कर हाइड्रा और ई-रिक्शा दोनों को वहीं रोक लिया।



# मप्र की आठ सदस्यीय मुक्केबाजी टीम घोषित

## जबलपुर की दो महिला खिलाड़ियों को मिला प्रदेश की टीम में स्थान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

छत्तीसगढ़ विरूद्ध मध्यप्रदेश के बीच रायपुर में 24 अप्रैल को खेली जाने वाली एक दिवसीय प्रो बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए मध्यप्रदेश की आठ सदस्यीय मुक्केबाजी टीम की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश की टीम में जबलपुर की दो महिला खिलाड़ी स्वाती सिंह व दीपाली केवट का चयन किया गया है। मप्र अमेच्योर बॉक्सिंग संघ के सचिव सत्येन्द्र सोनकर ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के रायपुर में खेली जाने वाली प्रो बॉक्सिंग स्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए विगत दिनों करमचंद चौक स्थित हितकारिणी महिला महाविद्यालय के बॉक्सिंग रिंग में एक दिवसीय प्रो बॉक्सिंग स्पर्धा खेली गई जिसमें जबलपुर सहित इंदौर,देवास, भोपाल,सतना, रीवा,साजापुर,अलीराजपुर के 15 महिला एवं पुरुष मुक्केबाजों ने हिस्सा। प्रतियोगिता में विजेता रहे मुक्केबाजों का चयन रायपुर में खेली जाने वाली प्रो बॉक्सिंग स्पर्धा के लिए कर लिया गया है। चयनित खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष एड. वरूण तन्खा,उपाध्यक्ष, सार्थक सेठी,उपाध्यक्ष एड.शिवेन्द्र पान्डेय,हितकारिणी महिला महाविद्यालय के चेयरमैन हर्ष जैन,प्राचार्य, डॉ.नीलेश पाण्डेय एवं पूर्व मुक्केबाज रवि पटेल ने चयनित खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं दी हैं।

टीम में लोकेन्द्र राठौर,विवेक तिवारी,ध्रुव गुर्जर,आसमी सिंह,शहंशाह उलहक,लक्ष्मी, स्वाती ठाकुर एवं दीपाली केवट शामिल हैं। टीम के चीफ कोच राजेन्द्र पान्डेय होंगे।

# तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंदा रिसोर्ट मालिक पर हत्या करवाने का आरोप

## तिलवारा थाना क्षेत्र का मामला, परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

तिलवारा थाना क्षेत्र के लम्हेटा बाइपास पर सोमवार रात एक ट्रक ने बाइक सवारों को बुरी तरह रौंद दिया। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई, जबकि बुजुर्ग को चोटें आई है। इस घटना के बाद गुस्साए महिला के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए तिलवारा थाने का घेराव कर दिया। जानकारी के मुताबिक रात करीब 11 बजे मृतका 38 वर्षीय स्वरूपा झारिया की बड़ी बेटी के मोबाइल पर कॉल आया कि जल्दी से लम्हेटा बाइपास आ जाओ। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे, जहां अनिल और उसका बेटा अभय पहले से मौजूद थे। स्वरुपा के बारे में पूछने पर बताया गया कि किसी अज्ञात ट्रक ने टक्कर मारते हुए उसे करीब 50 मीटर तक घसीट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया कि सोमवार रात करीब 10 बजे लम्हेटा बाइपास पर एक ट्रक ने बाइक सवारों को रौंद दिया,



जिसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि दूसरा बाइक सवार बुजुर्ग सुरक्षित है। मौके पर तिलवारा थाना पुलिस पहुंची और शव को पीएम के लिए ले गई।

## चलती गाड़ी से धक्का देने का आरोप

मृतका के परिजनों ने बताया कि स्वरूपा को कोकिला रिसोर्ट के मालिक अनिल पचौरी उसके घर से जबरन अपने साथ ले गया था। इसी बीच रास्ते में यह हादसा हो गया। मृतक स्वरूपा झारिया की बेटी का इल्जाम है कि मां की मौत सड़क हादसे में नहीं हुई, बल्कि उनकी हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि जब ट्रक ने टू व्हीलर को टक्कर मारी, तो सिर्फ मां की ही क्यों मौत हुई, अनिल पचौरी को क्यों कुछ नहीं हुआ। उनका आरोप है कि चलती गाड़ी से मां को धक्का दिया गया, जिसके कारण उनकी मौत हुई। हत्या का आरोप अनिल पचौरी और उसके बेटे पर लगाया गया है।



## जांच में जुटी पुलिस

परिजनों का यह भी आरोप है कि जानबूझकर उसका पैर फ्रैक्चर बताया जा रहा है, जबकि रात भर वह ठीक था और पैरों पर खड़ा था। परिजनों ने मांग की है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।बताया जा रहा है कि मृतका स्वरुपा झारिया करीब दो साल से अनिल पचौरी के यहां माली का काम करती थी। 6 महीने पहले उसने वहां जाना छोड़ दिया था, जिसके बाद से अनिल पचौरी लगातार उस पर काम करने का दबाव बना रहा था। इधर परिजनों का हंगामा देख तिलवारा थाने की निष्पक्ष जांच का आश्वासन देते हुए पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है।

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**

# भव्यता के साथ मनाई गई डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती

## जगह-जगह हुए आयोजन, आदर्शों को आत्मसात करने ली शपथ

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

भारत रत्न बाबासाहब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर भंवरताल स्थित कल्चरल थियेटर में एक गरिमामय एवं भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सांसद आशीष दुबे ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद आशीष दुबे ने संविधान निर्माता बाबासाहब के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किए और राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि डॉ अम्बेडकर ने देश को श्राष्ट्र ग्रंथ के रूप में संविधान प्रदान कर एक नई दिशा दी। उन्होंने अपने संबोधन में इस बात पर विशेष बल दिया कि स्वतंत्र भारत को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिस दूरदर्शी नेतृत्व और विधिक ज्ञान की आवश्यकता थी, उसकी खोज बाबासाहब पर जाकर पूर्ण हुई और आज उनके विचार व चिंतन समरस समाज की स्थापना के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। इस विशेष अवसर पर विधायक नीरज सिंह, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज आदि उपस्थित रहे। प्रशासनिक स्तर पर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, नगर निगम कमिश्नर रामप्रकाश अहिरवार एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत की उपस्थिति रही।






### प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया नमन

बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा उनकी अंबेडकर चौक स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इस अवसर पर सांसद आशीष दुबे ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर ने अपना जीवन समाज के उत्थान में लगाया है, सामाजिक समरसता के प्रतीक बाबा साहब ने संविधान निर्माण में अपनी मुख्य भूमिका के कारण समाज के दलित पिछड़ों को न्याय दिलाया, उन्होंने संघर्ष करते हुए अपनी शिक्षा प्राप्त की तत्पश्चात देश के संविधान के मुख्य निर्माता बने।

जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि डॉ. अंबेडकर आमूलचूल बदलाव में विश्वास करते थे, जिसे वे संसदीय लोकतंत्र और विधिक शासन के माध्यम से परिवर्तन करना चाहते थे। इस अवसर पर महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी परांजपे, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, महामंत्री पंकज दुबे आदि उपस्थित रहे।

### संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने अर्पित की पुष्पांजलि




संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा की और से जबलपुर हाई कोर्ट चौराहा स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर संयुक्त पिछड़ा वर्ग मोर्चा के रामरतन यादव, बैजनाथ कुशवाहा, घनश्याम यादव, जितेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

### अबॉक्स मनाया बाबा साहब का जन्मोत्सव



भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर का 135वां जन्मोत्सव धूमधाम से आदिवासी बहुजन अधिकार कल्याण संघ अबॉक्स द्वारा मनाया गया। अबॉक्स की छात्र इकाई के साथ रैली के रूप में पैदल जय भीम ,जय संविधान,संविधान की रक्षा हम करेंगे आदि के नारे लगाते हुए बाबा साहब की प्रतिमा स्थल अम्बेडकर चौक पहुंचे जहां संगठन के पदाधिकारी सदस्यों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अबॉक्स के प्रदेश अध्यक्ष देवेश कुमार चौधरी, एड तेजकुमार, भगत, एड तरुण रोहितास,शिवनाथ चौधरी आलम, वीरेंद्र सिंह परस्ते, शिवकुमार गोटिया,डॉ बी एल झारिया कमलेश धापोडकरआदि उपस्थित रहे ।

### अंबेडकर युवा मंच ने निकाली वाहन रैली



**सिहोरा।** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का 136वां जन्मदिवस मंगलवार को सिहोरा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अंबेडकर युवा मंच सिहोरा के तत्वावधान में बाबा साहेब अमर रहें के गगनभेदी नारों के बीच भव्य वाहन रैली निकाली गई, जिसने पूरे नगर में उत्साह का माहौल बना दिया। रैली शाम 5 बजे बाबाशाला वार्ड नंबर 3 से प्रारंभ होकर कटरा मोहल्ला, झंडा बाजार, कालभैरव चौक, महावीर चौक, बाबाताल, पहरेवा, मंडी रोड, खितौला बाजार, रेलवे फाटक, महाकाली मंदिर होते हुए पुराना बस स्टैंड पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान युवाओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला।




# एयर एशिया में नौकरी का झांसा देकर युवती से 1.06 लाख की ठगी

### शिकायत पर माढ़ोताल पुलिस ने दर्ज किया मामला

जबलपुर।

माढ़ोताल थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ एयरलाइंस में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने खुद को एयर एशिया कंपनी का एचआर बताकर युवती से करीब 1,06,250 रुपये ठग लिए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार श्रीराम कॉलेज के पास नई बस्ती निवासी 26 वर्षीय कंचन रजक, जो वर्तमान में एमबीए अंतिम वर्ष की छात्रा है, ने जनवरी 2026 में एयर एशिया एयरलाइंस में ग्राउंड स्टाफ के पद के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। 19 जनवरी को उसके पास एक फोन आया, जिसमें उसे दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने को कहा गया। युवती ने अपने शैक्षणिक दस्तावेज और पहचान पत्र जालसाजों द्वारा दिए गए व्हाट्सएप नंबर पर भेज दिए।

### प्रोसेसिंग फीस से लेकर सुविधाओं के नाम पर वसूली

जालसाजों ने खुद को कंपनी का एचआर नितिन कुमार बताकर युवती की ऑनलाइन परीक्षा ली और रजिस्ट्रेशन फीस के नाम पर 1250 रुपये जमा कराए। इसके बाद युवती को डाक के माध्यम से एक फर्जी जॉइनिंग लेटर भी भेजा गया, जिससे उसे भरोसा हो गया। ठगों ने युवती को झांसा दिया कि उसकी पोस्टिंग डुमना एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ मैनेजर के रूप में हुई है। इसके बाद इंश्योरेंस, 2-बीएचके फ्लैट, कार और ड्राइवर जैसी सुविधाएं देने के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों (टीटो दास, जय कर्माकर और अभिषेक के नाम पर) में कई बार में कुल 1,06,250 रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। जब जालसाजों ने कैफेटेरिया एरिया के नाम पर 40,500 रुपये की और मांग की, तो युवती को संदेह हुआ। उसने और पैसे देने से मना कर दिया, जिसके बाद उसे अहसास हुआ कि उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर बैंक खातों और मोबाइल नंबरों के जरिए आरोपियों की तलाश कर रही है।

### नयन को मिला साहित्य भास्कर सम्मान



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षाविद प्रतिष्ठित कवि प्रसंग संस्था के संस्थापक इंजी विनोद नयन को गत दिवस राष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन तिरोड़ी महाराष्ट्र में साहित्य संगम संस्था एवं माइल लिमिटेड तिरोडी़ खान द्वारा आयोजित समारोह में नयन की 35 वर्षों की साहित्य साधना, उत्कृष्ट काव्य पाठ और संचालन के लिए डॉ राजा करैया साहित्य भास्कर अलंकरण एवं 31 हजार की राशि प्रदान कर अलंकृत किया गया। द्वितीय चरण मे इंजीनियर विनोद नयन के कुशल संचालन में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन प्रारंभ हुआ। जिसमें देश भर से पधारे कवियों ने शानदार काव्य पाठ किया। अध्यक्षता ख्याति लब्धि कवि दिनेश देहाती ने की। इस उपलब्धि के लिए संस्कारधानी के गौरव पुत्र नयन को हास्य सम्राट केके नायकर, डॉ.मकबूल अली कादरी, बसंत शर्मा, डॉ. रानू रूही, डॉ.विनीता पाण्डेय, इंदु सिंह कंचन,डॉ.विनोद बाजपेई, मथुरा जैन उत्साही, डॉ. मुकुल तिवारी, कृष्णा राजपूत आदि ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की।

### पं. धारा शर्मा बने आईपीएपी के प्रदेश अध्यक्ष



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी द्वारा मप्र संगठन को सशक्त बनाने हेतु एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इस क्रम में ग्वालियर के संघर्षशील, कर्मठ एवं जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व पं धारा शर्मा को मप्र का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। श्री तिवारी ने बताया कि यह नियुक्ति संगठन को प्रदेश में और अधिक मजबूत करने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से की गई है। इस अवसर पर पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष लीलाधर झारिया भी से उपस्थित रहे और उन्होंने नव-नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का विश्वास व्यक्त किया।

### श्रीकान्त साहू बने जिला अध्यक्ष



जबलपुर।

मप्र तैलिक साहू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू भोपाल की सहमति से राजनैतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद साहू द्वारा श्रीकान्त साहू को मप्र तैलिक साहू महासभा राजनैतिक प्रकोष्ठ जबलपुर का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। मप्र साहू समाज राजनैतिक प्रकोष्ठ में श्रीकान्त साहू को जिला अध्यक्ष बनाये जाने पर साहू समाज मप्र एवं साहू समाज जबलपुर द्वारा शुभकामनायें देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# फर्जी हस्ताक्षर कर न्यायालय में पेश किया झूठा शपथ पत्र

### एसडीएम कोर्ट ने पुलिस को सौंपी मामले की जांच

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जमीनी मामले में एक अपीलार्थी के द्वारा न्यायालय में फर्जी हस्ताक्षर एवं झूठे शपथ पत्र पेश का मामला सामने आया है। जिसपर सुनवाई करते हुए गोरखपुर एसडीएम कोर्ट पूरे मामले की जांच गोरखपुर पुलिस को प्रेषित की है। दरअसल अपीलार्थी मयंक पटेल की ओर से अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार गोरखपुर के राजस्व प्र.क्र 177/21-6/2020-24 आदेश दिनांक 06 अगस्त 2020 से व्यथित होकर अपील प्रस्तुत की गई है उक्त अपील के आवेदन में अपीलार्थी के अधिवक्ता योगेन्द्र सिंह गोलन्दाज के हस्ताक्षर हैं तथा तत्संबंध में वकालतनासा प्रकरण में प्रस्तुत है। प्रकरण में निरंतर दिनांक 16 मई 2025 अनुपस्थित रहने पर अनुपस्थिति में खारिज किया गया था। उक्त अपील में अपीलार्थी गढ़ों की ओर से दिनांक 30 मई 2025 को अधिवक्ता मनोज परते द्वारा हस्ताक्षरित अपील को पुनः स्थापित करने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया गया है आवेदन के वकालतनामा में राजीव गुप्ता, गुलाम जोस, मनोज परते एवं रितेश दुबे अधिवम्ता का नाम अंकित है एवं दिनांक 05 जून 2025 की आदेश पत्रिका में हस्ताक्षर अधिवक्ता राजीव गुप्ता के हस्ताक्षर हैं। प्रकरण में दिनांक 11 दिसंबर 2025 को अधिवक्तामनोज परते द्वारा हस्ताक्षरित अपील वापस लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जबकि दिनांक 20 दिसंबर। 2025 को अपीलार्थी द्वारा स्वयं उपस्थित होकर उपरोक्त आवेदन अपीलार्थी की ओर प्रस्तुत न होना लेख करते हुए अपील के संबंध अग्रिम कार्यवाही किए जाने हेतु प्रस्तुत किया। प्रकरण में अधिवक्ताद्वारा पृथक-पृथक आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि इस प्रकरण के प्रस्तुत अपील आवेदन के वकालतनामा में उनके द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गए साथ संलग्न आवे वकालतनामा अतः तत्संबंध में कानून एवं दंडिक कारवाई करने की कृपा करें। प्रकरण के अवलोकन में पाया गया की अधिवक्ता गढ़ों के आदेश पत्रिका में विभिन्न तिथियों में हस्ताक्षर किए गए है,उम्त शिकायत पुलिस जांच का विषय है जिसके संबंध मे थाना गोरखपुर का पृथक से पत्र प्रेषित किया जाए।



## शराब दुकान के सामने धरने पर बैठे शिव सैनिक

**जबलपुर ।** धनवंतरी नगर चौराहे पर शिवसेना द्वारा प्रदर्शन कर शराब दुकान के समक्ष एक सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया गया। शिवसेना के जिला प्रमुख शैलू (सुजीत) पटेल के नेतृत्व में हुए इस धरना प्रदर्शन के दौरान शिवसेना के राज्य उप प्रमुख शैलेंद्र बारी ने बताया की धनवंतरी नगर शराब दुकान का खुलने का एवं बंद होने का कोई निश्चित समय नहीं है. यहां पर 24 घंटे शराब मिलती है एवं आहता बंद होने के बाद भी दुकान के आस-पास ही खुले में शराब पिलाई जा रही है। इस दौरान संजीवनी नगर थाना प्रभारी को जिला प्रमुख द्वारा कुछ वीडियो भी दिखाए गए जिसे देखकर थाना प्रभारी द्वारा दुकान संचालक के प्रति नाराजगी जताई गई और दुकान संचालक को कड़ी चेतावनी दी गयी की अगर आबकारी नीति का पालन नहीं किया गया तो सख्त कार्यवाही की जायेगी।

### शराब के लिये रुपये न देने पर युवक से मारपीट

**जबलपुर ।** सिहोरा थाना क्षेत्र में एक असमाजिक तत्व ने शराब के लिये रुपयों की मांग करते हुए एक युवक के साथ जमकर मारपीट की। आरोपी ने हाथ मुक्कों के अलावा पत्थर से हमला कर युवक को लहूलुहान कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि नई कन्या शाला के समीप रहने वाला 24 वर्षीय हर्षित शुक्ला सेवराम की होटल में काम करता है। बीती रात करीब सवा दस बजे वह होटल से काम कर वापस अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह पोस्ट ऑफिस तिराहा के पास पहुंचा, उसी समय लखराम मोहल्ला निवासी जतिन कुशवाहा मिला और उससे शराब पीने के लिये पांच सौ रुपयों की मांग करने लगा था।

## फ्रेट लोडिंग से पमरे ने कमाया अरबों का राजस्व

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल ने महाप्रबंधक के मार्गदर्शन और निरंतर मॉनिटरिंग के फलस्वरूप वित्तीय वर्ष 2025-26 में माल लदान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वाणिज्य और परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मंडलों में कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए किए गए निरंतर प्रयासों के सुखद परिणाम सामने आए हैं। पश्चिम मध्य रेलवे ने इस अवधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गुड्स ट्रैफिक से कुल 58.07 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की है, जिससे रेलवे को 6079 करोड़ 50 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।वित्तीय वर्ष 2024-25 की समान अवधि से तुलना की जाए, तो पश्चिम मध्य रेल ने गुड्स ट्रैफिक में 10 प्रतिशत और रेल राजस्व में 15 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है। माल लदान की विभिन्न श्रेणियों में रेलवे ने उल्लेखनीय सुधार किया है, जिसमें क्लिंकर और खाद्यान्न (फूडग्रेन) का प्रदर्शन सबसे अग्रणी रहा है। विभिन्न कमोडिटी के आंकड़ों पर नज़र डालें तो क्लिंकर लदान में रेलवे ने 30.43 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दर्ज की है। इस वर्ष 11.09 मिलियन टन क्लिंकर का लदान किया गया, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 08.51 मिलियन टन था। इसी प्रकार, खाद्यान्न के क्षेत्र में भी रेलवे ने शानदार प्रगति की है। पिछले वर्ष के 03.66 मिलियन टन की तुलना में इस वर्ष 04.65 मिलियन टन लदान हुआ, जो कि 27.02 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

### गांजे के कारोबार से जुड़ा आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर पुलिस ने ग्राम लीटी उमरिया में एक आरोपी को गांजे का कारोबार करते हुए रंगे हाथ दबोचा है। पुलिस ने आरोपी राहुल कुशवाहा पिता फूलचंद कुश्वाहा उम्र 26 वर्ष निवासी शिवाजी वार्ड पनागर के पास से गांजे की सात पुड़िया बरामद की है। जो कि तौल करने पर 21 ग्राम 63 मिलीग्राम गांजा होना पाया गया। उक्त गांजा के संबंध में पूछताछ करने पर गांजा की पुड़िया इंदल सिंह राजपूत निवासी निरंदपुर से खरीदकर बेचने के उद्देश्य से लाना बताया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए इंदल सिंह की गिरफ्तारी के प्रयास शुरु कर दिये है।

## नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार और साहित्यकार मोहन शशि

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



संस्कारधानी के वरिष्ठ पत्रकार, साहित्यकार और समाजसेवी मोहन शशि का 89 वर्ष की आयु में लंबे समय तक अस्वस्थ चलने के बाद 14 अप्रैल मंगलवार को निधन हो गया है। उनके निधन से संस्कारधानी के पत्रकारिता जगत और सामाजिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई । उन्हें जबलपुर की पत्रकारिता का एक मजबूत स्तंभ माना जाता है। उन्होंने निष्पक्ष पत्रकारिता के उच्च कीर्तिमान स्थापित किए एक प्रखर लेखक और विचारक के रूप में उन्होंने न केवल जनहित के बड़े मुद्दों को पुरजोर तरीके से उठाया, बल्कि शहर के विकास और सांस्कृतिक उत्थान में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनकी लेखनी में धार के साथ-साथ समाज के प्रति गहरी संवेदना भी झलकती थी।

उनकी अंतिम यात्रा निजी निवास, शांति नगर दमोहनाका से प्रारंभ होकर रानीताल मुक्तिधाम में सम्पन हुई । उनके निधन को पत्रकारिता के एक युग का अंत माना जा रहा है। स्थानीय पत्रकारों, साहित्यकारों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके कार्यों को सदैव स्मरणीय बताया है। शोक संतप्त परिवार के प्रति शहर के विभिन्न संगठनों ने अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# आचरण में सात्विकता ही संत की असली पहचान

### राष्ट्रीय हिंदू स्वाभिमान मंच द्वारा मानस भवन कार्यक्रम का आयोजन



**जबलपुर।** मानस भवन में मंगलवार शाम राष्ट्रीय हिंदू स्वाभिमान मंच द्वारा एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान की पोखर नगरी से पधारे महंत प्रताप पुरी महाराज ने संतों की सामाजिक और राष्ट्रीय भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। महंत प्रताप पुरी महाराज ने अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि संतों को धर्म का ठेकेदार बनने के बजाय उसका प्रचारक बनना चाहिए। उन्होंने कहा संत के आचरण में शुद्धता और सात्विकता अनिवार्य है, क्योंकि समाज उनका अनुसरण करता है। राजनीति में संतों की भागीदारी पर उन्होंने तर्क दिया कि यह राष्ट्रहित और समाज कल्याण के लिए आवश्यक है, न कि व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए।

### राष्ट्रहित ही सबसे बड़ा धर्म

कार्यक्रम में उपस्थित आचार्य राघवेंद्र देवाचार्य ने सनातन परंपरा में संतों के ऐतिहासिक महत्व को रेखांकित किया। वहीं, पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने भी समाज को धर्म और राष्ट्र के प्रति सजग रहने का कड़ा संदेश दिया। मंच की संरक्षक माया जसवानी ने उपस्थित जनसमूह को देश के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पूजन के साथ हुआ। अंत में कार्यक्रम के संयोजक प्रवीण भारद्वाज ने सभी अतिथियों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में प्रबुद्ध नागरिक, पदाधिकारी और धर्मप्रेमी सदस्य उपस्थित रहे।



# डिजिटल दस्तक से बंधक जमीन गायब!


## किरनापुर तहसील की परत-दर-परत खुल रहीं राजस्व घोटाला

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

सरकारी सिस्टम पर भरोसा तब कमजोर पड़ने लगता है, जब उसी सिस्टम के जिम्मेदार लोग नियमों को मोड़कर निजी फायदे का रास्ता तलाशने लगते हैं। किरनापुर तहसील से सामने आया यह मामला महज एक तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि उस सोच का खतरनाक उदाहरण बनता जा रहा है, जहां डिजिटल प्लेटफार्म को भी मैनेज करने का जरिया बना लिया गया। बंधक जमीन का रिकॉर्ड अचानक गायब होना, बिना अनुमति बदलाव होना और फिर भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई का अभाव-ये सब मिलकर न केवल प्रशासन की साख पर सवाल खड़े करते हैं, बल्कि यह भी दर्शाते हैं कि अगर समय रहते सख्ती नहीं हुई, तो ऐसे मामले आम होते देर नहीं लगेगी। बालाघाट जिले की किरनापुर तहसील में वेब भू-अभिलेख प्रणाली के माध्यम से भूमि बंधक अभिलेखों में कथित हेराफेरी का मामला लगातार गंभीर रूप लेता जा रहा है।





जानकारी के अनुसार, सबसे पहले इस पूरे मामले को तत्कालीन नायब तहसीलदार कन्हैयालाल टेकाम द्वारा जिला प्रशासन एंव थाना प्रभारी किरनापुर से शिकायत की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कुछ खातेदारों की कृषि भूमि, जो बैंक से लिए गए ऋण के बदले बंधक थी, उसे बिना बैंक की अनापत्ति प्रमाण पत्र के ही ऑनलाइन अभिलेख से हटा दिया गया। यह आरोप अपने आप में बेहद गंभीर था, लेकिन इसके बाद जो तथ्य सामने आए, उन्होंने पूरे प्रकरण को और अधिक संदिग्ध बना दिया। मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया, जब तत्कालीन नायब तहसीलदार द्वारा स्वयं थाना स्तर पर लिखित शिकायत देकर संबंधित कर्मचारी रेखलाल बिसेन, खण्डलेखक के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई। शिकायत में स्पष्ट उल्लेख किया गया कि उन्हें भू-अभिलेख से संबंधित कार्यों के लिए जो अधिकार और जिम्मेदारी दी गई थी, उसका दुरुपयोग करते हुए कथित रूप से गुप्त कोड प्राप्त कर और शासकीय पहचान का इस्तेमाल कर अभिलेखों में फेरबदल किया गया।

**तहसील की जांच में यह बात आई सामने....**तहसील स्तर पर की गई जांच में सामने आया कि भूमि बंधक हटाने की निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया, बल्कि सीधे अभिलेख सुधार विकल्प का उपयोग करते हुए रिकॉर्ड में बदलाव किया गया। कई खसरा नंबरों की विवरणी में यह पाया गया कि तहसीलदार की पहचान से परिवर्तन किए गए, जबकि बैंक की ओर से किसी प्रकार की अनुमति या अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया था। सबसे चिंताजनक पहलू यह सामने आया कि जिन किसानों की जमीन बंधक से मुक्त दिखाई गईए उनमें से कई ने ऋण की अदायगी तक नहीं की थी। इसके बावजूद अभिलेखों में न केवल बंधक हटाया गया, बल्कि कुछ मामलों में उसी जमीन को अन्य बैंक में पुन: बंधक दर्ज किया जाना भी पाया गया। इससे यह स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि यह कोई साधारण त्रुटि नहीं, बल्कि एक सोची-समझी प्रक्रिया के तहत किया गया कार्य हो सकता है।

**खंडलेखक पर नायब तहसीलदार ने लगाए आरोप...**वहीं, नायब तहसीलदार द्वारा दिए गए शपथपूर्वक बयान में भी खण्डलेखक रेखलाल बिसेन पर सीधे तौर पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बयान में शासकीय पहचान और डिजिटल हस्ताक्षर का दुरुपयोग करते हुए अभिलेखों में हेरफेर किया गया और इस कार्य में अन्य लोगों की संलिप्तता से भी इनकार नहीं किया जा सकता। पूरा मामला अब केवल एक व्यक्ति तक सीमित नहीं माना जा रहा है, बल्कि इसमें एक बड़े नेटवर्क के सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है।

### इनका कहना है

मेरे द्वारा इस पुरे प्रकरण की शिकायत 19 सितंबर 2024 को श्रीमान कलेक्टर महोदय बालाघाट एंव श्रीमान थाना प्रभारी महोदय से की गईं थी किन्तु इस पुरे प्रकरण मे आगे क्या कार्यवाही हुई मुझे जानकारी नहीं है!

**के.एल. टेकाम तत्कालीन,**
**नायब तहसीलदार किरनापुर**

हमारे द्वारा उक्त मामले में प्रतिवेदन जिला कलेक्टर कार्यालय को भेज दिया गया है, आगे की कार्यवाही वहीं से होगी।

**आकाश अग्रवाल,एसडीएम, किरनापुर**

इस मामले की जानकारी मेरे संज्ञान में आई है, जांच उपरांत जो भी दोषी पाया जाएगा उस पर कार्यवाही की जाएगी।

**मृणाल मीना**
**कलेक्टर, बालाघाट**

## मानपुर में बड़ी ही धूमधाम से मनाई जाएगी भगवान परशुराम जयंती

मानपुर (स्वतंत्रमत)

नगर मुख्यालय की ऐतिहासिक धर्मस्थली पुरानी बाजार स्थित महाकाली मंदिर प्रांगण में श्री हरि अवतार भगवान परशुराम जी का जयंती समारोह आगामी अ अप्रैल को भव्यता पूर्वक मनाने को लेकर सर्व विप्र समाज की एक आवश्यक बैठक आहूत की -ई जिसमें बल्हौंड़ से बाबा रामसुमिरन, प्रशांत द्विवेदी, विनय-बिन्नू तिवारी, छपडौर से पंडित रामकिशोर चतुर्वेदी, प्रदीप कुमार तिवारी, एडवोकेट अरविन्द चतुर्वेदी, उत्तम तिवारी, बडखेरा से हरिहर चतुर्वेदी सहित मानपुर से ओमप्रकाश द्विवेदी ओपी भैय्या,पं.शारदा प्रसाद -ौतम,अरुण कुमार त्रिपाठी, अमरराम शुक्ल,लक्ष्मी नारायण,लक्ष्मी प्रसाद त्रिपाठी, शिवनारायण तिवारी,दिनेश प्रसाद -ौतम, संजय त्रिपाठी,श्रीप्रकाश त्रिपाठी,लखनलाल त्रिपाठी,आदित्य पांडे, कमलेश तिवारी,पं.अंबिका प्रसाद प्यासी,एडवोकेट कुशलेन्द्र तिवारी अनिरुद्ध मिश्र ,उदय -ौतम ,रामप्रकाश तिवारी, ब्रह्मभट्ट राजनारायण उर्फ पुच्चू आदि भारी तादाद में स्थानीय एवं क्षेत्रीय विप्रजन उपस्थित रहे। इस बैठक में -त वर्ष के कार्यक्रम की -हन समीक्षा उपरांत समाज की ओर से शव संरक्षण हेतु समाज की ओर से एक डीप फ्रीजर लेने की बात कही -ई साथ ही आ-ामी परशुराम जयंती समारोह अ् अप्रैल की रुपरेखा तैयार करते हुए दोपहर पूजन अर्चन उपरांत भव्य शोभायात्रा स्थानीय स्टेडियम से न-र भ्रमण हेतु निकाले जाने का निर्णय लिया -या। शोभा यात्रा के समापन उपरांत महा आरती और विशाल भंडारे का आयोजन किया जाना सुनिश्चित हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से भ-वान परशुराम जयंती समारोह आयोजन समिति का अध्यक्ष पंडित शिवनारायण तिवारी को चुना -या तथा वरिष्ठ विप्रजन को मा-र्दर्शन हेतु संरक्षण मंडल सदस्य मनोनीत किया -या और कार्यक्रम को -रीमामई बनाने का निर्णय लिया -या।

### नीति आयो-भारत सरकार प्रतिनिधि ने किया आकांक्षी विकासखंड मानपुर का भ्रमण

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - नीति आयो- भारत सरकार प्रतिनिधि सुश्री प्रज्ञा बाजपेयी ने अकांक्षी विकासखंड मानपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने आं-नवाड़ी केंद्र, प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र एवं जनपद कार्यालय का भ्रमण किया गया।

## बाबा साहब की जयंती पर भाजपा ने सफाई कर्मियों का किया सम्मान

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती अल अप्रैल को पूरे सामाजिक समरसता भाव के साथ मनाया -या। भाजपा के जिला महामंत्री दीपक छतवानी ने अपनी पूरी टीम के साथ सुबह क्ष बजे न-र के सफाई कर्मियों के बीच पहुंचकर उनका सम्मान किया है। भाजपा नेताओं ने पहले सफाई कर्मियों के बीच पहुंचकर उन्हें -मछा पहनाकर स्वा-त किया इसके बाद सफाई कर्मियों के साथ बैठकर भाजपा नेताओं ने एक साथ चल पहाड़ कर सामाजिक समरसता का संदेश दिया है। भाजपा नेताओं ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की सामाजिक भेदभाव और कुरीतियों को मिटाने की सोच और संदेश को आ-े बढ़ाते हुए सामाजिक समरसता का उदाहरण प्रस्तुत किया है। नेताओं ने सफाई कर्मियों के अलावा ऑटो रिक्शा चालकों को भी इस तपती धूप में बचाव के लिए -मछे भेंट किए हैं। इस दौरान जिला महामंत्री दीपक छतवानी के साथ न-र मंडल की टीम में मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह, महामंत्री सुनील खटीक, पार्षद श्रीमती सविता सोंधिया, भाजपा नेता विष्णु भारती, दीपक -ुप्ता,राजा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शासकीय आईटीआई उमरिया में रोजगार मेला

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिला रोज-ार अधिकारी ने बताया कि युवा सं-म रोज-ार मेले का आयोजन शासकीय आई टी आई उमरिया में अद्य अप्रैल किया -या है। युवा सं-म रोज-ार में विभिन्न कंपनियों व्दारा भा-लिया जाएगा।

## जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** संविधान के रचयिता भारत रत्न डॉ भीमराव आम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल मंगलवार को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसीलो व ग्रामीण अंचलों में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई । जहां जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन कर सामाजिक बंधुओं ने बाबासाहेब आंबेडकर को याद कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। डॉ बाबासाहेब आंबेडकर की 135वी जयंती पर नगर मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक बंधुओं द्वारा रैली निकालकर बाबासाहेब डॉ आंबेडकर का जयघोष किया। बाबासाहेब आबेडकर 135 वी जयंती पर नगर में बाबा साहेब आम्बेडकर के अनुयायियो ने सुबह आंबेडकर चौक पहुचकर बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष कैंडल जलाकर पुष्प अर्पित कर, शीश वंदन के साथ विशेष उपासना की। तो वही बौध्य अनुयायियों द्वारा जगह-जगह दिन भर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।इस दौरान विभिन्न वक्ताओं ने कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब आम्बेडकर को याद कर उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला, तो वहीं उन्होंने बाबासाहेब आम्बेडकर के किए गए संघर्षो का वर्णन करते हुए भारतीय संविधान का निर्माण, समाज सुधार के लिए किए गए कार्य सहित देशवासियों को दिए गए हक अधिकार के बारे में अवगत कराते हुए समाज संगठन को एक रूप कर डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के बताए हुए मार्ग पर चलने की बात कही। वही उपस्थित जन समूह ने डॉ बाबासाहेब आम्बेडकर का जय घोष किया गया तो वही प्रसाद वितरण सहित अन्य कार्यक्रम संपन्न कराए गए।



**भीम गीतों पर जमकर थिरके युवा**-11 से 14 अप्रैल तक आयोजित समानता पर्व के अंतिम दिन 14 अप्रैल को संविधान रचयिता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर की जयंती प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी, जिसके तहत दिनभर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। इस दौरान मंगलवार सुबह 9 बजे विभिन्न स्थानों से झांकिया व रैलियां स्थानीय अम्बेडकर चौक पहुंची। यहां पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, सामूहिक बुद्ध वंदना पूज्य भंते धम्मशिखर द्वारा की गई। इसके उपरांत आल इंडिया समता सैनिक एवं समता सैनिक दल द्वारा मार्चपास्ट कर ,सलामी दी गई।जिसके बाद विभिन्न वार्डो से आई झांकियो एवं रैली का स्वागत वंदन किया जाएगा और प्रात करीब 10 बजे बाबा साहेब आंबेडकर चौक से भव्य रैली नगर भ्रमण के लिए निकाली गई, जो नगर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए वापस डॉ. अंबेडकर चौक पहुची।तो वही नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में भोजनदान कार्यक्रम संपन्न कराया गया।वहीं 14 अप्रैल रात 9 बजे से नगर के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में मंचीय कार्यक्रम कराए गए। इसके उपरांत मिशनरी कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।जिसमें बालाघाट सहित विभिन्न जगहों से पधारे कवियो ने अपनी विभिन्न उमदा रचनाओं की प्रस्तुति दी। जिसका देर रात समापन किया गया।

**कटंगी में डॉ बाबा साहब की मनाई गई 135 जयंती**- कटंगी में बस स्टैंड के पास स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर सुबह से ही लगातार अनुयायियों ने पहुंचकर बाबा साहब को नमन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। सुबह 09 बजे से यह सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक जारी रहा। अंबेडकर अनुयायियों ने नगर में बाइक रैली भी निकाली। अंबेडकर अनुयाईयों के अलावा तमाम राजनीतिक दलों के नेता और समाजसेवियों के द्वारा भी अंबेडकर जी को याद किया गया। कांग्रेस नेता बोधसिंह भगत, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नीरज हीरावत, सुनीज जैन, पार्षद कपिल मेश्राम उपस्थित थे।

## क्षय रोग की जांच हेतु जेल में समस्त बंदियों के लिए एक्स-रे शिविर संपन्न



उमरिया (स्वतंत्रमत)।

जेल अधीक्षक डी0 के0 सारस ने बताया कि सम्‍ग्र परियोजना एलाइंस इंडिया एवं लेप्रा सोसायटी, भोपाल की संयुक्त टीप द्वारा सोमवार अग अप्रैल को जेल मुख्यालय भोपाल की स्वीकृति अनुसार जिला जेल उमरिया में परिरुध्द समस्त बंदियों का टी.बी. की जांच हेतु एक्स-रे किया -या। जांच शिविर में जेल के अधिकारी कर्मचारियों की भी जांच की -ई। शिविर में अक्ष्क्ष बंदियों की जांच करने पर 0ग बंदियों को चिन्हित कर पृथक से जिला अस्पताल उमरिया से बल-म की जांच के लिए अव-त कराया -या। जेल चिकित्सक द्वारा कार्यवाही की जा रही है। बंदियों के अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुभकामनाएं दी -ई। इस विशेष शिविर के अवसर पर जेल अधीक्षक डी.के. सारस, जेल चिकित्सक डॉ. एस.के. जैन तथा मेलनर्स कनिका रामपाल एवं प्रिजन प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर नीतेश लखेरा, रेडियो्ग्राफर इरफान बशीर, अंकित -ुप्ता उपस्थित रहे। समस्त बंदियों को एक्स-रे के लिए ड्यूटीरत प्रमुख मुख्य प्रहरी एवं प्रहरी तथा जेलर ध् उप अधीक्षक- माखन सिंह मार्को द्वारा बंदियों को अनुशासित रखा गया।



## खड़े ट्रक से ऑटो टकराया छह लोग घायल, इलाज जारी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)** - जिला अंत-र्त ्ग्राम भरौला स्थित मिर्च मसाला ढाबा के समीप सड़क हादसा होने का समाचार प्राप्त हुआ है। जानकारी अनुसार ढाबा के पास एक खड़े ट्रक से ऑटो टकरा -या जिससे क्ष लो- -ंभीर रूप से घायल हो -ए। सूत्रों के अनुसार कटनी से ऑटो में सवार होकर एक शादी समारोह में शामिल होने पाली (शहडोल) जा रहे थे। वहीं भरौला के पास खड़े ट्रक से ऑटो पीछे से जा टकराया। इस भीषण दुर्घटना में ऑटो में सवार क्ष लो- -ंभीर रूप से घायल हो -ए, जिनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। हादसे में सभी घायलों को हाथ, पैर और सिर में -ंभीर चोटें आई हैं। घटना की सूचना मिलते ही सतेंद्र वर्मा जी के निर्देशन में तत्काल अ0द्व एम्बुलेंस की ग -ाड़ियां मौके पर भेजी -ई। सभी घायलों को तुरंत जिला अस्पताल उमरिया में भर्ती कराया -या जहां उनका इलाज जारी है। ऑटो में सवार हिमांशी (पति दिनेश), उम्र ू वर्ष, -ौरी बाई (पति मुन्नू चौधरी), उम्र ग्र वर्ष,मोनू चौधरी (पिता सुशील चौधरी), उम्र अक्ष वर्ष,आकाश चौधरी (पिता दिनेश चौधरी), उम्र ू वर्ष,राजा चौधरी (पिता ओमप्रकाश) है।

## एनटीपीसी विंध्याचल में डॉ बीआर अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती पर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा डॉ बी आर अम्बेडकर जी की 135वीं जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल)श्री संजीब कुमार साहा ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिकारीगण श्री ए के राजकुमार (महाप्रबंधक, प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री एम सुरेश (महाप्रबंधक, मेंटेनेंस एवं एडीएम), डॉ. बी के भराली (महाप्रबंधक, चिकित्सा), श्री देबब्रत त्रिपाठी (महाप्रबंधक, तकनीकी सेवाएं एवं परियोजना) एवं श्रीमती रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) सहित विभिन्न विभागाध्यक्षों,



यूनियन एवं एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी की सहभागिता ने उनके प्रति सामूहिक सम्मान एवं आदर को दर्शाया।

कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 500 प्रतिभागियों की एक भव्य एवं उत्साहपूर्ण रैली का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों, उनके परिजनों, विद्यालयों के प्राचार्यों, शिक्षकों, यूनियन प्रतिनिधियों एवं लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। डॉ अम्बेडकर के जीवन एवं आदर्शों को दर्शाती विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत आकर्षक झांकियों ने रैली को और अधिक जीवंत बना दिया। न्याय, समानता एवं सशक्तिकरण के नारों से पूरा विंध्याचल टाउनशिप गुंजायमान हो उठा, जिसने नई पीढ़ी के बीच बाबा साहेब के विचारों की प्रासंगिकता को सुदृढ़ किया।

## एनसीएल परिवार ने जयंती अवसर पर भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया श्रद्धापूर्वक नमन




सिंगरौली।

मंगलवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर स्वतंत्र भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब को एनसीएल परिवार द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी) श्री आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अजय कुमार जायसवाल, कंपनी जेसीसी सदस्य-सीएमएस से श्री अजय कुमार, बीएमएस से श्री अशोक कुमार मिश्र, आरसीएसएस से श्री लाल पुष्पराज सिंह, एचएमएस से श्री अशोक पांडे तथा सीएमओएआई के प्रतिनिधि श्री सर्वेश सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षों के साथ बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए और बाबा साहेब को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर उपस्थित सभी ने बाबा साहेब द्वारा प्रतिपादित समता, न्याय और समानता के मूल्यों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया।

एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों में भी भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई तथा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया गया।


## कार्यालय नगर परिषद मानपुर जिला - उमरिया (म.प्र.)

Email-cmomanpur.uma@mpurban.gov.in

क्र./ 75 /न.परि./रा./कर/2026

मानपुर, दिनांक 09/04/2026

### सार्वजनिक सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, निकाय क्षेत्रांतर्गत परिषद की पूर्व बैठक में सम्पत्तिकर प्रभावशील किये जाने के लिए सम्पत्तिकर की दरों को पूर्व में वर्ग मीटर में किये जाने का निर्णय पारित किया गया था, शासन द्वारा अधिकृत जीआईएस कम्पनी द्वारा निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्र. 01 से 15 तक सम्पत्ति का सर्वेक्षण वर्ग फिट में किया गया है जिसके कारण पूर्व दर वर्ग मीटर एवं वर्तमान क्षेत्रफल वर्ग फिट में होने के कारण सम्पत्तिकर निर्धारण में विसंगति उत्पन्न हुई है जिसके सुधार हेतु परिषर के बैठक संकल्प क्रमांक 352 दिनांक 25/02/2026 में लिए गये निर्णय अनुसार पूर्व परिषद प्रस्ताव की दरों में संशोधन करते हुए वर्ग मीटर की दर को वर्ग फिट में परिवर्तित किया जाकर सम्पत्तिकर वर्ष 2020-21 से प्रभावशील किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से पारित किया गया है, कर योग्य सम्पत्ति का मूल्य की दरों का निर्धारण के संबंध में संसोधित दरों का विवरण निम्नानुसार हैः-

| क्र . | कर योग्य सम्पत्ति का मूल्य | दर |
|---|---|---|
| 1 | रूपये 4800/- तक | कुछ नहीं (कर मुक्त) |
| 2 | रूपये 4801/से 15000/- तक | 6% प्रतिशत |
| 3 | रूपये 15001 से 20000/- तक | 7% प्रतिशत |
| 4 | रूपये 20001/ से अधिक | 8% प्रतिशत |

प्रभावशील दर

| क्र. | जोन निर्माण | व्यवसायिक वा औद्योगिक क्षेत्र (प्रति व.फी. की दर) | | | आवासीय (प्रति व.फी. की दर) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मु.बा. | मु.स. | अन्य | मु.बा. | मु.स. | अन्य |
| परिक्षेत्र क्र. जोन-01, वार्ड क्र. -05, 06, 07, 08, 09 | भवन एवं भूमि RCC युक्त छत | 21 रू. | 20 रू. | 18 रू. | 17 रू. | 14 रू. | 10 |
| | लाहे को चादर युक्त छत | 18 रू. | 16 रू. | 14 रू. | 11 रु. | 09रु. | 05रु. |
| | अन्य आंशिक पक्के कच्चे | 14 रू. | 11 रू. | 09. | 07 रू. | 06 रु | 03 रु. |
| | भूमि | 04 रु | 02 | 02 रू. | 02 रू. | 02 रु | 02 रू. |
| परिक्षेत्र क्र. जोन-02 वार्ड क्र. 10,11 | RCC युक्त छत | 18 रु | 16 रु | 14 रू. | 11 रु | 09 रु. | 06 रू. |
| | लोहे की चादर युक्त छत | 14 रु | 11 रु. | 09 रु. | 07 रू. | 06 रु. | 04 रु |
| | अन्य आंशिक पक्के कच्चे | 11 रु | 09 रु. | 07 रू. | 06 रु. | 05रु. | 03रु. |
| | भूमि | 03 रु | 02रु | 02 रू. | 02 रू. | 02 रु | 01 रु |
| परिक्षेत्र क्र. जोन 03 वार्ड क्र -01, 02, 03, 04, 12, 13, 14, 15 | RCC युक्त छरा | 14 रु | 11 रु | 09 | 07 ? | 06 | 04 ? |
| | लोहे की चादर युक्त छत | 11 रु | 09रु | 07 | 06 रु. | 05रु | 03? |
| | अन्य आंशिक पक्के कच्चे | 09 रु. | 07 रू. | 06 रु | 05 रु. | 04 रू. | 02 रु. |
| | भूमि | 02 रु | 02 रू. | 02 रु | 02. | 02 रु | 01 रु. |

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर परिषद मानपुर**
**जिला उमरिया (म.प्र.)**

## सत्यापन न कराने मालिक पर कार्यवाही

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देशन में जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सतत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा किरायेदार सत्यापन नियमों का उल्लंघन करने वाले मकान मालिक के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की गई है। आईपीएल सट्टा प्रकरण की विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि कटरा स्थित मकान के मालिक अजय चौरसिया उम्र 73 वर्ष निवासी तिलक वार्ड द्वारा अपना मकान 11 मार्च से किराये पर दिया गया था किन्तु उनके द्वारा किरायेदारों की जानकारी एवं पहचान संबंधी विवरण संबंधित थाना चौकी में प्रस्तुत नहीं किया गया उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार किरायेदारों का चरित्र सत्यापन कराना अनिवार्य है। आदेश प्रभावशील होने के बावजूद उक्त मकान मालिक द्वारा नियमों की अवहेलना की गई उक्त कृत्य के संबंध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अजय चौरसिया के विरुद्ध धारा 223 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की जाती है कि वे किरायेदार सत्यापन नियमों का पालन कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

## वन्यजीवों की गतिविधियों पर निर्देश

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से वन विभाग द्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव मध्यप्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत मुख्य वन संरक्षक मध्य वनवृत्त जबलपुर के मार्गदर्शन में वनमंडल कार्यालय परिसर में यह बैठक संपन्न हुई बैठक में वनमंडलाधिकारी पश्चिम सामान्य वनमंडल के निर्देशन में वन परिक्षेत्र कालपी, महाराजपुर, बम्हनी, बीजाडांडी सहित संबंधित परिक्षेत्र सहायक, बीट प्रभारी, वन समितियों के अध्यक्ष-सदस्य और वन सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे बैठक के दौरान बाघ, तेंदुआ, हाथी और भालू जैसे वन्यजीवों की गतिविधियों वाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। लघु वनोपज एमएफपी संग्रहण के दौरान समूह बनाकर जाने, अपने साथ डंडा, मोबाइल, टॉर्च और पानी रखने की सलाह दी गई साथ ही अंधेरे में जंगल में प्रवेश न करने और छोटे बच्चों को साथ न ले जाने की हिदायत दी गई।

## संत शिरोमणि जयंती पर कार्यक्रम

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** संत शिरोमणि सेन की जन्म जयंती बड़े धूमधाम से पिंडरई सेन समाज के द्वारा मनाई गई यहां बजरंग चौक पर एकत्रित होकर भगवान शिरोमणि सेन महाराज के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण पूजन अर्चन प्रसादी वितरण एवं वीर हनुमान को चोला चढ़ाते हुए सुंदरकांड का आयोजन एवं बजरंग चौक में भोजन प्रसादी भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समाज के वरिष्ठ जनों का सम्मान एवं बाल प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिसमें मुख्य रूप से वरिष्ठ जन गोविंद श्रीवास एसएल सेन, सुधीर सेन अध्यक्ष, गणेश श्रीवास, अशोक श्रीवास, धर्मेंद्र श्रीवास, सक्षम श्रीवास, आशु श्रीवास, राहुल सेन, रोहित सेन, शिवम सेन, बैजू सेन, आशुतोष श्रीवास, राजेश श्रीवास, सुमित श्रीवास, बसु श्रीवास लाली श्रीवास पहलाद सेन कुंदन सेन ग्राम के वरिष्ठ नागरिक देवदत्त झरिया नगर के उपसरपंच जितेंद्र राजपूत हनी जैन सेन समाज की महिलाओं न अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

## सूने मकान में लगी आग

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।** जिले के बिछिया क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 12 में उस समय हड़कंप मच गया जब एक सूने मकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि देखते ही देखते पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया और अंदर रखा गृहस्थी का सामान धू-धूकर जलकर पूरी तरह खाक हो गया। मकान मालिक पेशे से सब्जी व्यापारी है और घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था।

# कृषि विभाग सहायक संचालक पर सरकारी धन के कथित दुरूपयोग के लगे आरोप, योजनाओं में लापरवाही और भ्रष्टाचार का फैलाया जाल

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**







जिले में कृषि विभाग से जुड़ा एक गंभीर भ्रष्टाचार मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। किसानों के नाम पर चल रही योजनाओं में अनियमितताओं और सरकारी धन के कथित दुरुपयोग के आरोपों ने प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। यह मामला केवल एक अधिकारी तक सीमित नहीं दिखता बल्कि यह पूरे सिस्टम की कार्यप्रणाली और निगरानी तंत्र की कमजोरी को भी उजागर करता है प्राप्त जानकारी के अनुसार देवेन्द्र कुमार बारस्कर जो कि संविदा नियुक्ति पर तकनीकि सहायक के रूप में पदस्थ रहते हुए विभागीय योजनाओं में प्रशिक्षण एवं भ्रमण के नाम पर व्यापक भ्रष्टाचार किया है। जिसके चलते इनका स्थानांतरण उमरिया जिले में किया जा चुका था लेकिन अब तक इन्हें रिलीव नही किया गया है। 2020 से आज दिनांक तक लगातार पदस्थ हैं। वर्ष 2012 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत संविदा नियुक्ति पर तकनीकी सहायक के रूप में कार्यरत थे पर उस समय भी विभागीय योजनाओं में भारी अनियमितताओं के आरोप लगे थे। आरोप यह था कि उन्होंने किसानों के प्रशिक्षण और भ्रमण के नाम पर बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया। उस समय इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका स्थानांतरण जिले से दूसरे जिले के लिए कर दिया गया था हालांकि सवाल यह उठता है कि जिन पर पहले से गंभीर आरोप लगे हों उन्हें दोबारा उसी जिले में महत्वपूर्ण पद पर कैसे पदस्थ किया गया। जानकारी के अनुसार सहायक संचालक कृषि के पद पर नियुक्ति के बाद वर्ष 2020 से पुनः मंडला जिले में उनकी पदस्थापना कर दी गई। इसके बाद से ही एक बार फिर वही पुरानी कार्यशैली सामने आने लगी जिससे किसानों और विभागीय कर्मचारियों के बीच असंतोष का माहौल बन गया है स्थानीय सूत्रों और शिकायतकर्ताओं का कहना है कि अधिकारी द्वारा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं में व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। विशेष रूप से किसान प्रशिक्षण कृषक भ्रमण और गुणवत्ता नियंत्रण जैसे कार्यक्रमों में गड़बड़ियों की बात सामने आई है। आरोप है कि किसानों के नाम पर कागजों में प्रशिक्षण दिखाया जाता है जबकि वास्तविकता में या तो प्रशिक्षण होता ही नहीं या बेहद औपचारिक रूप से निपटा दिया जाता है इसके अलावा कृषक भ्रमण योजनाओं में भी फर्जीवाड़े के आरोप लगे हैं। कई मामलों में ऐसे किसानों के नाम पर भ्रमण दिखाया गया जो कभी उस कार्यक्रम का हिस्सा ही नहीं बने। इतना ही नहीं विभागीय योजनाओं के तहत दुकानदारों से मिलीभगत कर मोटी रकम वसूले जाने की भी बात कही जा रही है। यह आरोप बेहद गंभीर हैं क्योंकि यह सीधे तौर पर सरकारी योजनाओं के उद्देश्य को विफल करते हैं एक और चौंकाने वाला पहलू यह सामने आया है कि विभागीय मदों के नाम पर अग्रिम राशि आहरित की जाती है और बाद में फर्जी बिल एवं वाउचर तैयार कर उस राशि का समायोजन कर दिया जाता है। इस प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी धन का गबन किया जाना बताया जा रहा है। यदि यह आरोप सही साबित होते हैं तो यह केवल वित्तीय अनियमितता नहीं बल्कि आपराधिक कृत्य की श्रेणी में आएगा किसानों का कहना है कि जिन योजनाओं के माध्यम से उन्हें तकनीकी सहायता प्रशिक्षण और संसाधन मिलने चाहिए थे वे योजनाएं केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई हैं। इससे न केवल किसानों को नुकसान हो रहा है बल्कि कृषि उत्पादन और गुणवत्ता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। किसान यह भी आरोप लगा रहे हैं कि शिकायत करने पर उन्हें नजर अंदाज किया जाता है या दबाव बनाया जाता है। इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल प्रशासनिक जवाबदेही का है। यदि किसी अधिकारी के खिलाफ पहले भी शिकायतें और कार्रवाई हो चुकी है तो उसे दोबारा उसी स्थान पर जिम्मेदारी देना क्या उचित है? क्या यह सिस्टम की विफलता नहीं है कि ऐसे मामलों में ठोस निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित नहीं की जा सकी? स्थानीय सामाजिक संगठनों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष और सूक्ष्म जांच कराई जाए। उनका कहना है कि केवल औपचारिक जांच से काम नहीं चलेगा बल्कि हर उस योजना की गहराई से पड़ताल की जानी चाहिए जिसमें अनियमितता की आशंका है। साथ ही दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए विशेषज्ञों का मानना है कि कृषि विभाग जैसी संवेदनशील इकाई में पारदर्शिता और जवाबदेही अत्यंत आवश्यक है। यदि यहां भ्रष्टाचार पनपता है तो इसका सीधा असर देश की खाद्य सुरक्षा और किसानों की आजीविका पर पड़ता है। इसलिए इस तरह के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जानी चाहिए इस घटना ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि क्या सरकारी योजनाएं वास्तव में अपने लक्षित वर्ग तक पहुंच पा रही हैं या बीच में ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जा रही हैं। यदि समय रहते इस पर कठोर कदम नहीं उठाए गए तो यह प्रवृत्ति और भी खतरनाक रूप ले सकती है प्रशासन के लिए यह एक परीक्षा की घड़ी है। यदि वह इस मामले में निष्पक्षता और सख्ती दिखाता है तो इससे जनता का विश्वास मजबूत होगा।

अन्यथा यह संदेश जाएगा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई केवल कागजी औपचारिकता बनकर रह गई है यह आवश्यक है कि किसान कल्याण और कृषि विकास से जुड़ी योजनाओं को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ लागू किया जाए। इसके लिए न केवल अधिकारियों की जवाबदेही तय करनी होगी, बल्कि एक मजबूत निगरानी तंत्र भी विकसित करना होगा, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# नामचीन हस्तियों की शिरकत से बढ़ी शोभा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**



निवास मुख्यालय स्थित रोहित पैलेस में समारोह का आयोजन किया गया जहां शिवाय का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया इस मांगलिक अवसर पर राजनीति कला और सोशल मीडिया जगत की नामचीन हस्तियों ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई समारोह का मुख्य आकर्षण माई की सेवा दिल से कर नर्मदे हर जीवन भर के सुप्रसिद्ध गायक अविनाश झंकार रहे जिन्होंने अपनी मधुर आवाज से कार्यक्रम में समां बांध दिया। उनकी प्रस्तुतियों पर मेहमान देर रात तक झूमते नजर आए वहीं जबलपुर की शान और मशहूर कॉमेडी ब्लॉगर पंकज तिवारी ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए मनोरंजन की कमान संगम म्यूजिक ग्रुप के संचालक फारुख जादूगर और उनकी टीम ने संभाली जिनकी कलाकारी ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया बालक शिवाय को आशीर्वाद देने के लिए क्षेत्रीय विधायक चैनसिंह वरकड़े, पूर्व विधायक रामप्यारे कुलस्ते और जबलपुर जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष संजय पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉक्टर विजय सरवटे,भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश जैन, शरद केशरवानी, राकेश रजक, यतीन्द्र मोहन विश्वकर्मा,आकाश पांडे, सौरभ धर, अंकित यादव, अभिषेक ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

डिजिटल दुनिया के चर्चित चेहरे जैसे मंडला गॉट टैलेंट की विनर जोशनी वरकड़े मिस्टर मंडला वाले दीपक पटेल, सोशल मीडिया क्रिएटर रितु सिसोदिया, माही मार्को, नितिन देव चौहान, गायक अभिषेक अग्निहोत्री और शिव उइके ने भी समारोह में पहुंचकर खुशियों को साझा किया।



## अल्पसंख्यक के अध्यक्ष बनें कुरैशी

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अब्दुल गफ्फार कुरैशी को गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर कमलेश तेकाम की अनुशंसा एवं जिला अध्यक्ष डॉ. प्रमोद नरेती की सहमति से की गई है। पार्टी कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने श्री कुरैशी को बधाईयां दी है। संगठन से जुड़े लोगों का कहना है कि अब्दुल गफ्फार कुरैशी लंबे समय से पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं तथा संगठन को मजबूत बनाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है पार्टी पदाधिकारियों का मानना है कि उनकी सक्रियता संगठनात्मक क्षमता और जनसंपर्क कौशल के चलते अल्प संख्यक मोर्चा को नई दिशा और ऊर्जा मिलेगी। अल्पसंख्यक समाज में पार्टी की पकड़ और भी सुदृढ़ होगी इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि संगठन लगातार विस्तार की ओर अग्रसर है और नई जिम्मेदारियों के साथ युवा एवं समर्पित नेतृत्व को आगे बढ़ाया जा रहा है।

## कलेक्टर ने ली संचालकों की बैठक

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिले की गैस वितरक एजेंसियों के संचालकों की बैठक ली। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने सभी गैस वितरकों से परिचय लेते हुए वर्तमान गैस सिलेंडर सप्लाई की जानकारी ली। बैठक में एचपी गैस के 12, इण्डेन के 05 तथा भारत गैस के 01 वितरक शामिल हुए। मण्डला गैस कंपनी के संचालक मधुर अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी से ही सामान्य दैनिक मांग को आधार मानकर लगभग 80 प्रतिशत सिलेंडर प्रदाय किये जा रहे हैं जबकि वर्तमान समय में डिमांड में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में बुकिंग के तीन से 10 दिनों के भीतर उपभोक्ताओं को सिलेंडर सप्लाई किये जा रहे हैं। एक अन्य वितरक कन्हैया मूलचंदानी ने बताया कि आपात स्थिति में यदि एकल टंकी कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को अधिक आवश्यकता होती है तो तात्कालिक तौर पर लोगों को 5 किलोग्राम के एफटीएल सिलेंडर उपलब्ध कराकर समस्या का समाधान किया जा रहा है। कलेक्टर ने बैठक में गैस वितरकों के द्वारा बरती जा रही सावधानी पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि खाड़ी क्षेत्र में उत्पन्न युद्ध के हालात के कारण यह स्थिति है।

# समाज में न्याय के लिए किया गया बाबा साहब का संघर्ष सदैव अमर है

### अम्बेडकर जयंती पर निकली बाबा साहेब की शोभायात्रा

**नैनपुर( स्वतंत्र मत)।** संबिधान निर्माता डॉक्टर भीमराव बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती उत्साह और उल्लास के साथ मनाई गई। बाबा साहेब की जयंती के मौके पर नैनपुर में उनके अनुयायियों द्वारा एक भव्य रैली निकाली गई। यह रैली नगर के तलाबटोला स्थित बौध्द बिहार से शुरू हुई। जो नगर भ्रमण करती हुई मुख्य मार्ग स्थित अम्बेडकर जी की



प्रतिमा स्थल पहुची। जहाँ उनके अनुयायियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका नमन स्तवन किया। इस अवसर पर सामूहिक त्रि-शरण पंचशील का वाचन के साथ प्रबुद्ध सामाजिक विचारको द्वारा उद्बोधन किया गया। अभाव में जीते हुए समाज में न्याय और अधिकारों के लिए कार्य करने वाले बाबा साहेब के विचारो और महान कार्यो को याद किया गया। वक्ताओं ने बताया कि किस तरह खुद कई बार अन्याय का शिकार होकर बाबा साहब ने भारतीय समाज के लिए कई आदर्श स्थापित किए हैं।

तत्पश्चात प्रतिमा स्थल से विशाल रैली वापस बौद्ध बिहार पहुंची। जहां विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। वही मुख्य मार्ग स्थित बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थल पहुंचकर अन्य समाज और राजनैतिक लोगो ने भी माल्यार्पण कर उनके आदर्शों और समाज के उत्थान के लिए किए गये संघर्षो को याद किया। उनके विचारों का अनुसरण कर बताये गये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# बाबा साहब की जन्मजयंती पर कार्यक्रम

**मण्डला/नारायणगंज (स्वतंत्रमत)।**





विकासखंड मुख्यालय अंतर्गत पुरखा भूमि सेवा समिति के तत्वाधान में स्थान पुरखा भूमि कुम्हा सरहद चीरि में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जन्म जयंती के अवसर पर विशेष मांदी संगोष्ठी बैठक आयोजित की गई है। जिसमे सभी क्षेत्रीय जन उपस्थित हुए। सर्वप्रथम बाबा साहब अंबेडकर के तैल्यचित्र में हल्दी चावल से तिलक वंदन कर करते हुए गोंडवाना साम्राज्य के पुरखों के तैल्यचित्र में हल्दी चावल से तिलक वंदन किया गया। पश्चात महत्वपूर्ण मांदी में चर्चा परिचर्चा करते हुए सामाजिक बुद्धिजीवियों द्वारा समाजहित में बाबा साहब अंबेडकर के महान योगदान पर विस्तृत चर्चा करते हुए अपने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही युवाओ से अपील है कि अपने गांव में घर घर डॉ. अम्बेडकर के विचारों व आगामी होने वाले जनगणना में हमारी भूमिका को सुनिश्चित करने जन मानस को जागरूक करें। इस दौरान इंजी. भूपेंद्र वरकडे सदस्य जिला पंचायत, ताहर सिंह मरावी पूर्व सरपंच, खुमान सिंह मरावी, भोपत मार्को, मान सिंह मरावी, धन्नी परस्ते, यशवंत सैयाम, दीपक मरावी, दिलीप मरावी, सुनील वरकडे, शंकर तेकाम, भारत मरावी, सियाराम वरकडे, पन्नालाल कुलस्ते, तेज लाल मरावी, भोलाराम, चुरामन मरावी, ख्लान मार्को, राकेश कुलस्ते, पहल कुशराम, रवि मरावी सहित सामाजिक जन उपस्थित रहे।

### डॉ. अंबेडकर की जयंती पर माल्यार्पण

संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा श्रद्धा और सम्मान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर कमलेश तेकाम, जिला अध्यक्ष प्रमोद नरेती, समारु मरावी, शिव कुशराम, सज्जाद अली, पुरुषोत्तम ककोडिया सहित भुमका संघ के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए सभी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कमलेश तेकाम ने डॉ. अंबेडकर के महान विचारों उनके संघर्षमय जीवन और भारतीय संविधान निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को विस्तार से याद किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने समाज को समानता स्वतंत्रता और बंधुत्व का संदेश दिया, जो आज भी प्रासंगिक है। उनके विचारों को अपनाकर ही एक सशक्त समतामूलक और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना की जा सकती है।

### हर्षोल्लास से मनाई अम्बेडकर जयंती

ग्राम पंचायत केहरपुर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान बाबा साहेब को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके विचारों और आदर्शों को याद किया गया। सरपंच सतवत उलारी, सचिव संतोष ठाकुर सहित पंचायत के सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर सामाजिक समानता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। वक्ताओं ने डॉ. आंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

संपादकीय

# कैसे अनब्लॉक होगा होर्मुज

अमेरिका और ईरान के बीच बेनतीजा रही हाई-लेवल मीटिंग के बाद दोनो देशों के बीच आग फिर एक बार भड़क गई है। अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में नाकेबंदी का एलान किया है। वहीं ईरान लगातार इस जलमार्ग पर अपना कब्जा होने की बात कह रहा है। ईरान का दावा है कि वो होर्मुज स्ट्रेट से अमेरिकी जहाजों को गुजरने नहीं देगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को धमकी देते कहा, यूनाइटेड स्टेट्स नेवी होर्मुज जलडमरूमध्य में घुसने या उससे बाहर निकलने की कोशिश करने वाले किसी भी जहाज की नाकेबंदी की जाएगी। होर्मुज में नाकेबंदी करने का मतलब है कि इस जलमार्ग से गुजरने वाले सामानों या संचार साधनों के आने-जाने पर पूरी तरह से रोक लगा देना।

ट्रंप के बयान के बाद ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने बताया था कि उसका होर्मुज पर पूरा कंट्रोल है और अगर अमेरिका नाकेबंदी की कोशिश करता है तो भंवरों के जाल में फंस जाएगा।

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित दुनिया का सबसे जरूरी जलमार्ग है। यहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का करीब 20-25 फीसदी हिस्सा गुजरता है। मिडिल ईस्ट के इस युद्ध में ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया है। इस जलमार्ग में ईरान ने कई मिनी पनडुब्बी तैनात की हुई हैं। ईरान का दावा है कि ये पनडुब्बी समुद्र की गहराई में छिपी हैं। ये पनडुब्बियां काफी छोटी हैं, लेकिन किसी भी जहाज को एक झटके में उड़ाने की क्षमता रखती हैं, क्योंकि इन पनडुब्बियों में सबसे खतरनाक हथियार हूट सुपरकैविटेटिंग टॉरपीडो लगा है। होर्मुज स्ट्रेट को अमेरिका अपने अधिकार क्षेत्र में लाना चाहता है। हालांकि, अमेरिका पर दुनिया के बाकी देशों का भी दबाव है कि वो जल्दी से जल्दी होर्मुज को मुक्त कराएं, क्योंकि अमेरिका-इजरायल के ईरान पर हमला करने के बाद से ही इस जलमार्ग के रास्ते क्रूड ऑयल की सप्लाई बाधित हो गई है। ईरान इस रास्ते से अमेरिका और इजरायल के जहाजों को गुजरने नहीं दे रहा है। लेकिन ईरान ने भारत के जहाजों को होर्मुज से गुजरने की इजाजत दी है, लेकिन तनाव के चलते सप्लाई पर प्रभाव पड़ा है।

अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थता कराने के लिए अब रूस आगे आ रहा है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन से टेलीफोन पर भी बातचीत की है। रूस ने मिडिल ईस्ट के तनाव को कम करने के लिए रास्ता बताया है कि अमेरिका, ईरान के जिस एनरिज्ड यूरेनियम से परेशान है, उसे रूस अपने पास रखने के लिए तैयार है। अमेरिका ने शांति समझौते के तहत ईरान से इसी एनरिच्ड यूरेनियम के प्रयोग पर रोक लगाने की बताने कही, लेकिन ईरान ने अमेरिका की इस शर्त को मानने से मना कर दिया। रूस इसी यूरेनियम को अपने पास रखने की बात कह रहा है। बहरहाल, हॉर्मुज को खोलने की कोशिशें जारी हैं, लेकिन एक बड़ी मुश्किल यह है कि शिपिंग कंपनियां अभी भी डरी हुई हैं। माना जाता है कि जब तक कंपनियों को यह यकीन नहीं हो जाता कि सीजफायर यानी युद्धविराम लंबे समय तक चलेगा, तब तक वे अपने खाली जहाजों को फारस की खाड़ी के अंदर नहीं भेजेंगी। अधिकांश कंपनियों का मानना है कि दो हफ्ते का या कोई कमजोर युद्धविराम शिपिंग ऑपरेटर्स को वह भरोसा नहीं दे पाएगा, जिसकी जरूरत है। कोई भी टैंकर मालिक या बीमा कंपनी अपने जहाज को खाड़ी के अंदर तब तक नहीं जाने देगी, जब तक उन्हें यह पक्का यकीन न हो जाए कि उनका जहाज वहां हफ्तों तक फंसा नहीं रहेगा।

# बंगाल में आक्रामक हुआ चुनाव प्रचार भाजपा के संकल्प पत्र में क्या-क्या है

मृत्युंजय दीक्षित

असम, केरल व पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव हेतु मतदान संपन्न हो जाने के बाद पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु के चुनाव प्रचार मे आक्रामकता आ गई है। बंगाल के सन्दर्भ में प्राप्त विश्लेषणों के अनुसार ऐसा लग रहा है कि इन चुनावों में बंगाल में मात्र दो प्रतिशत मतों के अंतर से ही सरकार बनने का खेल होने वाला है। सत्ता के लिए प्रमुख लड़ाई चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए प्रयासरत ममता बनर्जी तथा भारतीय जनता पार्टी के बीच ही है और यही दोनों आक्रामक रूप से चुनाव प्रचार भी कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने पहले ममता सरकार के खिलाफ श्वेत पत्र जारी किया फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीन विशाल जनसभाओं के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया। इस बीच बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी व उनकी पार्टी के कुछ नेताओं ने बीजेपी की बढ़ती लोकप्रियता से घबराकर हिंसा को बढ़ावा देने वाली बयानबाजी आरम्भ कर दी। अभिषेक बनर्जी तो अपनी रैली में सीधे तौर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं की गर्दन, हाथ, पैर तोड़ने तक की बात कह रहे हैं। इसके लिए उनके खिलाफ चुनाव आयोग की ओर से एफआईआर भी की गई है।



बंगाल की मुख्यमंत्री ने स्वयं चुनाव आयोग की कार्य प्रणाली के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है और लगातार कोर्ट में अभियान चला रही हैं। बंगाल की मतदाता सूची से लगभग 91 लाख मतदाताओं के नाम कट जाने से वह अधिक परेशान हैं। भाजपा भी इस बार सरकार बनाने के लिए लड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी हल्दिया, आसनसोल व सिउड़ी में विशाल जनसभाओं में बंगाल की जनता को छह गारंटियां दीं जिनको भाजपा के संकल्प पत्र में दोहरा कर मजबूत किया गया। इन जनसभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने जहाँ एक ओर विकास और सुशासन का एजेंडा सामने रखा वहीं दूसरी ओर टीएमसी सरकार पर चौतरफा प्रहार किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार बनने के बाद सबका साथ सबका विकास तो होगा ही लेकिन जिन लोगों ने लूटा है, उन लुटेरों का हिसाब भी होगा। उन्होंने ममता सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि विगत 15 वर्षों में राज्य में सिंडीकेट, कट मनी और गुंडाराज का बोलबाला रहा है जिससे आम जनता का विश्वास टूटा है। भाजपा सरकार आने पर भय की जगह भरोसा कायम किया जायेगा। भ्रष्टाचार करने वालों को जेल भेजेंगे। सरकारी सिस्टम जनता के लिए जवाबदेह होगा। हर घोटाले, भ्रष्टाचार ओर बहन बेटियों के साथ हुए अन्याय की फाइलें, खुलेंगी। घुसपैठियों को खोज खोजकर खदेड़ा जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी की विशाल जनसभाओं के बाद गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया है जिसमें कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गयी हैं। बंगाल में कोलकाता के भाजपा कार्यालय में एक विशाल वंदेमातरम संग्रहालय बनाया जाएगा। गृहमंत्री ने कहा कि हम वंदे मातरम की परिकल्पना के माध्यम से बंगाल की संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करेंगे। अभी वंदेमातरम की 150 वीं जयंती पर संसद में विशेष सत्र का आयोजन हो चुका है तथा साथ ही अब सरकारी आयोजनों में संपूर्ण वंदेमातरम गायन अनिवार्य किया जा चुका है।

बंगाल की दृष्टि से वंदेमातरम संग्रहालय की स्थापना एक महत्वपूर्ण घोषणा है। सिंगूर को लेकर घोषणा- भारतीय जनता पार्टी ने अपने संकल्प पत्र में दूसरी बड़ी घोषणा सिंगूर को लेकर की है जिसमें भाजपा ने सरकार बनने के बाद वहां एक औद्योगिक पार्क बनाने का संकल्प किया है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सिंगूर से अपनी राजनैतिक जमीन बनाने की शुरुआत की थी। पश्चिम बंगाल का सिंगूर विवाद भारत के औद्योगिक और राजनीतिक इतिहास की एक महत्वपूर्ण घटना रही है। सिंगूर विवाद वर्ष 2006 में शुरू हुआ था जब तत्कालीन वामपंथी सरकार ने हुगली जिले के सिंगूर में टाटा मोटर्स को नैनो कार बनाने के लिए करीब 997 एकड़ जमीन दी। सरकार ने यह जमीन पुराने भूमि अधिग्रहण कानून के अंतर्गत ली थी किंतु सरकार ने निर्णय का कुछ स्थानीय किसान संगठनों ने विरोध किया था तब ममता बनर्जी किसानों के समर्थन में आ गई और मां, माटी और मानुष का नारा दिया। आज बंगाल मे सभी कल कारखाने बंद हो चुके हैं और भारी बेरोजगारी है। यही कारण है कि भाजपा ने अब सिंगूर में ही औद्योगिक पार्क बनवाने का संकल्प लिया है। संकल्प पत्र में राज्य में कानून व्यवस्था सुधारने और विकास को गति देने को भाजपा का लक्ष्य बताया गया है। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में महिलाओं, युवाओं, किसानों, बुजुर्गों एवं व्यापारियों के लिए घोषणा की है। भाजपा के संकल्प पत्र में बंगाल मे राजनीतिक हिंसा की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश के नेतृत्व में एक विशेष आयोग बनाया जाएगा और सभी मामलों की जांच कर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। साथ ही कानून व्यवस्था की स्थिति पर श्वेत पत्र जारी किया जाएगा। इसके अलावा घुसपैठियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट नीति लागू की जाएगी। कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता लागू किया जाएगा। महिलाओं को हर महीने 3000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। आयुष्मान भारत सहित केंद्र सरकार की सभी योजनाएं बंगाल में लागू की जाएंगी। भाजपा ने बंगाल में भी समान नागरिक संहिता लागू करने का संकल्प लिया है और युवाओं को एक करोड़ रोजगार देने का वादा भी किया है। भाजपा वर्ष 2026 में बंगाल से ममता सरकार की विदाई तय करने के लिए सतर्कता के साथ कड़ी मेहनत कर रही है। बंगाल के विश्लेषकों का मत है कि बंगाल में ममता दीदी का दुर्ग भेदना अभी भी बहुत कठिन है क्योंकि चुनावी हिंसा बहुत अधिक होती है लेकिन इस बार चुनाव आयोग भी बहुत सख्त है अतः परिस्थिति बदल सकती है। इस बार चुनावों के बाद भी दो माह तक बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। विश्लेषकों कहना है कि यदि इस बार बंगाल चुनाव बिना किसी हिंसा के संपन्न हो जाते हैं तो भाजपा सरकार बनने की सम्भावना भी बन सकती है।

# स्मृति शेष : आत्मीयता की अलख जगाने वाले मोहन शशि

डॉ. मुकुल तिवारी



मोहन शशि जी के देवलोक गमन का आज मंगलवार अंबेडकर जयंती, कृष्ण पक्ष तिथि द्वादशी पुण्य वैशाख मास 14 अप्रैल 2026 को सूर्योदय पूर्व रात्रि सवा दो बजे अचानक समाचार पढ़ा हतप्रभ रह गई। हालांकि शशि जी अस्पताल में स्वास्थ लाभ ले रहे थे। सवा ग्यारह बजे चलभाष पर स्वास्थ की जानकारी ली थी तो पता चला कि ठीक हैं। सोचा सुबह मिल आयेंगें, सोचते ही रह गये और शशि जी के महाप्रयाण की जानकारी पढ़ने को मिली। अब मन में आने लगा कि दुनियां से जाने वाले जानें चले जाते हैं कहाँ। जो आया है वह जायेगा राजा रंक फकीर। यह तो सच है कि जो आया है वो जायेगा। किंतु सदा के लिये जाने का तरीका भी अलग अलग होता है। कुछ ऐसे चले जाते हैं कि पता ही नहीं चलता सब बेखबर रहते हैं। कुछ ऐसे जाते है कि सभी चिंतित हो जाते हैं, मायूस हो जाते हैं ऐसा लगता है कि इन्हे अभी कुछ समय तक और रहना था। हालाँकि शशि जी ने आयु अच्छी पाई नवासी वर्ष की आयु में बैकुंठधाम विराजे।

मोहन शशि जी का जन्म 01अप्रैल 1937 को हुआ था। आपके पिताजी का नाम श्री काली चरण यादव एवं माता जी का नाम श्रीमति छविरानी यादव था। आपकी विद्यालीन शिक्षा हितकारिणी विद्यालय, जबलपुर से हुई थी। विद्यालीन शिक्षा के साथ ही शशि जी काव्य सृजन की ओर अग्रसर हुए। प्रारंभ में गद्यात्मक कविता सृजन करनें लगे। संस्कारधानी जबलपुर के साहित्यकारों की टोली में शामिल हो गये। वरिष्ठ साहित्य साधकों के बीच उठने बैठने लगे। इसके साथ ही आप पत्रकारिता के क्षेत्र में रोजगारोन्मुखी हुए और तत्कालीन भास्कर में साहित्य संपादकीय सेवा से जुड़े। इसके साथ ही आप संस्कारधानी की विभिन्न साहित्यक सांस्कृतिक सामाजिक, कलात्मक संस्थाओं में सक्रिय हुए। संस्थाओं को नया जीवन देकर मार्गदर्शन करते रहे। संस्कारधानी की सर्वाधिक पुरानी संस्था मिलन को पुनरजीवन्त किया और मिलन हीरक जयंती समारोह को संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हम सभी को बहुत ही आत्मीयता, दृढ़ता और भावुकता के साथ मिलन संस्था से जोड़ा और संस्कारधानी जबलपुर में भव्य कार्यक्रम करवानें में सफलता हासिल करवाई। मिलन के 75वें वर्ष पर 75 कार्यक्रम। राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष की पूर्णता पर सम्पूर्ण वन्देमातरम् समूह गीत गायन प्रतियोगीता महाविद्यालय स्तर पर मिलन के आयोजन की संकल्पना साकार हुई। मोहन शशि जी अखबार में तो सेवा निवृति के पूर्व तक तो नित्य प्रति कलम चलाते रहे। किंतु इसके अतिरिक्त भी साहित्य सृजन किया और प्रकाशित करवाया। जिनमें प्रमुख हैं सरोज, तलाश एक दाहिने हाथ की, राखी नहीं आई, हत्यारी रात, शक्ति साधना, बेटे से बेटी भली, जागो बंदला, जगे बुंदेली, देश है तो सुनों जान हैं बेटियां आदि काव्य संग्रह प्रकाशित करवाये।मंच से वृहद कविता पाठ। अनेक कवि सम्मेलनों की शान थे मोहन शशि जी। आपके जीवन में उम्र कभी आड़े नहीं आई। मोहन शशि जी में अत्यधिक आत्म विश्वास, अनुशासन, जीवन जीनें का जोश, बुलन्द आवाज, इमानदारी मेहनत कर्मठता सभी कुछ विशेष था। शशि जी ने अपने जीवन काल में अनेंक साहित्यिक विदेश यात्रायें भी की थी। जिनमें युगोस्लाबिया, लन्दन, रोम, पेरिस आदि प्रमुख हैं। आपको उत्कृष्ट कार्य हेतु अनेक अलंकरण, सम्मान पदक, पुरुस्कार, प्रशस्ति पत्र भी प्राप्त हुए। जगतगुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती पत्रकारिता पुरुस्कार, प्रसंग द्वारा स्व. अभिज्ञान कृष्ण त्रिपाठी स्मृति पुरुस्कार प्रासंगिक हैं। संस्कारधानी जबलपुर की बहुत सी शैक्षिक- शिक्षण संस्थाओं में भी सक्रिय होकर मार्ग दर्शन करते रहे। ऐसी दिव्य आत्मा को शत शत नमन!

**जीवन के झंझावातों से भी जूझ कर, जीवन के संघर्षो से भी सदा जीतकर**
**जीवन में तो सदैव आगे आगेबढ़ते रहे, एक हवा का झोंका ले गया उड़ा कर।**

# कूटनीतिक मार्ग खुले हैं



आदित्य नारायण चौपड़ा
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

अमेरिका व ईरान के बीच इस्लामाबाद में वार्ता टूटने के बावजूद कूटनीति के दरवाजे बन्द नहीं हुए हैं क्योंकि दोनों देशों के बीच अब केवल तीन ऐसे मुद्दे बचे हैं जिन पर युद्ध को टालने का दारोमदार है। ये तीन मुद्दे हैं ङ्क होर्मुज जलडमरूमध्य का यातायात के लिए खुलना, ईरान का परमाणु संवर्धन कार्यक्रम और विभिन्न देशों पर ईरान की लेनदारियों का जारी होना। जाहिर है कि पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में और कुछ हुआ हो या न हुआ हो मगर इतना जरूर हुआ है कि ईरान ने अपनी दस मांगों की जगह ये तीन मांगें आगे कर दी हैं जिससे युद्ध की विभीषिका को टाला जा सके। इसके साथ ही ईरान व अमेरिका दोनों ने यह घोषणा भी की है कि वे दो सप्ताह के युद्ध विराम से बंधे हुए हैं। पूरी स्थिति को यदि गौर से देखें तो एक तथ्य स्पष्ट रूप से उभरता है कि दोनों देशों ने अभी शान्ति की उम्मीद नहीं छोड़ी है। इसका प्रमाण यह भी है कि इस्लामाबाद छोड़ते हुए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने कहा कि बेशक वार्ता असफल हो गई है परन्तु कई ऐसे बिन्दु उभरे हैं जिन्हें पकड़कर आगे चला जा सकता है। हालांकि राष्ट्रपति ट्रम्प वार्ता टूटने के बाद धमकी भरे लहजे में ऊल- जुलूल वक्तव्य लगातार दे रहे हैं लेकिन उनकी वाणी भी युद्ध के विकल्पों को खोजने को लालायित लगती है। इस बीच रूस के राष्ट्रपति श्री व्लादिमीर पुतिन का यह वक्तव्य बहुत महत्वपूर्ण है कि वह मध्यस्थता करने के बारे में सोच सकते हैं।

वास्तव में ईरान-अमेरिका के बीच दुनिया के किसी कद्दावर देश की ही जरूरत है मगर अमेरिका ने पाकिस्तान जैसे देश का चयन करके परिस्थितियों की गंभीरता के साथ समझौता करना बेहतर समझा था। विश्व राजनीति में पाकिस्तान की हैसियत किसी किराये के मुल्क से ज्यादा नहीं आंकी जाती क्योंकि इसके गठन के बाद से अमेरिका व पश्चिम यूरोप के देश इसका इस्तेमाल अपने हितों को साधने में करते रहे हैं। खास कर भारत के सन्दर्भ में वे इसे बराबरी पर रख कर भारत की श्रेष्ठता को कमतर करने की कोशिश करते हैं। अब इस कार्य में चीन भी लगा हुआ है वरना क्या वजह है कि जब पाकिस्तान खुद एक अवैध परमाणु हथियार रखने वाला देश है तो अमेरिका उसी की राजधानी इस्लामाबाद में बैठकर ईरान के वैध परमाणु कार्यक्रम को बन्द करवाना चाहता है। ईरान ने परमाणु अप्रसार सन्धि पर हस्ताक्षर किये हुए हैं और उसका यूरेनियम संवर्धन करने का कार्यक्रम सीधे अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की निगरानी में रहता है। इसके बावजूद ईरान ने 2015 में अमेरिका से करार किया था कि वह परमाणु ऊर्जा का प्रयोग केवल नागरिक सुविधाओं के लिए ही करेगा और इसी दृष्टि से यूरेनियम संवर्धन का कार्यक्रम इस प्रकार चलायेगा कि 2030 तक वह शान्तिपूर्ण उद्देश्य के लिए अन्तर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के मानकों के अनुसार परमाणु परीक्षण कर सके। मगर ट्रम्प ने इस समझौते को 2018 में रद्द कर दिया था लेकिन इस्लामाबाद में ईरान ने 1979 के बाद पहली बार अपने देश के सर्वोच्च नेतृत्व को सीधे अमेरिकी नेतृत्व से भेंट करने के लिए भेजा। जबकि 2013 में जब ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी थे तो वह न्यूयार्क गये थे मगर उनकी तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा से फोन पर ही बातचीत हुई थी और तब जाकर दो साल बाद दोनों देशों के बीच परमाणु समझौता हुआ था। इसलिए इस्लामाबाद में वैंस व ईरानी संसद के अध्यक्ष गालिबफ के बीच सीधी बातचीत भी द्विपक्षीय संबंधों के सन्दर्भ में महत्वपूर्ण पड़ाव है जिससे कूटनीतिज्ञ इस निष्कर्ष पर पहुंच रहे हैं कि बातचीत आगे भी जारी रखी जा सकती है।

ईरान के पास फिलहाल 440 किलो संवर्धित यूरेनियम है जिससे किसी परमाणु बम को नहीं बनाया जा सकता, बल्कि केवल बिजली बनाने में ही उसका उपयोग किया जा सकता है। ईरान यह वचन देने को तैयार है कि वह यूरेनियम का संवर्धन परमाणु बम बनाने के स्तर तक नहीं करेगा और एक संप्रभु देश के रूप में परमाणु ऊर्जा का उत्पादन करना उसका अधिकार है। अतः उसे इस जायज हक से कैसे महरूम किया जा सकता है। जहां तक होर्मुज जलडमरूमध्य समुद्री मार्ग का सवाल है तो यह विगत 28 फरवरी से युद्ध शुरू होने से पहले खुला हुआ था मगर ईरान पर जब अमेरिका व इजराइल ने महाविनाशक बमबारी की तो उसने इस रास्ते को रोक दिया।

यह रास्ता रुकने के बाद ही ईरान को अपनी उस छिपी हुई ताकत का अन्दाजा हुआ जो बमों व मिसाइलों से भी ज्यादा शक्तिशाली साबित हो सकती थी। अतः ईरान ने जलडमरूमध्य मार्ग को अब अपना अमोध अस्त्र बना लिया है। जहां तक विदेशों से ईरानी लेनदारियों का प्रश्न है तो अमेरिका व पश्चिमी यूरोप द्वारा लगाये गये इसके खिलाफ प्रतिबन्धों की वजह से इसका 27 अरब डालर धन विभिन्न देशों पर बकाया पड़ा हुआ है। ईरान मांग कर रहा है अमेरिका प्रतिबन्ध समाप्त करे जिससे उसे यह धन वापस मिल सके और युद्ध में अपने देश के ध्वस्त ढांचे का पुनर्निर्माण कर सके। जाहिर है कि उसकी इन तीन मांगों का सम्बन्ध कहीं न कहीं मानवीयता से जाकर भी जुड़ता है क्योंकि कुछ देश मिल कर किसी एक देश के खिलाफ ऐसे कदम नहीं उठा सकते जिसकी वजह से उसके लोगों का विकास ही रुक जाये क्योंकि ईरान के खिलाफ दोनों बार ही अमेरिका ने युद्ध शुरू किया है।

पिछले वर्ष जून में भी अमेरिका ने ही ईरान पर हमला किया था और दोनों बार ही अमेरिका उससे शान्ति वार्ता भी कर रहा था। जहां तक भारत का सम्बन्ध है तो उसके आगे अपने राष्ट्रीय हित सर्वोच्च हैं अतः भारत ने युद्ध विराम के चलते इजराइल द्वारा बेरूत पर किये हमले को गलत बताया है। इस हमले में लेबनान के 300 से अधिक नागरिक मारे गये थे। भारत के जहाजों को ईरान जलडमरूमध्य से गुजरने भी दे रहा है जिसकी वजह से भारत में पेट्रोल-डीजल व ईंधन गैस की ज्यादा कमी भी नहीं हो पा रही है। भारत कूटनीतिक माध्यमों में ईरान के साथ बातचीत भी लगातार कर रहा है और अमेरिका व इजराइल के साथ भी अपने सम्बन्ध सामान्य बनाये हुए है।

# व्यक्तित्व एक बहती हुई नदी की तरह है, जो भविष्य के सागर की ओर बढ़ने के लिए व्याकुल है

लव गौर

मानवीय चेतना की सबसे सुंदर अभिव्यक्ति अतीत की बेड़ियों को तोड़कर स्वयं के निरंतर नवनिर्माण में निहित है। हमारा व्यक्तित्व बीती हुई घटनाओं का कोई जड़ संग्रह नहीं है, जो हमें पीछे खींचती हैं। यह तो एक बहती हुई नदी की तरह है, जो भविष्य के सागर की ओर बढ़ने के लिए व्याकुल है। हमारे अस्तित्व का वास्तविक सार इस बात में नहीं छिपा है कि हम अतीत में क्या थे, बल्कि इसमें है कि हम आने वाले समय में क्या बनने की आकांक्षा रखते हैं। जब हम यह समझ लेते हैं कि वर्तमान की प्रेरणाएं अतीत की विवशताओं की मोहताज नहीं हैं, तो हर नया सवेरा हमें अपने जीवन का उद्देश्य पुनः परिभाषित करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करता है।

स्वयं को फिर से गढ़ने की यह शक्ति हमारे भीतर के उस केंद्र से उपजती है, जिसे हम अपना 'स्व' कहते हैं। एक परिपक्व और विकसित व्यक्तित्व की पहचान यही है कि वह अपनी तात्कालिक और स्वार्थी जरूरतों से ऊपर उठकर अपना विस्तार करता है। इसका अर्थ यह है कि जब हम स्वयं को अपनी व्यक्तिगत उत्तरजीविता से बड़े किसी लक्ष्य, चाहे वह कला का सृजन हो, समाज की सेवा हो या किसी मानवीय मिशन के प्रति समर्पण, में झोंक देते हैं, तब हम जीवन की वास्तविक समृद्धि का स्वाद चख पाते हैं।

हृदय का यह विस्तार हमारे आंतरिक मूल्यों और बाहरी जगत के बीच एक ऐसा अटूट सेतु बनाता है, जो जीवन को सार्थकता, परिपक्वता और गहराई प्रदान करता है। इसका सबसे बड़ा प्रमाण जीवन का वह एकीकृत दर्शन है, जो हमारे मूल्यों को एक सुसंगत ढांचे में पिरो देता है। यह दर्शन हमारे भीतर एक दिशा-सूचक यंत्र की तरह कार्य करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि हमारे निर्णय केवल परिस्थितियों या शारीरिक प्रवृत्तियों की प्रतिक्रिया मात्र न हों, बल्कि हमारे आंतरिक सत्य का प्रतिबिंब हों। एक संतुलित व्यक्तित्व वही है, जो स्वयं को गहरी अंतर्दृष्टि और एक स्वस्थ विनोद भाव के साथ देख सके। यह क्षमता हमें पंगु होने से बचाती है और हमें एक हल्के, पर अडिग मन के साथ अपने आदर्शों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

मानव स्वभाव की सबसे बड़ी विशेषता उसका विकास की ओर उन्मुख होना और असीमित संभावनाओं से भरा होना है। व्यक्तित्व विकास कभी न खत्म होने वाली एक ऐसी प्रक्रिया है, जहां वास्तविक आनंद किसी मंजिल पर ठहर जाने में नहीं, बल्कि स्वयं के निरंतर परिष्कार और सुधार में पाया जाता है। अपनी विशिष्टता को सम्मान देकर और अपने चुने हुए मूल्यों पर अडिग रहकर, हम अपने जीवन को अखंडता की एक उत्कृष्ट कृति बना सकते हैं। इसी प्रकाश में, हर चुनौती हमारे लिए विकास का एक निमंत्रण बन जाती है और हर नया दिन वह कैनवास, जिस पर हम अपने सबसे प्रामाणिक स्वरूप को उकेर सकते हैं।

**सूत्र- लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें**

जब आप अपने 'स्व' को व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठाकर किसी महान लक्ष्य के प्रति समर्पित करते हैं, तो आपका चरित्र अपने आप निखरने लगता है। आत्मस्वीकार, अंतर्दृष्टि और विनम्रता ही आपको संतुलित बनाते हैं, जबकि करुणा, न्याय और जिज्ञासा आपके चरित्र को ऊंचाई प्रदान करते हैं।

# चलो दिलदार चलो चांद के पार चलो, हम भी तैयार...




70 के दशक में कमाल अमरोही द्वारा निर्देशित और निर्मित फिल्म पाक़ीज़ा आई थी। मीना कुमारी और राजकुमार के अभिनय ने फिल्म को सुपर हिट बना दिया था। इस फिल्म का एक बड़ा मशहूर गीत था चलो दिलदार चलो चांद के पार चलो, हम भी तैयार चलो नासा के आर्टेमिस मिशन के चार अंतरिक्ष यात्री चांद के करीब पहुंचने का ऐतिहासिक सफर पूरा कर सुरक्षित लौट आए, बताया जाता है कि 2028 में आर्टेमिस चार के तहत नासा चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर दो इंसानों को उतारेगी यानी जो कल्पना कई बरस पहले कमाल अमरोही ने की थी और आशिक और महबूबा चांद पर चलने की बात कह रहे थे वो सार्थक सिद्ध होने वाली है । नासा का कहना है कि चांद का रास्ता खुल चुका है आगे और बड़ा काम होगा ,अभी तक तो चांद को खूबसूरती का पर्याय माना जाता था न जाने कितने गीत चांद पर बनाए गए हैं यहां तक की महबूबा की खूबसूरती पर एक गीतकार ने तो ये तक लिख दिया चांद आहें भरेगा फूल दिल थाम लेंगे हुस्न की बात चली तो सब तेरा नाम लेंगे फिर एक गीतकार और आगे बढ़ गए कहा चांद सी महबूबा होगी मेरी कब ऐसा मैंने सोचा था आ तुम बिलकुल वैसी हो जैसा मैंने सोचा था जब पूनम की रात होती है तब चांद की खूबसूरती देखने लायक होती है इसलिए शायद चांद को हुस्न का पैमाना माना जाता है लेकिन इंसान इस चांद को भी रौंदने के लिए तैयार है अरे भैया धरती क्या कम है जो तुम चांद पर पहुंच रहे हो और अगर पहुंच भी रहे हो तो चुपचाप अध्ययन करके आ जाओ अब वहां इंसानों को उतारोगे वे वहां गंदगी करेंगे तो चांद बेचारा कर भी क्या लेगा, वो तो ये सोचता था कि हम तो कई लाख मील दूर है इस पृथ्वी से कोई हम तक नहीं पहुंच पाएगा लेकिन इंसान कहां पीछे हटने वाला वो तो अच्छा हुआ कि सूरज में इतनी गर्मी है वरना वो सूरज तक भी पहुंचने की कोशिश कर लेता मंगल, शुक्र, गुरु सब की दहलीज पर अपने पांव रखने के लिए इंसान तैयार हो रहा है खबर तो ये भी लगी है कि कुछ उद्योगपति, बिल्डर चांद से भी प्लाट बेचने के चक्कर में हैं। अपने को तो लगता है कि जिस तरह से इंसान चांद को अपने कब्जे में करने की कोशिश कर रहा है वो दिन दूर नहीं जब वहां भी जाम लगने लगेगा ,ठेले टपरे ठुकने लगेंगे अतिक्रमण का जाल फैल जाएगा सब्जी भाजी की दुकानें खुल जाएंगी दारू के ठेके चलने लगेंगे और बेचारा चांद अपनी पुरानी खूबसूरती को याद करते हुए यही गाना गाएगा याद न जाए बीते दिनों की दिल क्यों बुलाए उन्हें।

## ग्रहों का चक्कर

विजयराघवगढ़ के अरबपति भाजपा विधायक संजय पाठक के ग्रह इन दोनों बहुत खराब चल रहे हैं लगता है राहु, शनि, केतु सब एक साथ उन पर हमला करने के लिए तैयार बैठे हैं। एक जमाना था जब संजय पाठक का कांग्रेस में जलजला हुआ करता था बाद में भाई साहब कांग्रेस से कुलाटी खाकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए सोचा वही जलवा बीजेपी में भी बना रहेगा लेकिन लगता है जब से बीजेपी में आए हैं उनके गृह नक्षत्र कुछ गड़बड़ा से गए हैं जिस पार्टी का दामन थामा था उसी ने चार सौ करोड़ से ज्यादा का जुर्माना अवैध उत्खनन को लेकर जड़ दिया, इधर हाईकोर्ट के एक जज को फोन करने के मामले में भी भाई जी अलसेट खा गए माफी भी मांग ली लेकिन न्यायालय ने इसको गंभीरता से लिया और आगामी दिनों में फिर पेशी होने वाली है। कहते हैं ये जीवन चक्र है इंसान ऊंचाई पर चला जाता है तो फिर उसे कभी ना कभी नीचे आना ही पड़ता है । आप हिमालय पर चढ़ जाओ, एवरेस्ट पर चढ़ जाओ लेकिन फिर वापस भी वही आना पड़ता है ,यही लगता है कि संजय पाठक के साथ हो रहा है अपनी तो उनको एक ही सलाह है कि भैया किसी अच्छे ज्योतिषी या तांत्रिक को अपनी कुंडली दिखाओ कुछ उपाय करवाओ, राहु शनि का जाप करवा लो हो सकता है इससे कुछ शांति महसूस हो सके वरना जो कुछ भोग रहे हो सकता है आगे भी भोगना पड़ जाए क्योंकि यदि ग्रह नक्षत्र नाराज हो गए तो फिर उनके कोप से कोई बचा नहीं पाता सिर्फ ईश्वर का ही एक सहारा बचता है जो इन उधम करने वाले ग्रहों को ठीक कर सकता है दो तीन तीर्थ स्थल पर हो आओ, कुछ ज्योतिर्लिंगों का भ्रमण कर लो शायद इसका कुछ फायदा मिल जाए अपन ने तो सलाह दे दी अब भाई साहब माने या ना माने उनकी मर्जी।

## मोहब्बत हो तो ऐसी

जबलपुर के पास सिहोरा में एक आशिक ने अपनी महबूबा से शादी की मांग को लेकर एक ऐसी तरकीब लगाई कि प्रेमिका के परिवार वालों को भी शादी के लिए राजी होना पड़ा ।जब महबूबा के घर वाले शादी के लिए नहीं मान रहे थे तो भाई साहब शोले के धर्मेंद्र की तर्ज पर हाई टेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गए ,उनकी एक ही मांग थी कि उनकी महबूबा को बुलाया जाए वो शादी का वादा करे तभी वे इस टावर पर से उतरेंगे, पुलिस को खबर दी गई पुलिस बेचारी करती तो क्या करती समझाती रही, बोलती रही, बिजली विभाग वाले भी आ गए वे भी समझाते रहे कि भैया बहुत रिस्की है ये काम हाई टेंशन लाइन में अपनी जान आफत में मत डालो लेकिन कहते हैं ना कि जो इश्क करता है वो दिमाग से नहीं बल्कि दिल से इश्क करता है और जब दिल से इश्क करता है तो दिमाग काम करना बंद कर देता है यही हाल उस आशिक का हो रहा था तीन घंटे तक पुलिस उसको समझाती रही कि उतर आओ लेकिन भाई साहब उतरने तैयार नहीं अंत में उनकी महबूबा को बुलाया गया तीन घंटे तक पुलिस उसको समझाती रही कि उतर आओ लेकिन भाई साहब उतरने तैयार नहीं अंत में उनकी महबूबा को बुलाया गया उसने शादी के लिए हामी भारी तब जाकर भाई साहब हाई टेंशन लाइन के टावर पर से उतर के नीचे आए इधर वे टावर से उतरे पुलिस ने उनको धर दबोचा अब महबूबा से उनकी शादी होगी या नहीं होगी ये तो वक्त बताएगा लेकिन इसको कहते हैं मोहब्बत की इंतहा, इसलिए लैला मजनू, हीर रांझा, शीरी फरहाद जैसे मोहब्बत के मारो को लोग आज भी याद करते हैं देखना ये होगा कि उस आशिक की तरकीब काम कर पाएगी या नहीं यह तो वक्त बताएगा जब उनकी बारात उनके महबूबा के घर पहुंचेगी।

## सुपर हिट ऑफ़ द वीक

तेरी बीबी कुछ कहती नहीं जब तुम दारू पीकर घर जाते हो श्रीमान जी के दोस्त ने उनसे पूछा

कहती नहीं बोलती है

क्या बोलती है दोस्त ने फिर पूछा

बोलती है कीड़े पड़ेंगे तुम्हारे दोस्तों को, कुत्तों की मौत मरेंगे साले जिन्होंने तुम्हें बिगाड़ा है श्रीमान जी ने उत्तर दिया।

# अचानक भारत के गुण गाने लगा ईरान, सदमें में पाकिस्तान

नई दिल्ली

इस्लामाबाद की बंद कमरों वाली बातचीत टूटी और दुनिया की सांसे अटक गई। जैसे ही अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता बेनतीजा खत्म हुई हर किसी को लगा कि अब वेस्ट एशिया में बारूद फटेगा। लेकिन ठीक उसी वक्त ईरान ने एक ऐसा बयान दे दिया जिसने पूरी दुनिया का ध्यान भारत की ओर खींच लिया है। ईरान ने साफ कह दिया कि अगर दुनिया में कहीं शांति की चाबी है तो वह भारत के पास है। हैरानी की बात देखिए। एक तरफ महाशक्तियां युद्ध के मुहाने पर खड़ी हैं और दूसरी तरफ ईरान के राजदूत सैयद रजा मोसेब मोतलाद मुंबई में बैठकर भारत की तारीफों के कसीदे पढ़ रहे हैं।



ईरान ने अमेरिका पर तंज कसते हुए उसे तनाव की सबसे बड़ी वजह बताया। लेकिन साथ ही भारत, रूस और चीन को वो त्रिमूर्ति करार दिया जो तीसरे विश्व युद्ध को रोक सकती है। ईरान ने भारत को सिर्फ एक देश नहीं बल्कि एक जिम्मेदार वैश्विक ताकत बताया है। अब सवाल उठता है कि क्या भारत सिर्फ तमाशबीन नहीं बल्कि इस खेल का सबसे बड़ा और निर्णायक खिलाड़ी बन चुका है। दरअसल जब अमेरिका और ईरान की बातचीत फेल हुई, तो ईरान ने खुलेआम कह दिया कि भारत ने अपने हितों को जोखिम में डालकर भी स्थिरता का साथ दिया है। भारत ने ना तो अमेरिकी हमलों का अंधा समर्थन किया और ना ही युद्ध की आग में घी डाला।

भारत की इसी न्यूट्रल पॉलिसी और संतुलित व्यवहार का नतीजा है कि आज ईरान जैसा देश भी भारत के सामने उम्मीद भरी नजरों से देख रहा है। मजे की बात तो यह है कि ईरान ने सिर्फ जुबानी जमा खर्च नहीं किया बल्कि उसने भारत के जहाजों को होरमुज स्टेट से सुरक्षित निकलने देकर यह साबित कर दिया कि वह भारत की कितनी इज्जत करता है। एक तरफ ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन और रूस के राष्ट्रपति पुतिन फोन पर कूटनीतिक समाधान की खिचड़ी पका रहे हैं तो दूसरी तरफ पूरी दुनिया की नजरें दिल्ली पर टिकी है। सवाल यह है कि क्या भारत आगे बढ़कर शांति का सबसे बड़ा चेहरा बनेगा या फिर रूस और चीन के साथ मिलकर अमेरिका को युद्ध के मैदान से पीछे हटने पर मजबूर कर देगा। कूटनीति की बिसात बिछ चुकी है और ईरान ने अपना मोहरा चल दिया है। अब देखना यह होगा कि भारत का अगला कदम क्या होगा क्योंकि ईरान ने तो साफ कर दिया है कि दुनिया को जंग से बचाना है तो भारत को आगे आना ही होगा।

## आडंबर नहीं, विचारों पर अमल ही सच्ची श्रद्धांजलिः राज ठाकरे

मुंबई, (वार्ता)

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेता राज ठाकरे ने कहा है कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि उनके विचारों को समझने और अपनाने में है, न कि केवल औपचारिक समारोहों या प्रतिमाओं तक सीमित रहने में। सोशल मीडिया पर डॉ. अंबेडकर जयंती पर मंगलवार को जारी संदेश में श्री ठाकरे ने बाबा साहेब के राष्ट्रनिर्माण में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूप में उनकी भूमिका आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करती रहेगी। उन्होंने डॉ. अंबेडकर की प्रसिद्ध कृति द प्राब्लम ऑफ द रूपी का उल्लेख करते हुए उनकी दूरदर्शी आर्थिक सोच को रेखांकित किया। श्री ठाकरे ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था पर डॉ. अंबेडकर की गहरी समझ ने भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना के लिए वैचारिक आधार तैयार किया। साथ ही, उन्होंने वर्तमान दौर में महान नेताओं की स्मृति में होने वाले आयोजनों की शैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज, महात्मा ज्योतिबा फुले, बाल गंगाधर तिलक और विनायक दामोदर सावरकर जैसे महान व्यक्तित्वों की विरासत को केवल प्रतिमाओं या जुलूसों तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

उन्होंने जोर दिया कि तेज़ आवाज वाले डीजे और दिखावे से हटकर उनके विचारों पर गंभीरता से काम करना जरूरी है। राजनीति पर टिप्पणी करते हुए श्री ठाकरे ने कहा कि आज विकास को अक्सर केवल बुनियादी ढांचे तक सीमित कर दिया गया है, जबकि समाज का एक बड़ा वर्ग अब भी विकास से वंचित है। इस संदर्भ में उन्होंने डॉ. अंबेडकर जैसी व्यापक सामाजिक और आर्थिक दृष्टि वाले नेतृत्व की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के विचारों को समझकर और जीवन में उतारकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है।

# 365 दिन में 100 ब्रह्मोस मिसाइल, भारत ने तोड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली

भारत की वो मिसाइल जिसने पाकिस्तान को दिन में चांद और रात में सूरज दिखा दिए थे। अब भारत की उसी खूंखार मिसाइल की बड़ी खबर सामने आ रही है और इस खबर को सुनकर पाकिस्तान और चीन जैसे दुश्मनों के पसीने छूट जाएंगे और एक घातक खूंखार मिसाइल है ब्रह्मोस। दरअसल खबर सामने आई है कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में स्थित ब्रह्मोस प्लांट से अब ब्रह्मोस मिसाइलों की डिलीवरी शुरू हो चुकी है। लखनऊ में बना यह नया ब्रह्मोस प्लांट उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का एक हिस्सा है। जहां अक्टूबर 2025 में इस प्लांट से पहली बार चार ब्रह्मोस मिसाइलों का बैच तैयार हुआ था। अब इन मिसाइलों की डिलीवरी भी शुरू हो गई है। यह डिलीवरी तो सिर्फ एक शुरुआत है क्योंकि यह प्लांट हर साल करीब 80 से लेकर 100 ब्रह्मोस मिसाइलें बनाने की क्षमता रखता है। यानी कि हर साल भारतीय सेनाओं के पास पहुंचेंगी।

100 ब्रह्मोस मिसाइलें। अब बात करते हैं इन ब्रह्मोस मिसाइलों की खासियत की। तो आपको बता दें कि यह एक सुपर सोनिक क्रूज़ मिसाइल



है। यानी कि आवाज की गति से कई गुना तेज उड़ती हैं और दुश्मनों को संभलने तक का मौका नहीं देती। जमीन, समुद्र और हवा तीनों ही जगहों से इस ब्रह्मोस मिसाइल को लॉन्च किया जा सकता है। और यही वजह है कि भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना तीनों के लिए यह एक बेहद अहम हथियार है। और इस मिसाइल ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के होश फाकता कर दिए थे। पहले ब्रह्मोस मिसाइलों का उत्पादन मुख्य रूप से हैदराबाद और कुछ अन्य जगहों पर होता था। लेकिन अब लखनऊ में नया प्लांट होने से उत्पादन क्षमता और बढ़ गई है। जिसका सीधा फायदा तीनों ही सेनाओं को मिलेगा। जहां तीनों सेनाओं के पास मिसाइलें तेजी से पहुंचेंगी और सप्लाई चेन में भी मजबूती आएगी। सरकार का फोकस अब साफ-साफ आत्मनिर्भर भारत का है और इसी कड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल में करीब 70त्न का लोकल कंटेंट इस्तेमाल हो रहा है।

यानी कि इन मिसाइलों को बनाने में 70% जो हिस्सा लग रहा है वो भारत से ही आता है। जो पहले काफी कम हुआ करता था। यानी अब भारत धीरे-धीरे रक्षा उपकरणों के लिए विदेशी देशों पर अपनी निर्भरता को कम कर रहा है। अगर हम बात करें आंकड़ों की तो वित्त वर्ष 2025 में भारत का घरेलू रक्षा उत्पाद 1.5 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं रक्षा निर्यात भी बहुत तेजी से बढ़ रहा है। 2025-26 में यह 38,000 करोड़ से भी ज्यादा हो चुका है। जो दिखाता है कि भारत सिर्फ अपनी जरूरतें ही नहीं पूरी कर रहा बल्कि दुनिया के दूसरे देशों को भी रक्षा उपकरण भेज रहा है। यानी कि भारत अब हथियार खरीदने वाला देश नहीं बल्कि उसे बेचने वाला देश बनना चाह रहा है। और इसी कड़ी में भारत आगे बढ़ रहा है। हालांकि एक सच्चाई यह भी है कि इस प्लांट की जो सालाना कैपेसिटी है 80 से लेकर 100 मिसाइल है।

यह भी तीनों सेनाओं की जरूरतों के हिसाब से शायद कम हो और कुछ जरूरी पार्ट्स के लिए अभी भी विदषों पर निर्भरता रखनी पड़ेगी। लेकिन फिर भी यह कदम आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया एक बड़ा कदम है। इसके साथ ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी हाल ही में अपने बयान में साफ-साफ कहा है कि भारत बहुत जल्द रक्षा क्षेत्र में पूरी तरह आत्मनिर्भर बनने का प्रयास कर रहा है। जहां छोटी तो बड़ी कई तरह की फैक्ट्रियां लगाई जा रही हैं। जो एक ही लक्ष्य के साथ काम कर रही हैं। आत्मनिर्भर भारत रक्षा क्षेत्र में। कुल मिलाकर लखनऊ से शुरू हुई यह ब्रह्मोस डिलीवरी सिर्फ मिसाइलों की सप्लाई नहीं बल्कि भारत की बढ़ती ताकत और आत्मनिर्भरता का एक प्रतीक है। आने वाले समय में भारत की मिसाइल क्षमता को और मजबूत करेगी।

# अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी संप्रभुता का घोर उल्लंघन : ईरान

न्यूयॉर्क, (वार्ता)

ईरान ने अमेरिका द्वारा उसके बंदरगाहों की कथित नौसैनिक नाकेबंदी की कड़ी निंदा करते हुए इसे उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का घोर उल्लंघन बताया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थायी प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष को लिखे पत्र में इस कदम को अवैध आक्रामक कार्रवाई करार दिया, जो क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा है। श्री इरावानी ने कहा कि 12 अप्रैल को यूएस सेंट्रल कमांड द्वारा घोषित यह नाकेबंदी संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का उल्लंघन है और अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत आक्रामकता का स्पष्ट उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कदम ईरान के बंदरगाहों से आने-जाने वाले समुद्री यातायात को रोकने का प्रयास है, जिससे न केवल ईरान के संप्रभु अधिकारों में हस्तक्षेप हो रहा है, बल्कि तीसरे देशों और वैध समुद्री व्यापार के अधिकारों का भी उल्लंघन हो रहा है। ईरानी दूत ने चेतावनी दी कि तेहरान अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक और उचित कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

ईरान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप कर नाकेबंदी की निंदा करने और क्षेत्र में बढ़ते तनाव को रोकने की अपील की है। इस बीच, अमेरिकी नौसेना ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ा दी है, जिसमें यूएसएस अब्राहम लिंकन सहित कई युद्धपोत और 11 विध्वंसक तैनात हैं। हालांकि, ऑपरेशन में शामिल जहाजों की सटीक जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में सप्ताहांत में हुई वार्ता विफल रहने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी को मंजूरी दी। रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा, ईरान ने बहरीन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन से भी मुआवजे की मांग की है। ईरान का आरोप है कि इन देशों ने अमेरिका-इज़राइल अभियान में भूमिका निभाई और कुछ मामलों में ईरान के भीतर नागरिक ठिकानों पर अवैध हमलों में भी शामिल रहे। श्री इरावानी ने पत्र में श्री एंटोनियो गुटेरेस और बहरीन (जो अप्रैल में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाल रहा है) को संबोधित करते हुए कहा कि बहरीन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन को ईरान को पूर्ण क्षतिपूर्ति देनी चाहिए।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इन देशों को अपने अंतरराष्ट्रीय रूप से अवैध कृत्यों के कारण हुए सभी भौतिक और नैतिक नुकसान की भरपाई करनी होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन देशों को अपने अंतरराष्ट्रीय रूप से अवैध कृत्यों के कारण हुए सभी भौतिक और नैतिक नुकसान की भरपाई करनी होगी। ईरान के अनुसार, इन कार्रवाइयों से उसे भौतिक और नैतिक दोनों प्रकार का नुकसान हुआ है, जिसकी भरपाई संबंधित देशों को करनी चाहिए।

# बेअदबी के मामलों में सरकार न्याय से बच रही : फूलका

तलवंडी साबो/ चंडीगढ़, (वार्ता)

बैसाखी के पावन अवसर पर, भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने मंगलवार को तख्त श्री दमदमा साहिब में नतमस्तक हुए और खालसा साजना दिवस की बधाई दी। इस अवसर पर मीडिया से बात करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता एच एस फूलका ने बेअदबी के मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कई मामले पंजाब से बाहर स्थानांतरित किए जा रहे हैं, और पंजाब सरकार इन फैसलों को उच्च न्यायालय या उच्चतम न्यायालय में चुनौती नहीं दे रही है, जो उसकी मंशा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह मुद्दा केवल सिख समुदाय तक सीमित नहीं है, बल्कि सभी पंजाबियों की भावनाओं से जुड़ा है और इसका राजनीतिकरण नहीं किया जाना चाहिए। अपनी लंबी कानूनी लड़ाई के बारे में बात करते हुए श्री फूलका ने कहा कि उन्होंने अपने पद से इस्तीफा देने के बाद भी 1984 के सिख जनसंहार मामलों में न्याय के लिए लड़ना जारी रखा, जिसके परिणामस्वरूप सज्जन कुमार जैसे आरोपियों को सजा मिली। उन्होंने कहा कि यह सफलता वाहेगुरु के आशीर्वाद से ही संभव हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकारों ने दोषियों को सजा देने के बजाय उन्हें उच्च पदों से नवाजा। उन्होंने 1984 की हिंसा को 'कांग्रेस बनाम सिख' के रूप में वर्णित किया, न कि किसी धर्म के खिलाफ संघर्ष। श्री फूलका ने पंजाब की वर्तमान स्थिति, विशेष रूप से घटते जल संसाधनों और कृषि चुनौतियों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने चेतावनी दी कि आने वाले वर्षों में जल संकट गंभीर रूप ले सकता है। उन्होंने कहा कि उन्होंने पंजाब को विकास और समृद्धि के पथ पर वापस लाने के उद्देश्य से राजनीति में फिर से प्रवेश किया है ।

## होर्मुज़ जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता बनाए रखना जरूरी : संयुक्त राष्ट्र

**न्यूयॉर्क, (वार्ता)**। संयुक्त राष्ट्र ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच सभी पक्षों से होर्मुज़ जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार नौवहन की स्वतंत्रता का सम्मान बनाए रखने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि इस जलडमरूमध्य में समुद्री व्यापार में व्यवधान का असर क्षेत्र से बाहर भी पड़ा है और इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता तथा विभिन्न क्षेत्रों में असुरक्षा बढ़ी है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि मौजूदा संघर्ष का कोई सैन्य समाधान नहीं है और कूटनीतिक प्रयासों को जारी रखना जरूरी है। उन्होंने इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच हुई वार्ता को सकारात्मक कदम बताते हुए कहा कि युद्धविराम बनाए रखना और उलझनों को रोकना आवश्यक है। श्री गुटेरेस ने कहा कि गहरे मतभेदों के कारण समझौता तुरंत संभव नहीं है, लेकिन रचनात्मक बातचीत जारी रहनी चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान, सऊदी अरब, मिस्र और तुर्किये सहित मध्यस्थ देशों के प्रयासों की सराहना की। संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य में व्यवधान से लगभग 20,000 नाविक प्रभावित हुए हैं और वैश्विक व्यापार, खाद्य सुरक्षा तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं पर गंभीर असर पड़ा है। संयुक्त राष्ट्र की विभिन्न एजेंसियां सुरक्षित नौवहन सुनिश्चित करने के लिए तंत्र विकसित करने में जुटी हैं, जबकि महासचिव के विशेष दूत क्षेत्र में बातचीत जारी रखे हुए हैं।

## स्पेन ने तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोला

**मॉस्को, (वार्ता/स्पूतनिक)**। अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद स्पेन ने तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोल दिया है। स्पेन के राजनयिक मिशन ने यह जानकारी दी है। दूतावास ने सोमवार को एक्स पर कहा, हम तेहरान लौट रहे हैं। संघर्ष विराम के बाद ईरान में स्पेनिश दूतावास फिर से खुल रहा है। राजदूत एंटोनियो सांचेज़-बेनेडिटो गैस्पर, राजनयिक टीम और स्थानीय कर्मचारियों के साथ, शांति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से काम पर लौट रहे हैं। स्पेन के दूतावास को सात मार्च को खाली करा लिया गया था, राजनयिक मिशन ने उन सभी स्पेनिश नागरिकों की रवानगी सुनिश्चित कर ली थी जो ईरान छोड़ना चाहते थे।

## बढ़ते तनाव के बीच शी जिनपिंग ने पश्चिम एशिया के लिए रखा चार-सूत्री योजना का प्रस्ताव

**बीजिंग, (वार्ता)**। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पश्चिम एशिया युद्ध में मध्यस्थ की भूमिका में दिलचस्पी दिखाते हुए कहा है कि उन्होंने क्षेत्र में शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए यहां अबू धाबी के युवराज ज़ायेद अल नहयान के साथ बैठक में चार-सूत्री प्रस्ताव रखा है। श्री शी ने शांति पर जोर देते हुए कहा कि पश्चिम एशिया और खाड़ी क्षेत्र के लिए एक साझा, विस्तृत, सहयोगपूर्ण और टिकाऊ सुरक्षा व्यवस्था बनायी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता, सुरक्षा और क्षेत्रीय अखंडता का भी पूरी तरह सम्मान होना चाहिए। साथ ही नागरिकों एवं अवसंरचनाओं की भी सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। श्री शी ने कहा कि दुनिया को जंगल बनाने से बचाने के लिए अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान किया जाना चाहिए। उन्होंने विकास एवं सुरक्षा के सामंजस्य पर जोर देते हुए सभी पक्षों से साथ आकर क्षेत्रीय विकास के लिए अनुकूल माहौल बनाने अनुरोध किया। चीन का कूटनीतिक प्रयास ऐसे समय में सामने आया है जब अमेरिका-ईरान के बीच दो सप्ताह का युद्धविराम चल रहा है। इस दौरान दोनों देशों ने पाकिस्तान की मध्यस्थता में इस्लामाबाद में बैठकर शांति वार्ता भी की। यह शांति वार्ता 21 घंटे तक चली लेकिन इसका कोई हल नहीं निकला, जिससे युद्धविराम पर संकट के बादल मंडराने लगे। इस बीच, अमेरिका ने राष्ट्रपति ट्रंप की घोषणा के बाद ईरान के बंदरगाहों को बाधित कर दिया है, जिससे तेल के दामों में उछाल देखने को मिला है।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## अहान पांडे और अनीत पड्डा की पेप्सी कैंपेन ने 2.5 बिलियन व्यूज़ पार किये

अहान पांडे और अनीत पड्डा के पेप्सी के लेटेस्ट समर कैंपेन ने इंस्टाग्राम पर रिलीज़ के एक महीने के भीतर 2.5 बिलियन व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। यह भारत के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले ब्रांड फिल्मों में से एक बनकर उभरा है और यह दर्शाता है कि नई पीढ़ी के कलाकार पॉप कल्चर की बातचीत को किस तरह आकार दे रहे हैं। ऐसे समय में जब ब्रांड्स बिखरे हुए ऑडियंस अटेंशन के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं, यह कैंपेन अपने एंटरटेनमेंट-फर्स्ट अप्रोच के कारण अलग नजर आता है, जो विज्ञापन और कंटेंट के बीच की सीमाओं को धुंधला करता है। यह फिल्म तेजी से ऑनलाइन ट्रेंड करने लगी, जहां दर्शकों ने इस जोड़ी की नई ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री और युवा ऊर्जा को काफी पसंद किया। इंस्टाग्राम पर इस कैंपेन को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला, जो हाई शेयरबिलिटी और लगातार ऑडियंस एंगेजमेंट के कारण और भी बढ़ता गया। टीज़र से रिवील तक की कहानी के रूप में डिजाइन किए गए इस कैंपेन ने पहले दर्शकों में जिज्ञासा और चर्चाएं पैदा कीं और फिर ब्रांड कनेक्शन को सामने लाया। इस अप्रोच ने लगातार चर्चा और दोबारा देखने की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया। यह फॉर्मेट और इसके लीड एक्टर्स की रिलेटेबिलिटी इसे पारंपरिक विज्ञापन से ज्यादा एक एंटरटेनमेंट कंटेंट के करीब ले जाती है। इस कैंपेन को लेकर बातचीत का एक बड़ा हिस्सा अहान पांडे और अनीत पड्डा के इर्द-गिर्द भी रहा, जिन्हें एक नई पहचान के साथ उभरते हुए चेहरे के रूप में देखा जा रहा है। उनकी अलग, निडर और बिना फिल्टर की स्क्रीन प्रेज़ेंस ने उन्हें डिजिटल स्पेस की भीड़ में अलग पहचान दिलाई है।



## खनकती आवाज की मल्लिका थी शमशाद बेगम

जिन लोगो ने चालीस के दशक में बनी फिल्म पतंगा के गीत मेरे पिया गये रंगीन किया है वहां से टेलीपून, सुना होगा उन्हें अवश्य पता होगा कि इस फिल्म में शमशाद बेगम ने अपनी जादुई आवाज दी थी।



खनकती आवाज की मल्लिका कही जाने वाली शमशाद बेगम का जन्म पंजाब के अमृतसर में 14 अप्रैल 1919 को हुआ।इस दौर में भोंपु और ग्रामोफोन से यदि कोई आवाज निकलती तो शमशाद उसे गाने लगती ।यही उनका रियाज और उनकी साधना थी।संगीतकार मास्टर गुलाम हैदर ने जब शमशाद की आवाज को सुना तब महज 13 वर्ष की उम्र में एक पंजाबी गीत .हथ जोड़िया पंखिया दे..गवाया। शमशाद बेगम की आवाज में रचा बस यह गीत काफी लोकप्रिय हुआ ।इसके बाद रिकार्ड कंपनी ने उनसे कई गीत गवाये।उस दौर में शमशाद बेगम को प्रति गीत साढ़े 12 रूपये मिला करते थे।इसी दौरान पंजाबी फिल्मों के जाने-माने फिल्मकार दिलसुख पंचोली ने शमशाद बेगम की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें अपनी फिल्म यमला जट में पार्श्वगायन का मौका दिया।इस फिल्म के लिये शमशाद बेगम ने आठ गीत गाये।रोचक तथ्य है इसी फिल्म से सदी के खलनायक प्राण ने अपनी अभिनय यात्रा शुरू की थी।

वर्ष 1941 में प्रदर्शित फिल्म खजांची से शमशाद बेगम ने हिंदी फिल्मों में भी अपना कदम रख दिया।इस फिल्म में उन्होंने अपना पहला गीत ..सावन के नजारे है ..गाया।इसी फिल्म में पार्श्वगायक मुकेश के साथ उनका गाया गीत मोती चुगने गई रे हंसनी मनसरोवर तीर..बहुत लोकप्रिय हुआ।खजांची में उनके गाये अन्य लोकप्रिय गीतो में लौट गयी पापन अंधियारी और दीवाली फिर आई सजनी श्रोताओं के बीच पसंद की गयी। शमशाद बेगम ने एक बार इससे जुड़ा संस्मरण सुनाया था..मेरी बेटी की शादी हो रही थी ।सारा वातावरण गमगीन था ।अचानक ही यह गीत बजाया गया।मेरी बेटी रोते रोते हंस दी और उसने कहा अरे ये तो मेरी अम्मी का गीत है।..इसी फिल्म में शमशाद बेगम मे लता मंगेश्कर के साथ ..किसी के दिल में रहना था.गाया था। 1951 में प्रदर्शित फिल्म दीदार में शमशाद बेगम ने नौशाद के संगीत निर्देशन में ..चमन में रहके वीराना होता है ..जैसे सुपरहिट गीत गाये।वर्ष 1952 में प्रदर्शित बहार में सचिन देव बर्मन में जहां शमशाद ने दुनिया का मजा ले लो दुनिया तुम्हारी है जैसा फड़कता हुआ गीत गाया वही इसी फिल्म में उनका गाया गीत सइंया दिल में आना रे बेहद लोकप्रिय हुआ था। शमशाद बेगम ने जहां मदर इंडिया में विदाई के अवसर पर पी के घर आज प्यारी दुल्हनिया चली जैसा भावविभोर करने वाला गीत गाया।आज के दौर में जो गीत धूम धड़ाके वाले कहे जाते है इन गीतो का आगाज करने का श्रेय शमशाद बेगम को जाता है।शमशाद बेगम ने राजकपूर की फिल्म आवारा में एक दो तीन आजा मौसम है रंगीन जैसा फड़कता हुआ गीत गाने मे उन्हें कोई कठिनाई नही हुयी। शमशाद बेगम के गाये उल्लेखनीय गीतो में कुछ है..जब उसने गेसू बिखराये बादल आया झूम के,न आखो में आंसू ना होठो पे हाय, लेके पहला पहला प्यार,रेशमी सलवार कुर्ता जाली का,तेरी महफिल में किस्मत आजमा के हमभी देखेगे,कजरा मोहब्बत वाला आंखो में ऐसा डाला.,होली आई रे कन्हाई,बूझ मेरा क्या नाम रे,कही पे निगाहे कही पे निशाना,कभी आर कभी पार, आना मेरी जान संडे के संडे जैसे कई सुपरहिट नगमे शामिल है। शमशाद बेगम ने अपने दौर के सभी दिग्गज संगीतकार नौशाद,गुलाम हैदर,ओपी नैय्यर,कल्याणजी-आनंद जी,सी रामचंद्र के साथ काम किया ।वर्ष 2009 में शमशाद बेगम को उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुय पदम भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया1शमशाद बेगम सहगल की बड़ी प्रशंसक थी और उन्होंने उनकी फिल्म देवदास 14 बार देखी थी।अपनी खनकती आवाज से श्रोताओ को मंत्रमुग्ध करने वाली शमशाद बेगम 23 अप्रैल 2013 को इस दुनिया को अलविदा कह गयी।

## कॉलेज फेस्ट में फरहान अख्तर ने आशा भोंसले को दिया खास ट्रिब्यूट



बॉलीवुड फिल्मकार, अभिनेता और गायक फरहान अख्तर ने हाल ही में एक कॉलेज फेस्ट में,ऐसा पल बनाया जो सिर्फ संगीत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि दर्शकों के दिलों को गहराई से छू गया। अपनी जोशीली स्टेज उपस्थिति के लिए मशहूर फरहान ने अपने प्रदर्शन के बीच में रुककर दिग्गज गायिका आशा भोसले को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी, जिससे माहौल अचानक ऊर्जा से भरपूर से बदलकर गहरी भावनाओं और यादों से भर गया। अपने हालिया इंस्टाग्राम पोस्ट की भावना को साझा करते हुए, फरहान ने बताया कि आशा भोसले का भारतीय संगीत पर कितना गहरा प्रभाव रहा है और कैसे उनकी आवाज़ पीढ़ियों से लोगों के जीवन का हिस्सा रही है। उन्हें भारत की नंबर 1 सेनोरिटा कहते हुए, उन्होंने उनके संगीत की विविधता की सराहना की।ऐसे गीत जो लोगों की यादों, भावनाओं और जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। उनके शब्द बेहद व्यक्तिगत लगे, जैसे वे दर्शकों के साथ कोई साझा याद बाँट रहे हों। फरहान ने आशा भोसले का एक मशहूर गीत दम मारो दम गाना शुरू किया, जिससे पूरा माहौल जोश से भर गया। दर्शक भी इसमें शामिल हो गए और पूरा कार्यक्रम एक सामूहिक गान में बदल गया, जहाँ हर कोई इस गीत की जादूभरी यादों को जी रहा था। यह प्रस्तुति ऊर्जा और पुरानी यादों का शानदार मेल थी, जिसने अतीत को जीवंत कर दिया। इस पल को खास बनाने वाली बात उसकी सच्चाई थी। एक ऊर्जावान कॉन्सर्ट के बीच में रुककर एक महान कलाकार को सम्मान देना, उनके कला और विरासत के प्रति गहरे सम्मान को दर्शाता है। दर्शकों ने भी इसे खूब सराहा और ज़ोरदार तालियों से अपनी भावनाएँ व्यक्त कीं।ऐसे पल यह दिखाते हैं कि फरहान अख्तर सिर्फ एक परफ़ॉर्मर नहीं, बल्कि एक ऐसे कलाकार हैं जो विरासत की ताकत को समझते हैं। उनकी यह श्रद्धांजलि सिर्फ अतीत को याद करना नहीं थी, बल्कि उस संगीत का जश्न थी जो आज भी पीढ़ियों को जोड़ता है और हर सुर के साथ महान कलाकारों को जीवित रखता है।

# महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध

## मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के अंतर्गत नवनिर्मित वन स्टॉप सेंटर (सखी) का लोकार्पण किया

### वन स्टॉप सखी सेंटर से महिलाओं को एक ही स्थान पर मिल रही जरूरी सहायता

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)



प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि महिलाओं के सामने कई ऐसी सामाजिक चुनौतियां और तकलीफें होती हैं, जिन्हें वे सार्वजनिक रूप से व्यक्त नहीं कर पातीं हैं। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर (सखी) की व्यवस्था की है, जहां उन्हें सुरक्षित आश्रय, कानूनी सलाह, चिकित्सा सहायता, पुलिस सहयोग और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी सुविधाएं एक ही स्थान पर नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सरकार महिलाओं की आत्मनिर्भरता के लिए लगातार महत्वपूर्ण निर्णय ले रही है और शासन-प्रशासन दोनों ही हर स्तर पर महिलाओं के साथ खड़ी हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा बनाए गए कानून के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं से विवाह करने पर दंड का प्रावधान है, जिससे बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर रोक लगाई जा सके। उक्ताशय के विचार मंत्री श्री पटेल ने जिला अस्पताल के सामने डॉ. कॉलोनी में नारी शक्ति वंदन पखवाड़े के अंतर्गत पीड़ित महिलाओं के लिए वन स्टॉप सेंटर (सखी) के लोकार्पण कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने 48 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित वन स्टॉप सेंटर (सखी) का लोकार्पण किया। मंत्री श्री पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वन स्टॉप सेंटर (सखी) को प्रभावी बनाने के लिए एनजीओ व सामाजिक संस्थाओं को भी जोड़ा गया है, ताकि बेहतर समन्वय के साथ महिलाओं को सहायता मिल सके। यह केंद्र महिलाओं के आत्मसम्मान की रक्षा और उन्हें नई दिशा देने का एक पवित्र प्रयास है। मंत्री श्री पटेल ने सामाजिक कार्य से जुड़ी मातृशक्ति से आह्वान किया कि वे यहां आकर महिलाओं की समस्याओं पर चर्चा करें और उनके समाधान के लिए आगे आएं। उन्होंने कहा कि यह प्रयास होना चाहिए कि परिवार न टूटे बल्कि कानूनी और सम्मानजनक तरीके से समस्याओं का समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है।

मंत्री श्री पटेल ने नारी शक्ति वंदन करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि वन स्टॉप सेंटर में कोई भी विभाग जैसे पुलिस या डॉक्टर व वकील साधारण ड्रेस पर ही कार्य करते हैं, स्पेशल ड्रेस या कोट पर नहीं रहते हैं, जिससे पीड़ित महिलाओं को अपनी समस्या बताने में हिचक नहीं होती है। इस अवसर पर तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, श्री रामसनेही पाठक, श्रीमती संध्या कोठारी, श्रीमती निशा सोनी, हीरापुर के श्री राजा साहब, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, डॉ. अनंत दुबे, श्री सुरेन्द्र मोहन नेमा, श्री राहुल कौरव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया, डीपीओ महिला एवं बाल विकास श्री राधेश्याम वर्मा, सहायक संचालक सुश्री प्रांजलि मर्सकोले, श्री सौनिध्य सराठे, अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# राजीव गांधी पंचायती राज संगठन द्वारा 11 दिवसीय संविधान एवं पंचायती राज पखवाड़ा के संबंध में बैठक आयोजित

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।



स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में मंगलवार को राजीव गांधी पंचायती राज संघटन की जिला बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान 11 दिन 11 काम संविधान विषय पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान निर्माता डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाना और पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ़ करना है।

**11 दिन, 11 काम संविधान के नाम** - संगठन के प्रदेश प्रभारी अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि यह पखवाड़ा 14 अप्रैल बाबा साहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती से शुरू होकर 24 अप्रैल राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस तक चलेगा। इस 11 दिवसीय अभियान को 11 दिन, 11 काम, संविधान के नाम का शीर्षक दिया गया है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष से लेकर ग्राम स्तर के कार्यकर्ताओं तक, प्रत्येक सदस्य प्रतिदिन एक विशिष्ट कार्य करेगा। अभियान के तहत संविधान वाचन सभा और प्रभात फेरी, ?श्रमदान और वृक्षारोपण। मनरेगा संवाद, जनहित ज्ञापन और पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं पर चर्चा प्रमुख गतिविधियां शामिल हैं।

**पंचायतों का सशक्तीकरण और गांधीवादी विचार** - प्रदेश प्रभारी अभिषेक ने संगठन के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका लक्ष्य संविधान की प्रस्तावना में निहित भावनाओं को धरातल पर उतारना है। उन्होंने बापू महात्मा गांधी और बाबा साहेब के सर्वोदय और स्वराज के सपने को साकार करने पर जोर दिया। संगठन का मानना है कि व्यक्ति निर्माण से ही एक बेहतर नागरिक और समाज का निर्माण संभव है।

**किसानों और पंचायत प्रतिनिधियों की समस्याओं पर चर्चा** - बैठक में स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर के कई ज्वलंत मुद्दों पर विमर्श किया गया। पंचायतों को वित्तीय अधिकार न मिलने और उनके सशक्तिकरण में आ रही बाधाओं पर रणनीति बनाई गई। व्यापार समझौते पर अभिषेक जी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नई ट्रेड डील्स से किसानों को भारी नुकसान हो सकता है। विशेषकर मध्य प्रदेश की मुख्य फसलों, सोयाबीन और कपास के किसानों पर इसका गहरा आर्थिक प्रभाव पड़ेगा, जिससे वे और अधिक गरीबी की ओर धकेले जा सकते हैं। उन्होनें बताया कि किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य, ऋण माफी और सिंचाई जैसी बुनियादी समस्याओं पर भी संगठन आगामी दिनों में संघर्ष करने की तैयारी में है। सिंचाई की समस्या हर साल आती है, लेकिन वर्तमान व्यापार नीतियां आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करेंगी। बैठक के दौरान संघटन की प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर मोना कौरव, प्रदेश मार्गदर्शक दिग्विजय सिंह, नरसिंहपुर जिला अध्यक्ष कनछेदी पटेल पटेल सहित राजीव गांधी पंचायती संघटन के पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

# श्री वल्लभाचार्य प्राकट्य उत्सव पर प्रभात फेरी निकाली गई



गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

स्थानीय भगवान श्रीकृष्ण के अनुयायी वैष्णव जनो ने आज पुष्टिमार्गीय सम्प्रदाय के प्रर्वतक श्री श्री श्री वल्लभाचार्य जी की 548 वां प्राकट्य दिवस पर गोर्वधननाथ जी की हवेली से वल्लभकुल के भजन गीत गायन के साथ प्रभात फेरी निकाली गई । समापन के अवसर पर हवेली में आत्ममुग्ध भजनों के साथ चक्रीय नृत्य उत्साह पूर्वक किया गया आरती पूजा अर्चना प्रसाद वितरण के साथ प्रथम चरण का समापन किया गया। दोपहर हवेली में राजभोग दर्शन में विशेष रूप से तिलक पुजा की गई उल्लेखनीय है कि आपका प्राकट्य सन 1479 ईस्वी में मध्य प्रदेश के चंपारण में तेलगु ब्राम्हण परिवार में हुआ था। वल्लभाचार्य जी को भगवान श्रीकृष्ण मुख से प्रगट अग्नि स्वरूप माना जाता है और आपने हिन्दू दर्शन करते हुए बृज यात्रा करते हूए भक्ति आंदोलन के ध्वजा वाहक बने।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नरसिंहपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, साइन बोर्ड लगाने व शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने और शहर में पार्किंग व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए।

सड़कों में साईड सोल्डर, स्पीड ब्रेकर और ब्लैक स्पॉट स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा गया। बैठक में सड़कों के गड्ढों की मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और पुलिस विभाग का अमला मौजूद था।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन हर पीढ़ी के लिए प्रेरणा-दायक

### प्रहलाद सिंह पटेल ने अम्बेडकर जयंती पर युवाओं को दिया संदेश- शिक्षा ही सबसे बड़ा अस्त्र

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर नमन करते हुए देश हित में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के बारे में जरूर पढ़ें और उनके द्वारा देशहित में किए गए योगदान को समझें। डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षा का अस्त्र जिसके पास है, तो उसे कोई पीछे नहीं हटा सकता और वह अन्याय भी नहीं होने देगा। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने उच्च शिक्षा प्राप्त की और देश के संविधान के निर्माता बनें। डॉ. अम्बेडकर का जीवन विपरीत परिस्थिति में रास्ता निकालकर आगे बढ़ने का उदाहरण है, जो आज सभी के लिए महत्वपूर्ण प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि उनके संघर्ष में उनकी पत्नि का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मंत्री श्री पटेल ने डॉ. अम्बेडकर की जन्म स्थली से लेकर मृत्यु तक के प्रमुख स्थानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डॉ. अम्बेडकर की जन्म स्थली महू में उनकी स्मृति में भव्य स्मारक बनाया गया है। डॉ. अम्बेडकर ने जहां शिक्षा प्राप्त की है, उसका नाम शिक्षा तीर्थ रखा गया है।



मंत्री श्री पटेल मंगलवार 14 अप्रैल को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में आयोजित जिला स्तरीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल के आगमन पर उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्र- छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और राष्ट्रीय गीत वंदे मारतम् का सामूहिक गायन किया गया। मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने डॉ. अम्बेडकर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मंत्री श्री पटेल ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को पंचतीर्थ नाम से संबोधित किया। उन्होंने बताया कि संविधान में केन्द्र व राज्य की संरचना की गई है और उनके अधिकारों का वर्णन किया गया है। जिससे केन्द्र व राज्य में समन्वय बना रहे। उन्होंने सामाजिक उत्तरदायित्व, पिछड़ापन, शिक्षा, आर्थिक स्थिति के बारे में भी उनके द्वारा किए गए योगदान के बारे में बताया। मंत्री श्री पटेल ने इस अवसर पर 1842 ई. में नरसिंहपुर जिले के हीरापुर के राजा हिरदेशाह लोधी द्वारा अंग्रेज सरकार के विरूद्ध किए गए विद्रोह के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इतिहास के पन्नों में सन् 1842 से लेकर 1942 तक आजादी की लड़ाई को प्रमुखता से बताया। मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने प्रारंभिक शिक्षा भारत में पूर्ण करने के बाद लंदन में जाकर डिग्रियां हासिल की। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर की जन्म स्थली, शिक्षा केन्द्र, बौद्ध दीक्षा व उनकी मृत्यु स्थलों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. अम्बेडकर के समक्ष सामाजिक उत्तरदायित्वों के साथ-साथ जब आरक्षण का सवाल आया तब उन्होंने जिन बारिकी से बात की है, वह देखने की जरूरत है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि संविधान को पढ़ोगे, तो आपको ऐसा लगेगा कि आप वर्तमान में जी रहे हैं। देश को चलाने का एक ही मार्ग है और वो है देश का संविधान। उन्होंने कहा कि हमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को अपनाना चाहिए कि गरीबी प्रतिभा को निखारने से नहीं रोक सकती, इसका उदाहरण डॉ. अम्बेडकर का सम्पूर्ण जीवन है। कार्यक्रम को तेंदूखेड़ा विधायक श्री विश्वनाथ सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह व श्री रामसनेही पाठक ने भी संबोधित किया।

# समाधान योजना का लाभ जन जन तक शिविर लगाकर पहुंचाएं



**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** नरसिंहपुर व्रत के अधीक्षण अभियंता नीलाभ श्रीवास्वत और कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले ने संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि समाधान योजना का लाभ जन जन तक शिविर लगाकर पहुंचाएं। इसी क्रम में बिजली विभाग नरसिंहपुर संचा संधा संभाग अंतर्गत डांगीढाणा वितरण केन्द्र के ग्राम पंचायत गोरखपुर में समाधान योजना अंतर्गत शिविर लगाया गया। जिसमें पूरे मुख्यालय में 700 उपभोक्ताओं पर 20 लाख रुपए की राशि बकायदार है ।शिविर में सरपंच सचिव महोदय ओर ग्रामीण उपस्थित रहे वितरण केन्द्र प्रभारी संदीप यादव संभागीय कार्यालय से फकरुद्दीन जी कार्यालय सहायक ब्रह्मा स्रोत कर्मचारी अनुज यादव राजेश रजक उपस्थित रहे वितरण केन्द्र प्रभारी ने बताया है कि डांगी ढाणा वितरण केन्द्र के अंतर्गत 4000 उपभोक्ताओं पर लगभग 1 करोड़ 89 लाख रुपए राशि बकायदार है शिविर में राशि जमा नहीं करने पर आगामी समय में लाइन काटने ओर ट्रांसफार्मर बंद करने को कार्यवाही की जाएगी वितरण केन्द्र प्रभारी श्री संदीप यादव के द्वारा बताया गया है कि मध्य प्रदेश शासन ऊर्जा विभाग द्वारा समाधान योजना अंतर्गत 15 मई तक योजना का लाभ लेकर लाभान्वित होने की अपील की गई है।

# गेहूं खरीदी संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियां पूर्ण करने के लिए जांच दल गठित

**नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूं उपार्जन का कार्य 15 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होगा। उपार्जन कार्य प्रारंभ होने के पूर्व सभी गेहूं खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण कर उपार्जन संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं एवं तैयारियां पूर्ण करने के लिए जिला आपूर्ति अधिकारी नरसिंहपुर ने जांच दल गठित करने के आदेश जारी किए है। जारी आदेश के मुताबिक तहसील नरसिंहपुर, गोटेगांव, करेली, तेंदूखेड़ा, गाडरवारा व सांईखेड़ा के लिए संबंधित कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, सहकारिता विस्तार से अधिकारी, संबंधित प्रदाय केन्द्र प्रभारी-एमपीएससीएससी और संबंधित शाखा प्रबंधक एमपीडब्ल्यूएलसी को जांच दल में शामिल किया गया है। उक्त जांच दल खरीदी केन्द्रों का निर्धारित प्रारूप में सभी बिंदुओं पर जांच कर गेहूं उपार्जन संबंधित सभी व्यवस्थाएं एवं तैयारियां पूर्ण कराना सुनिश्चित कराएंगे।

# 18 अप्रैल से विश्वकर्मा महाकुंभ का आयोजन

### महापुराण साथ होगी भव्य श्री रामकथा



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** नगर में आगामी 18 अप्रैल से 25 अप्रैल तक भगवान श्री विश्वकर्मा जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ, श्री विश्वकर्मा महापुराण एवं भव्य श्री रामकथा का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में गतदिवस कार्यक्रम स्थल शासकीय अस्पताल के सामने खजांची परिसर पर प्रेसवार्ता का आयोजन समिति द्वारा किया गया।

प्रेसवार्ता में बताया गया कि यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिदिन यज्ञ, पूजन एवं प्रवचन आयोजित होंगे, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान श्री विश्वकर्मा जी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा विशेष विधि-विधान से संपन्न होगी। साथ ही श्री विश्वकर्मा महापुराण एवं श्री रामकथा का आयोजन भी विद्वान आचार्यों एवं कथावाचकों के सानिध्य में किया जाएगा, जिससे भक्तजन धर्म एवं संस्कृति के प्रति जागरूक हो सकें।

कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल, स्वच्छता एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की जा रही है। बाहर से आने वाले भक्तों के लिए भी विशेष प्रबंध किए गए हैं।

साथ ही प्रेसवार्ता में श्री विश्वकर्मा मंदिर समिति के पदाधिकारी एवं गण नागरिकों की उपस्थिती में श्री विश्वकर्मा महाकुंभ पत्रक का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर आयोजक समिति ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ उठाने की अपील की है।

# खनिज विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

खनिज विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया, वन मंडलाधिकारी, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर की उपस्थिति में सोमवार को सम्पन्न हुई। बैठक में वन, राजस्व एवं पुलिस विभाग के द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर की गई संयुक्त कार्यवाही की समीक्षा की गई। नर्मदा नदी क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए लगातार संयुक्त दल द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में अवगत कराया गया। नर्मदा नदी व अन्य नदियों में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए वन, राजस्व एवं खनिज व पुलिस विभाग के द्वारा लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। जिले में स्वीकृत रेत खदानों के सीमांकन अतिशीघ्र पूर्ण करने को कहा गया। अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के प्रकरणों की जानकारी उपलब्ध कराने और पुलिस विभाग के सहयोग लेने के निर्देश दिए गए। वाहनों पर अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के प्रकरणों की जानकारी क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय नरसिंहपुर को भेजने को कहा गया। जिससे उक्त वाहनों पर कार्यवाही की जा सके। जबलपुर जिले से लगे ग्राम अमोदा, हीरापुर व विक्रमपुर में नर्मदा नदी क्षेत्र से खनिज रेत के अवैध उत्खनन के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सेन समाज की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने सदर मंदिर प्रांगण स्थित तुलसी मानस भवन में सेन समाज की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह में मौजूद सेन समाज के नागरिकों को शुभकामनाएं दी।

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के आदर्शों को अपनाएं। शिक्षा ग्रहण कर आदर्श समाज का निर्माण करें। इस अवसर पर श्री रामसनेही पाठक और सेन समाज के पदाधिकारी व नागरिकगण मौजूद थे।

# इंदिरा कॉलोनी में हुई कायस्थ समाज की बैठक



**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** कायस्थ महासभा गाडरवारा की बैठक इंदिरा कॉलोनी आज़ादवार्ड मे राजकुमार श्रीवास्तव के आवास पर विगत दिवस सम्पन्न हुई। जिसमें आगामी 23 अप्रेल को समाज के आराध्य चित्रगुप्त प्रकटोत्सव मनाने की तैयारियों की समीक्षा की गई।

साथ ही समाज के अधिक से अधिक लोगों के जुड़ने, सामाजिक एकता पर बल देने और आयोजन मे सबके सुझाव लिए गए। सभी उपस्थितों ने समाज हित में पूर्ण सहयोग का आश्वसन दिया। आयोजन की रूपरेखा कुशलेन्द्र श्रीवास्तव एवं आषीष सक्सेना ने रखी। इस मौक़े पर इंदिरा कॉलोनी से डॉ. आरके खरे, सुनील, राहुल, सतीष, राजेश, मुरारीलाल श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार, नरेश कुमार श्रीवास्तव, आलोक सक्सेना, अनीता, बृजमोहन, महेश कुमार श्रीवास्तव अरविंद खरे प्रतिभा कॉलोनी, सहित सावित्री श्रीवास्तव, दिनेष, प्रषांत, अरूण, कुलदीप, बसंत, शैलेन्द्र, दुर्गेश, संजीव, दिलीप, लक्ष्मीकांत, विपिन, अजय, ग्राम उड़नी पिपरिया से अरूण श्रीवास्तव, आदि अनेक लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर बाइक रैली में लगाने वाले छोटे झंडे, आमंत्रणपत्र आदि सामाजिक जनों के समक्ष रखे गए।


## न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर
### सार्वजनिक उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 23 अ-20(1) सन् 2026-27

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अनुसूची में उल्लेख अनुसार स्थायी पट्टा नवीनीकरण की कार्रवाई इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 30/04/2026 को प्रात: 11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष या स्वंय या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हों या वैध प्रतिनिधि के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

| नजूल शीट क्रमांक | नगरीय क्षे. का नाम | प्लाट नं. | क्षे. फल वर्गफुट में | विद्यमान अभिलेख में अंकित/धारक/धारकों का नाम/ पिता/माता/ पिता का नाम तथा पूर्ण पता | उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/ पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष में प्रकरण विचाराधीन है |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 12 | कंदेली | 71/2 | 448 वर्गफुट | श्रीमति सिंधु जैन पति संतोष कुमार जैन निवासी गांधी वार्ड कंदेली | श्रीमति सिंधु जैन पति संतोष कुमार जैन निवासी गांधी वार्ड कंदेली |

आज दिनांक 08/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, नरसिंहपुर

# बिना लाइसेंस चल रहे मैरिज गार्डनों पर निगम का डंडा, तीन स्थलों पर जड़ा ताला

## नगर निगम ने विवाह स्थल उपविधि 2020 के तहत की बड़ी कार्रवाईय संचालकों में मचा हड़कंप

कटनी (स्वतंत्रमत)।

नगर पालिक निगम ने शहर में अवैध रूप से संचालित हो रहे मैरिज गार्डनों के खिलाफ सोमवार को सख्त रुख अख्तियार किया। निगम प्रशासन ने मध्यप्रदेश नगर पालिका विवाह स्थल पंजीयन एवं उपभोग उपविधि 2020 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले तीन प्रमुख मैरिज गार्डनों को सील कर दिया है। इस कार्रवाई के बाद से शहर के अन्य अनधिकृत गार्डन संचालकों में हड़कंप की स्थिति है।



### नोटिस के बाद भी नहीं चेते संचालक

नोडल अधिकारी (कॉलोनी सेल) ने बताया कि यह कार्रवाई निगमायुक्त के सीधे निर्देश पर गठित विशेष दल द्वारा की गई। जांच के दौरान पाया गया कि संबंधित विवाह स्थल बिना किसी वैध पंजीयन और आवश्यक अनुमति के संचालित किए जा रहे थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि इन संचालकों को पूर्व में भी नोटिस जारी कर नियमानुसार लाइसेंस प्राप्त करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्धारित समय सीमा बीत जाने के बाद भी नियमों का पालन नहीं किया गया। परिणामस्वरूप, सोमवार को इन स्थलों पर तालाबंदी कर उनके संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई।

### सुरक्षा और मानकों से समझौता नहीं

निगम प्रशासन के अनुसार, मैरिज गार्डन संचालन के लिए सुरक्षा, पार्किंग, स्वच्छता और अग्नि शमन जैसे कड़े मानकों का पालन करना अनिवार्य है। बिना पंजीयन चलने वाले गार्डन न केवल राजस्व की हानि करते हैं, बल्कि आयोजनों के दौरान सुरक्षा के मानकों की भी अनदेखी करते हैं। म.प्र. नगर पालिका विवाह स्थल पंजीयन एवं उपभोग उपविधि 2020। नियमों की अवहेलना करने वाले अन्य संस्थानों पर भी कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। नागरिकों को सलाह: बुकिंग से पहले संबंधित स्थल के वैध लाइसेंस की जांच अवश्य करें।

### आम जनता से अपील

निगम प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे किसी भी मांगलिक कार्य या आयोजन के लिए केवल उन्हीं विवाह स्थलों का चयन करें जो नगर निगम में पंजीकृत हैं। अवैध गार्डनों में बुकिंग करने पर भविष्य में प्रशासनिक कार्रवाई के कारण नागरिकों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। शहर में अव्यवस्थित और अवैध मैरिज गार्डनों का संचालन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी संचालकों को उपविधियों के अनुरूप पंजीयन कराना अनिवार्य है, अन्यथा तालाबंदी और जुर्माने जैसी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

# एक करोड़ तिरसठ लाख रुपये तक पहुँचा सहयोग

## पीएमयूएम शिक्षक संघ शासन से मान्यता प्राप्ति की ओर अग्रसर

कटनी (स्वतंत्रमत)।

पीएमयूएम शिक्षक संघ द्वारा अपने दिवंगत सदस्यों के परिजनों को आर्थिक संबल प्रदान करने का सराहनीय कार्य निरंतर जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्मचारी कल्याण कोष योजना के माध्यम से इस बार दो दिवंगत सदस्यों के परिवारों को एक साथ सहयोग प्रदान किया जा रहा है। स्व. महेन्द्र सिंह मुवेले के परिवार को अब तक लगभग 23 लाख रुपये तथा स्व. रेवाराम अलोने जी के परिवार को 27 लाख रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की जा चुकी है। यह सहयोग प्रक्रिया 15 अप्रैल तक जारी रहेगी। संघ के अनुसार वर्तमान में लगभग 1 लाख 6 हजार शिक्षक एवं कर्मचारी सदस्यता ले चुके हैं, जिनमें शिक्षा विभाग के अधिकारी, बाबू एवं चपरासी भी शामिल हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में नए सदस्य जुड़ रहे हैं। संघ के प्रांतीय प्रवक्ता रमाशंकर राजू तिवारी जिला ने बताया कि कर्मचारी कल्याण कोष योजना के माध्यम से संघ निरंतर अपने दिवंगत साथियों के परिवारों को आर्थिक सहयोग प्रदान कर रहा है। यह योजना (सहयोग के बदले सहयोग) की भावना पर आधारित है, जिसमें प्रत्येक सदस्य की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जो सदस्य सहयोग नहीं करते हैं, वे योजना के लाभों से वंचित रह जाते हैं। किसी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की स्थिति में ऐसे सदस्यों के लिए सहयोग की अपील नहीं की जाती, इसलिए सभी सदस्यों से बार-बार आग्रह किया जा रहा है कि वे अपना सहयोग समय पर पूर्ण करें। यह सहयोग प्रक्रिया केवल 15 अप्रैल तक ही जारी रहेगी। उन्होंने यह भी अपील की कि जो साथी अभी तक सदस्यता नहीं ले पाए हैं, वे शीघ्र सदस्यता ग्रहण कर इस पुनीत कार्य का हिस्सा बनें।

आईटी सेल प्रभारी ने बताया कि यह संगठन केवल एक संघ नहीं, बल्कि एक परिवार है, जहाँ हर सदस्य एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ खड़ा रहता है। संघ के संस्थापक सतीश खरे ने बताया कि सहयोग प्रक्रिया को और अधिक सरल बनाया जा रहा है तथा जून माह तक एक मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया जाएगा, जिससे सदस्यों को तकनीकी सुविधा प्राप्त होगी। जिलाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने बताया कि यह संगठन मध्यप्रदेश के सबसे बड़े संघ के रूप में स्थापित हो चुका है और शीघ्र ही शासन से मान्यता प्राप्त करने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि जल्द ही संघ को शासन से औपचारिक मान्यता प्राप्त होगी। जिला प्रभारी पंकज प्यासी ने बताया की अपने जिले से भी एक हजार से अधिक सदस्यों ने अपना सहयोग कर दिवंगत साथी को सच्ची श्रद्धांजलि दी है।

# शासकीय धान की मिलिंग में देरी से शासन को बढ़ा अरबों रुपये प्रतिमाह का नुकसान

## प्रदेश के मिलर्सो ने खाद्य मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव खाद्य को सौंपा ज्ञापन

**कटनी (स्वतंत्र मत)।** जिले के साथ प्रदेश में धान की कस्टम मिलिंग में हो रही देरी और उससे प्रतिमाह हो रहे अरबों रुपये के आर्थिक नुकसान को लेकर राइस मिलर्सो की चिंता अब खुलकर सामने आ गई है। इस संबंध में मिलर्स प्रतिनिधिमंडल ने खाद्य मंत्री गोविंद सिंग राजपूत, अपर मुख्य सचिव खाद्य से भोपाल में मुलाकात कर अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा और शीघ्र समाधान की मांग की।



प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, महासचिव ईश्वर रोहरा, माखन निषाद सहित एवं अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। मिलर्स ने मंत्री को अवगत कराया कि धान की धीमी मिलिंग के कारण शासन को हर माह अरबों रुपये का नुकसान हो रहा है, वहीं मिलर्स को भी मिलिंग करने में आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने अपग्रेडेशन राशि जारी करने, शासकीय धान की ट्रायल मिलिंग के आधार पर वास्तविक मिलिंग करवाने, बारदाना उपयोगिता व्यय के राज्यांश का लंबित भुगतान और परिवहन व्यय में संशोधन जैसी प्रमुख मांगें रखीं। प्रतिनिधिमंडल ने आग्रह किया कि शासन इन मांगों पर शीघ्र निर्णय लेकर मिलिंग प्रक्रिया को गति दे, जिससे न केवल मिलर्स को राहत मिले बल्कि सरकार को हो रहे नुकसान को भी रोका जा सके। प्रदेश में किसानों से लगभग 5 करोड़ क्विंटल धान उपार्जित हुई है, जिस पर प्रति क्विंटल लगभग 10/- से 50 करोड़ का गोदाम भंडारण व्यय, 20/- प्रति क्विंटल से 100 करोड़ का ब्याज का नुकसान एवं इसके अलावा लगभग 50 करोड़ का सुखत आदि का नुकसान हो रहा है, जो कुल मिलाकर प्रतिमाह लगभग 200/- करोड़ रुपये होता है, इसके अलावा जो धान खुले कैपो में शासन द्वारा रखी गई है उस पर धूप, बारिश में सड़ने का खतरा भी मंडरा रहा है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर महाविद्यालय में गरिमामय कार्यक्रम आयोजित

## छात्राओं को समानता, न्याय और अधिकारों के प्रति किया गया जागरूक

कटनी (स्वतंत्रमत)।



कार्यालय क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा जबलपुर म.प्र. संभाग जबलपुर के पत्र क्रमांक 958/अति.सं./उशि/स्था./2026, १० अप्रैल तथा मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के पत्र क्रमांक 587/4917/82026/38- 2 दिनांक 08 अप्रैल के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 10 से 14 अप्रैल 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन हेतु निर्देश प्रदान किए गए।

उक्त निर्देशों के परिपालन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में 14 अप्रैल को महाविद्यालय परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात के द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य के द्वारा डॉ. अंबेडकर के जीवन, संघर्ष एवं उनके महान विचारों पर प्रकाश डाला गया। जिससे छात्राओं एवं उपस्थित जनों को उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व के विभिन्न आयामों को समझने का अवसर प्राप्त हुआ। प्राचार्य के वक्तव्य ने अम्बेडकर के सामाजिक समानता न्याय एवं अधिकारों के प्रति जागरूक होने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राएं, प्राध्यापकगण एवं स्टाफ सदस्य उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे।

# एमबीबीएस डिग्री प्राप्त कर खुशी शुक्ला ने बढ़ाया परिवार व क्षेत्र का गौरव




**कटनी (स्वतंत्र मत)।** एडवोकेट अमित शुक्ला एवं मनोरमा शुक्ला की सुपुत्री खुशी शुक्ला ने अटल बिहारी बाजपेई मेडिकल कॉलेज, विदिशा से एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर परिवार एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। आयोजित दीक्षांत समारोह में कुलपति द्वारा खुशी शुक्ला को विधिवत डिग्री प्रदान की गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देने का आशीर्वाद दिया गया। खुशी शुक्ला ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन, शिक्षकों के सहयोग एवं निरंतर प्रेरणा को दिया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा की भावना के साथ मरीजों की बेहतर सेवा करना ही उनका लक्ष्य है। खुशी की इस उपलब्धि पर परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों एवं क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे नारा देने बाबा सत्यनारायण मौर्य पहुंचे हरिहर तीर्थ

## संजय पाठक ने चित्र एवं मूर्ति कला की हस्तियों का किया स्वागत, हरिहर तीर्थ की दी पूरी जानकारी

कटनी (स्वतंत्र मत)।

भव्य दिव्य श्री रामलाला का मंदिर अयोध्या में बनकर तैयार है पर इस मंदिर निर्माण और बाबरी ढांचा को मिट्टी में मिलाए जाने के राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान कई ऐसे नारे आए जिन्होंने हिंदू कारसेवकों में उत्साह का संचार किया। ऐसा ही एक नारा है- रामलला हम आएँगे, मंदिर वहीं बनाएँगे। इस नारे के प्रणेता बाबा सत्यनारायण मौर्य ने विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक के निमंत्रण पर रामराजा पर्वत पर हरिहर तीर्थ के निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण किया उनके साथ भारतीय प्रतिमा विज्ञान के विशेषज्ञ एवं मूर्तिकार दिनेश शर्मा भी पहुंचे। अपने चित्र, कविता और संगीत के द्वारा राष्ट्र



जागरण के कार्य में लगे हुए बाबा सत्यनारायण मौर्य जो एक लेखक, संगीतकार, गीतकार, कुशल वक्ता और सिद्धहस्त चित्रकार हैं एवं प्रसिद्ध मूर्तिकार दिनेश शर्मा का विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने आत्मीय स्वागत करते हुए हरिहर तीर्थ के दिव्य प्रकल्प के निर्माण कार्यों की जानकारी प्रदान करते हुए सघन निरीक्षण किया एवं इस दौरान दोनों मूर्धन्य कलाकारों के साथ सांस्कृतिक धरोहर और तीर्थ की भव्यता से निर्माण को लेकर सार्थक चर्चा हुई। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर अपने अपने सुझाव भी दिए। संजय पाठक ने उनको जानकारी देते हुए बताया कि इस हरिहर तीर्थ क्षेत्र के निर्माण से विजयराघवगढ़ आने वाले श्रद्धालुओं पर्यटकों से वहां प्रसाद, फूल, परिवहन और होटल उद्योग पर्यटन से जुडने वाले हज़ारों लोगों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होगे जिससे क्षेत्र के आर्थिक विकास की गति में तेजी आएगी।

# सतगुरु बाबा जैरामदास साहिब जी का 131 वां जन्मोत्सव मनाया



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** ज्वाला चक्की स्थित बाबा जैरामदास दरबार में सतगुरु बाबा जैरामदास साहिब जी का 131 वां जन्मोत्सव मंगलवार 14 अप्रैल को अपार श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 10 बजे श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का भोग साहिब का आयोजन हुआ, जिसमें कटनी की प्रसिद्ध मंडली (बालक मंडली) के गोवर्धन, दिलीप उदासी का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ एवं दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक लंगर (भंडारा) का आयोजन हुआ। पूरे दरबार परिसर में भजन कीर्तन की मधुर धावनियाँ गूंजती रहीं इस भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मोहन बत्रा, जयरामदास दरबार ट्रस्ट के अध्यक्ष त्रिलोकचंद भोजवानी, सचिव इन्द्रलाल रावलानी, अशोक मोहनानी, गोविंद सचदेवा, पूरनलाल मुल्तानी, इदनदास पोपटानी, अशोक आहुजा, कांग्रेस अध्यक्ष, अमित शुक्ला, प्रहलाद चेतवानी, वरुमल आहुजा, मोहन रोहरा, किशन पंजवानी साजनसचदेवा, सतराम सुंदरानी, शशि रतनानी, नेवंदराम खूबचंदानी, महेश रावलनी, संतोष कुमार, कमल नागवानी, पार्षद मिथलेश जैन, सिब्बू साहू, चोके भाईजान, बिट्टू अहमद, मनोहर लाल बजाज, राजकुमार पुरुसवानी, कमलचंद मेघानी, राजेश बनवारी, सुरेश नागवानी, सुरेश रोचलानी, रमेश वाधवानी, सुरेश ओचानी, दीपक सुंदरानी व अन्य सेवादारी उपस्थित रहे।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर भव्य समारोह

## अजाक्स संघ एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम

कटनी (स्वतंत्र मत)।

मध्य प्रदेश अजाक्स संघ जिला शाखा कटनी के जिला महासचिव पूर्णेश उइके ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 14 अप्रैल को अजाक्स संघ एवं अन्य सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती कार्यक्रम दोपहर 01 बजे मुख्य रेलवे स्टेशन कटनी से सुभाष चौक झंडा बाजार आजाद चौक मिशन चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के मैदान माधवनगर गेट के सामने रैली पैदल भ्रमण करते हुए जय भीम जय संविधान बाबा साहब अमर रहे नारों से गुंजायमान होते हुए पहुंची इसके पश्चात मंचीय कार्यक्रम में अरविंद सिंह पेंड्रो संभागीय संयुक्त सचिव के मुख्य आतिथ्य में अरविंद सिंह धुर्वे, जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में एवं क्रांति कुंवर सिंह, मृत्युंजय सिंह, तोडर सिंह, ओमप्रकाश सकतेल, मनोज कोरी, विजय पटेल, अजय गोटियां, अरविंद टेकाम, चंद्रभान बौद्ध, राहुल भैया, मनीषा धुर्वे, एड जेपी चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ समस्त वक्ताओं ने बाबा साहब के द्वारा लिखित संविधान सामाजिक समानता शिक्षा न्याय नारी सशक्तिकरण विश्व बंधुत्व की भावना पर विचार व्यक्त करते हुए समाज में भाईचारा एकता का संदेश दिया उक्त कार्यक्रम में अजाक्स संघ गोंडवाना सामाजिक उत्थान समिति कोल ट्राइबल फाउंडेशन अखिल भारतीय सफाई कर्मचारी संघ ट्रेड यूनियन, जयस, भारतीय युवा शक्ति संगठन, कोयतूर गोंड महासभा भीम आर्मी, ओबीसी महासभा के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण रामदास चौधरी, देवी सिंह, कुलस्ते सुग्रीम सिंह मरावी, किशन लाल भूमिया, सुलोचना सिंह, अरविंद झरिया, घनश्याम चौधरी, सुरेन्द्र घरते, जय चौधरी, सुगराम, नेहा, आर्मो, वैशाखू, राम, संध्या, विनोद, मंगल सिंह मरावी, सहनाम सिंह, गुलाब सिंह, गुड्डा रैदास, दयाराम, भानु प्रताप, गुलाब सिंह, वचन सिंह, महिपाल सिंह, जयपाल सिंह, दुर्गेश मोगरे, उमेश सोनखरे, लालचंद, हरीश बेन, धर्मेंद्र, राज, सोहन दहिया, मनोज दहिया, संतोष सिंह, सैयाम गवेंद्र, उर्वेती मानसिंह, कुणाल कोल, आशुतोष धुर्वे, दशरथ एपी मौर्य, ज्ञानवती, जयभान सिंह, सपना, अजय पाल, संतोष, संदीप, रैदास सोनू बेन, योगेश, अजय गौंटिया, देवी सिंह, अनंत प्रताप, सारौते इंद्रभान अन्य उपस्थित होकर कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन अमित कुंडे तहसील अध्यक्ष कटनी के द्वारा किया गया।

# प्रबन्ध संचालक पूर्व क्षेत्र जबलपुर ने ली समीक्षा बैठक






कटनी (स्वतंत्र मत)।

13 अप्रैल को अजय गुप्ता, प्रबन्ध संचालक म.प्र. पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी जबलपुर द्वारा वृत्त कार्यालय सभागार में संचा-संघा वृत्त, शहर संभाग, संचा-संघा संभाग, दक्षिण संभाग, प्रवर्तन संभाग एवं एसटीएम-एसटीसी संभाग कटनी की समीक्षा बैठक ली गई। उक्त बैठक में कम्पनी गुख्यालय से संजय भागवतकर, मुख्य महाप्रबन्धक (कार्य) एस. के. गिरिया, मुख्य अभियंता (जक्षे) जबलपुर, संजय निगम मुख्य महाप्रबन्धक (संचा-संघा), नीरज कुचया, महाप्रबन्धक (आरडीएसएस) एवं डी. एन. चौकीकर, अधीक्षण अभियंता कटनी एवं समस्त कार्यपालन अभियांता शहर एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान राजस्व संग्रहण, समाधान योजना, आरडीएसएस योजना, वर्क प्लान 2025-26, फेल ट्रांसफार्मर, विद्युत प्रदाय, मेन्टेनेन्स, बकाया राशि वसूली, स्मार्ट मीटर आदि बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान कम राजस्व संग्रहण एवं समाधान योजना की कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त कर निर्देश दिये गये कि सभी बिन्दुओं पर त्वरित प्रगति लाएं एवं दिये गये लक्ष्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। प्रबन्ध संचालक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी कार्यपालन अभियंता एवं अधीक्षण अभियंता लगातार फील्ड में भ्रमण कर शासन की योजनाओं को बेहतर तरीके से कियान्वयन कराएं साथ ही समाधान योजना एवं राजस्व संग्रहण में प्रगति बढ़ाए। इसके उपरांत प्रबन्ध संचालक द्वारा आर.डी.एस.एस. के तहत चल रहे 33/11 केव्ही खिरहनी उपकेन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मेसर्स यूनिवर्सल के प्रतिनिधि सोमनाथघर एवं सुरेश यादव को निर्देश दिये गये कि गुणवत्तापूर्ण कार्य करें एवं सभी लंबित कार्य 30 अप्रैल तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उक्त समीक्षा बैठक में मुकेश मोहबे, कार्यपालन अभियंता (शहर) संभाग, शरद विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता संचा-संघा संभाग, शैलजा सिंह चौहान, कार्यपालन अभियंता (दक्षिण) संभाग, सुशीला सिंह मसराम, कार्यपालन अभियंता (एसटीएम-एसटीसी) संभाग एवं सिद्धान्त श्रीवास्तव, कार्यपालन अभियंता (विजलेन्स) संभाग कटनी उपस्थित रहे।

# आरसीबी की बल्लेबाजी ताकत और आउट ऑफ फॉर्म एलएसजी के बीच मुकाबला

बेंगलुरु (वार्ता)

एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में, जहाँ बाउंड्री छोटी होती हैं और बॉलर अक्सर ऐसे दिखते हैं जैसे मानसून आते ही उन्होंने अपना छाता खो दिया हो, एक और आईपीएल शाम चुपचाप अपने हमेशा के थिएटर जैसा माहौल बना लेती है। इस बार लखनऊ सुपर जायंट्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जैसी मजबूत घरेलू टीम के चैलेंजर के तौर पर आ रहे हैं। यहीं पर आरसीबी कुछ ऐसा कर रही है जो क्रिकेट कम और एक अच्छी तरह से तैयार फैक्ट्री ज़्यादा लगता है और उनके रास्ते में आने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए थोड़ा डरावना है। इसे सिर्फ़ अच्छी बैटिंग फ़ॉर्म कहना गलती होगी। यह भगदड़ को तेज चलना कहने जैसा होगा। इस मैदान पर, आरसीबी ने रन बनाने को लगभग रूटीन, फिर भी ज़बरदस्त बना दिया है। 200 रन का आंकड़ा अब कोई मील का पत्थर नहीं रहा; यह सिर्फ़ एक विनम्र सुझाव है। बैटिंग कंट्रोल में शुरू होती है, लगभग ऐसे जैसे कोई सरकारी ऑफिस समय पर खुल रहा हो, और फिर धीरे-धीरे कुछ ज़्यादा अग्रेसिव और बॉलर्स के लिए उसे रोकना नामुमकिन हो जाता है।





## बैटिंग यूनिट को विराट कोहली कर रहे है लीड

इस सीज़न में आरसीबी की बैटिंग यूनिट को विराट कोहली लीड कर रहे हैं, जिन्होंने टॉप पर अपनी हमेशा की तरह अथॉरिटी के साथ चार मैचों में 179 रन बनाए हैं। उनके साथ, फिल सॉल्ट ने ज़बरदस्त शुरुआत दी है, जिसमें पिछले मैच में 36 गेंदों पर 78 रन की तेज़ पारी शामिल है, जिससे शुरुआत में ही माहौल बन गया। देवदत्त पडिक्कल भी शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने तीन मैचों में 125 रन बनाए हैं, जिसमें दो तेज़ फिफ्टी शामिल हैं और उनका स्ट्राइक रेट 200 से ज़्यादा है, जिससे वह पावरप्ले और शुरुआती मिडिल ओवर्स में सबसे खतरनाक बैट्समैन में से एक बन गए हैं। मिडिल ऑर्डर में, कैप्टन रजत पाटीदार सबसे मजबूत रहे हैं, जिन्होंने 210 से ज़्यादा के जबरदस्त स्ट्राइक रेट से लगभग 195 रन बनाए हैं। मिडिल ओवर्स में हावी होने की उनकी काबिलियत ने मैच को आरसीबी के फेवर में कर दिया है। उनके साथ, टिम डेविड की जबरदस्त फिनिशिंग पावर जोड़ी है, इस सीजन में पहले ही 12 छक्कों के साथ 220 से ज़्यादा रन बनाए हैं, जबकि रोमारियो शेफर्ड ने 2025 से 175 के करीब स्ट्राइक रेट के साथ आखिर में पारी में तेज़ी लाई है। विकेटकीपर जितेश शर्मा ने भी काम के कैमियो किए हैं, जिससे यह पक्का होता है कि मोमेंटम कम न हो। इसीलिए कहानी लगभग अपने आप बन जाती है= घर पर आरसीबी की बैटिंग मशीन।

## पांड्या ने गेंद और अनुभव दोनों से कंट्रोल दिया

गेंद से, जैकब डफी और भुवनेश्वर कुमार शुरुआती ब्रेकथ्रू दिलाने में असरदार रहे हैं, पावरप्ले में जरूरी विकेट शेयर किए हैं। बीच के ओवरों में, क्रुणाल पांड्या ने गेंद और अनुभव दोनों से कंट्रोल दिया है, जबकि सुयश शर्मा ने ज़रूरी विकेट लिए हैं, भले ही कभी-कभी महंगी इकॉनमी से। साथ मिलकर, उन्होंने यह पक्का किया है कि आरसीबी बड़े टोटल का बचाव करते हुए भी कॉम्पिटिटिव बनी रहे।

## अभी भी एक जैसी लय की तलाश में है लखनऊ

इस मज़बूत और लगभग मैकेनिकल निश्चितता में लखनऊ सुपर जायंट्स कदम रखती है, एक ऐसी टीम जो इस सीजन में अक्सर एक टैलेंटेड ग्रुप की तरह दिखी है जो अभी भी एक जैसी लय की तलाश में है। कभी-कभी, सब कुछ ठीक चलता है – बैटिंग अच्छी चलती है, बॉलिंग अच्छी रहती है, और फील्डिंग भी अच्छी दिखती है। लेकिन अक्सर, चीजें अलग हो जाती हैं, जैसे टीम अभी भी अपनी पहचान बनाने की कोशिश कर रही हो। उनके बैटिंग लाइनअप में बड़े नाम हैं लेकिन लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं। एडेन मार्करम उनके सबसे भरोसेमंद परफॉर्मर रहे हैं, जिन्होंने चार मैचों में 152 के स्ट्राइक रेट से 108 रन बनाए हैं, जिससे टॉप पर स्थिरता आई है।

## पंत ने सिर्फ थोड़ी देर के लिए अच्छा प्रदर्शन किया

हालांकि, निकोलस पूरन इस सीज़न में बुरी तरह जूझ रहे हैं, चार मैचों में लगभग 85 के कम स्ट्राइक रेट से सिर्फ 41 रन बना पाए हैं, जो उनके हमेशा के खतरनाक फॉर्म से काफी कम है। ऋषभ पंत ने सिर्फ थोड़ी देर के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है, जिसमें एसआरएच के खिलाफ नाबाद 68 रन शामिल हैं, लेकिन इसके अलावा वे अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे हैं। मिचेल मार्श भी लगातार कई कम स्कोर के साथ जूझ रहे हैं, टॉप पर लय नहीं बना पा रहे हैं। आयुष बदोनी और अब्दुल समद भी लगातार असर डालने में नाकाम रहे हैं, जिससे मिडिल ऑर्डर अक्सर खुला रह जाता है। हालांकि, एक अच्छी बात भी रही है। मुकुल चौधरी ने केकेआर के खिलाफ 27 गेंदों पर 54 नॉट आउट की निडर पारी खेली, जिससे पता चला कि अगर मौका मिले तो एलएसजी के पास मैच जिताने वाले खिलाड़ी हैं। गेंद से, मोहम्मद शमी ने शानदार प्रदर्शन किया है, उन्होंने लगभग 6.25 की शानदार इकॉनमी से विकेट लिए हैं, जिससे अटैक पर कंट्रोल और डिसिप्लिन आया है। प्रिंस यादव भी चार मैचों में छह विकेट लेकर असरदार रहे हैं, जबकि आवेश खान और दिग्वेश सिंह राठी ने बीच के ओवरों में अहम सफलताओं और लगातार स्पेल से मदद की है। और फिर भी, इन निजी कोशिशों के बावजूद, एलएसजी एक ऐसी टीम बनी हुई है जो मिलकर लय तलाश रही है। यही बात मैच को इतना खास बनाती है। एक तरफ एक ताकतवर, अच्छी तरह से सेट बैटिंग मशीन है जो आसानी से रन बनाती रहती है। दूसरी तरफ एक टैलेंटेड लेकिन असमान टीम है जो अभी भी बहुत मुश्किल हालात में स्थिरता ढूंढने की कोशिश कर रही है।

# मिचेल स्टार्क और दीप्ति शर्मा बने विजडन के साल के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर





**लंदन (वार्ता)।** मिचेल स्टार्क को विजडन क्रिकेटर्स अल्मनाक ने दुनिया का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर चुना है। उन्होंने 2025 में शानदार प्रदर्शन किया और एशेज में अहम भूमिका निभाई। वहीं दीप्ति शर्मा को सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी का सम्मान मिला है। नवंबर में घरेलू जमीन पर भारत की ऐतिहासिक विश्व कप जीत में उनका बड़ा योगदान रहा। इन पुरस्कारों का ऐलान अल्मनाक के 163वें संस्करण के प्रकाशन से पहले किया गया। 36 साल के स्टार्क ने इस साल 11 टेस्ट मैचों में 17.32 की औसत से 55 विकेट लिए। इसमें वेस्टइंडीज के ख़िलाफ सिर्फ़ नौ रन देकर छह विकेट लेने का उनका करियर बेस्ट प्रदर्शन भी शामिल रहा। इसके बाद 2025-26 एशेज के पहले दो टेस्ट में उन्होंने 18 विकेट झटके और पूरी सीरीज़ में 19.93 की औसत से 31 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई।

28 साल की दीप्ति शर्मा भारत की प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट रहीं। भारत ने नवी मुंबई में खेले गए फ़ाइनल में दक्षिण अफ़्रीका को 52 रन से हराकर पहली बार 50 ओवर का विश्व कप जीता। पूरे टूर्नामेंट में उन्होंने 30.71 की औसत से 215 रन बनाए और 20.40 की औसत से 22 विकेट भी लिए। फ़ाइनल में उन्होंने 58 रन की अहम पारी खेली और 5 विकेट लेकर मैच अपने नाम किया। भारत के पुरुष क्रिकेटरों को भी इस बार अल्मनाक में बड़ी पहचान मिली है। शुभमन गिल, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत और मोहम्मद सिराज को विजडन के साल के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर में शामिल किया गया। इन सभी ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ रही टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया था। गिल को विजडन ट्रॉफी भी मिली। यह पुरस्कार साल के सबसे बेहतरीन व्यक्तिगत प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। उन्होंने एजबेस्टन टेस्ट में 430 रन बनाकर मैच जिताया था। वहीं अभिषेक शर्मा को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ टी 20 खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने इस साल 1000 से ज़्यादा टी20 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट दो रन प्रति गेंद से भी ज़्यादा रहा। इंग्लैंड की तरफ़ से इस बार बड़े पुरस्कार जीतने वाले इकलौते खिलाड़ी पूर्व ओपनर हसीब हमीद रहे। उन्हें भी साल के 5 सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर में शामिल किया गया। उन्होंने नॉटिंघमशायर को काउंटी चैंपियनशिप जिताई और 66.00 की औसत से 1258 रन बनाए। उनके नाम दो दोहरे शतक समेत चार शतक रहे।

# चेपॉक पर धोनी ने किया अभ्यास लेकिन उनकी वापसी में देरी संभव

चेन्नई (वार्ता)

काफ इंजरी से उबर रहे एमएस धोनी की आईपीएल 2026 में वापसी के लिए अभी और इंतज़ार करना पड़ सकता है क्योंकि वह अभी भी मैच फ़िटनेस पर काम करते प्रतीत हो रहे हैं। 28 मार्च को सीजन के पहले दिन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अपने बयान में बताया था कि धोनी पहले दो सप्ताह तक के लिए बाहर रह सकते हैं और वह रिहैब से गुज़रेंगे। धोनी टीम के अन्य साथियों के साथ अभ्यास कर रहे हैं लेकिन वह केवल थ्रोडाउन का सामना कर रहे हैं और अभी भी उनका पूरी तरह से फ़िट होना बाक़ी है। सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर ) के ख़िलाफ़ घरेलू मैच की पूर्व संध्या पर चेपॉक में अंडर लाइट्स सीएसके के अभ्यास के अंतिम चरण में धोनी ने नेट्स में थोड़ी देर अभ्यास किया।



लेकिन एक बार फिर उन्होंने सपोर्ट स्टाफ़ से केवल थ्रोडाउन का सामना किया, उन्हें अभ्यास कराने वालों में टीम के बल्लेबाज़ी कोच माइक हसी भी शामिल थे। जब हसी ने प्रैक्टिस पिच के बीच में गेंद डाली तो गेंद धोनी के बल्ले के जोड़ पर जा लगी। लेकिन जब गेंद उनके स्लॉट में पड़ी तब उन्होंने गेंद को अपने बॉटम हैंड का इस्तेमाल करते हुए मिडविकेट बाउंड्री की ओर भेज दिया। इसके बाद उन्होंने स्लॉट में पड़ी एक और गेंद को लेग साइड में जे स्टैंड में भेज दिया। सीएसके का अभ्यास सत्र रात के नौ बजे समाप्त हुआ। धोनी ने विकेटकीपिंग का अभ्यास नहीं किया। 44 वर्षीय धोनी ने सीएसके के अब तक चारों मुक़ाबले मिस किए हैं और मंगलवार को भी वह खेलने से चूक सकते हैं। उन्होंने अब तक चेन्नई के बाहर सीएसके के मुक़ाबलों के लिए गुवाहाटी और बेंगलुरु की यात्रा नहीं की है। वहीं सीएसके के घरेलू मुक़ाबलों के लिए भी वह चेपॉक नहीं पहुंचे हैं। गुवाहाटी में पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान टीम के मुख्य कोच स्टीफन फ़्लेमिंग ने कहा था कि वह टीम से जुड़ी चर्चाओं में शामिल रहते हैं और टीम पर उनका प्रभाव अभी भी मजबूत है। धोनी की अनुपस्थिति में संजू सैमसन विकेटकीपिंग कर रहे हैं और इंग्लैंड के ऑलराउंडर जेमी ओवर्टन ने अपने खेल से फ़िनिशर की भूमिका अदा करने की झलक दिखाई है। सीएसके के पास राजस्थान के विकेटकीपर कार्तिक शर्मा भी हैं जिन्हें उन्होंने दिसंबर में हुई नीलामी में 14.2 करोड़ में ख़रीदा था, इसके अलावा उनके पास गुजरात के विकेटकीपर उर्विल पटेल का विकल्प भी मौजूद है।

## पीएसएल ने मुजरबानी पर दो साल का बैन लगाया

**इस्लामाबाद (वार्ता)।** पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) ने ज़िम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी पर दो साल का बैन लगाकर एक बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। यह बैन पीएसएल से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में जाने के बाद लगाया गया है। इस घटना ने फ्रेंचाइज क्रिकेट में चल रही प्लेयर लॉयल्टी बनाम मौका बहस में एक नया मुद्दा बना दिया है। मुजरबानी को शुरू में पीएसएल में इस्लामाबाद यूनाइटेड ने रिप्लेसमेंट प्लेयर के तौर पर चुना था, क्योंकि वह आईपीएल और पीएसएल दोनों ऑक्शन में नहीं बिके थे। हालांकि, बाद में उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स से मौजूदा आईपीएल सीजन में ऑफर मिलने के बाद अपनी पीएसएल डील खत्म कर दी, जहाँ वह पहले ही दो मैच खेल चुके थे। पीएसएल गवर्निंग बॉडी ने एक कड़े बयान में कहा कि पहले का बाइंडिंग एग्रीमेंट एक्टिव रहते हुए अलग-अलग कॉन्ट्रैक्ट करना प्रोफेशनल स्टैंडर्ड का उल्लंघन है।

# संजू सैमसन मार्च के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने गए

दुबई (वार्ता)

संजू सैमसन ने मार्च 2026 के लिए मेंस आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने जसप्रीत बुमराह और कॉनर एस्टरहुइज़ेन को पीछे छोड़ा। 31 वर्षीय सैमसन ने आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब भी जीता। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ कोलकाता में वर्चुअल क्वार्टरफाइनल, मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल और अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में मैच जिताऊ पारियां खेलीं। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 97 रन बनाने के बाद, सेमीफाइनल और फाइनल में लगातार 89-89 रन की पारियां खेलीं। उनकी इन पारियों की बदौलत भारतीय क्रिकेट टीम को टी20 वर्ल्ड कप खिताब को सफलतापूर्वक डिफेंड करने वाली पहली टीम बना। इसके साथ ही, भारत अपने घरेलू मैदान पर यह ट्रॉफी जीतने वाला पहला देश भी बना। सैमसन ने कहा, आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड जीतना बेहद खास एहसास है, खासकर तब जब यह मेरे करियर के सबसे यादगार दौर में मिला है। भारत की टी20 वर्ल्ड कप जीत का हिस्सा बनना एक सपना सच होने जैसा था। फिलहाल टी20 बल्लेबाजों की आईसीसी रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद सैमसन ने 62 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 1399 रन बनाए हैं, उनका औसत 28.55 और स्ट्राइक रेट 150 से ज्यादा है। इस फॉर्मेट में उनके नाम तीन शतक भी हैं। उन्होंने अपनी यह फॉर्म आईपीएल 2026 में भी जारी रखी और हाल ही में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नाबाद 115 रन की पारी खेलकर इस सीजन का पहला शतक लगाया।




# यात्री वाहनों की बिक्री मार्च में 16 प्रतिशत बढ़ी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री में जबरदस्त तेजी का क्रम मार्च में भी जारी रहा और सालाना आधार पर पर यह 16 प्रतिशत बढ़कर 4,42,460 इकाई पर पहुंच गयी। वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा मंगलवार को यहां जारी आंकड़ों के अनुसार, मार्च में देश में दुपहिया की कुल बिक्री भी 19.3 फीसदी की वृद्धि के साथ 19,76,128 इकाई दर्ज की गयी। इसमें स्कूटरों की बिक्री में 29.8 प्रतिशत का जबरदस्त उछाल दर्ज किया गया और यह मार्च 2025 के 5,86,485 इकाई से बढ़कर 7,61,422 इकाई पर पहुंच गयी। मोटरसाइकिलों की बिक्री 12.9 प्रतिशत और मोपेड की 31.3 प्रतिशत सालाना बढ़ते हुए क्रमशः 11,68,514 इकाई और 46,192 इकाई पर पहुंच गयी।



# इंटेक्स ने पेशकश किये 65 इंच और 75 इंच क्यूएलईडी 4के टीवी

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** स्वदेशी कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड इंटेक्स टेक्नोलॉजीज ने अपने बड़े स्क्रीन वाले टेलीविजन पोर्टफोलियो में दो नये मॉडल पेश किये हैं। कंपनी ने 65-इंच और 75-इंच के नये क्यूएलईडी 4के अल्ट्रा एचडी स्मार्ट टेलीविजन बाजार में पेश किये हैं। इस रेंज की खास खूबी ज्यादा ब्राइटनेस वाले डिस्प्ले, उन्नत पिक्चर टेक्नोलॉजी और गूगल टीवी प्लेटफॉर्म का इंटीग्रेट किया जाना है। नए मॉडल - एलईडी-जीक्यू 6511 (65-इंच) और एलईडी-जीक्यू 7511 (75-इंच) फस्म्क् डिस्प्ले टेक्नोलॉजी के साथ 4के अल्ट्रा एचडी रिज़ॉल्यूशन (3840 गुना 2160) देते हैं जिससे बेहतर ब्राइटनेस, शानदार कलर और बेहतर कंट्रास्ट मिलता है। ये फ्रेमलेस एडीएस पैनल पर बने हैं ताकि बड़ा व्यूइंग एंगल मिल सके। साथ ही, दोनों मॉडल डॉल्बी विजन, एचडीआर और एमईएमसी को सपोर्ट करते हैं, ताकि हाई-स्पीड कंटेंट में भी स्मूथ मोशन और बेहतर क्लैरिटी मिले। ब्राइटनेस 400 निट्स से ज्यादा और एडवांस्ड कलर ऑप्टिमाइज़ेशन होने से अलग-अलग रोशनी में भी एक जैसा परफॉर्मेंस सुनिश्चित होता है। इंटेक्स टेक्नोलॉजीज के निदेशक केशव बंसल ने कहा, च्लोगों के टेलीविजन देखने का नजरिया काफी बदल गया है। वे बड़े स्क्रीन, बेहतर पिक्चर क्वालिटी और स्मार्ट इंटरफेस पसंद करते हैं। हमारे नये 65-इंच और 75-इंच क्यूएलईडी टीवी उन्हें संपूर्ण अनुभव देने के लिए बने हैं। इनमें इमर्सिव विज़ुअल्स, इंट्युटिव स्मार्ट फीचर्स और भरोसेमंद परफॉर्मेंस सब एक साथ हैं। इसके साथ आम लोगों तक एडवांस्ड टेक्नोलॉजी पहुंचाने का लक्ष्य पूरा होगा।




# इंडिगो की चार दिन की सेल, टिकट पर 10 प्रतिशत तक छूट

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** प्रमुख विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने मंगलवार से चार दिन की सेल की घोषणा की है जिसमें घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर बुकिंग में 10 प्रतिशत तक छूट दी जायेगी। 'समर गेटअवे' सेल के तहत 14 अप्रैल से 17 अप्रैल के बीच बुकिंग करायी जा सकती है जबकि यात्रा की तारीख 01 जुलाई से 09 अक्टूबर 2026 के बीच होने की शर्त रखी गयी है। यात्री इंडिगो की वेबसाइट, मोबाइल ऐप, एआई-संचालित असिस्टेंट 6ईस्काई, इंडिगो के व्हाट्सएप नंबर ( 91-70651 45858), या चुनिंदा ट्रैवल पार्टनर के वेबसाइट्स और ऐप के माध्यम से बुकिंग करते समय एसयूएमआर10 (अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) प्रोमो कोड का उपयोग करके इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं।



# पश्चिम एशिया संकट के बीच वाहन उद्योग के लिए अप्रैल में होगी अग्नि परीक्षा

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम का मानना है कि पश्चिम एशिया संकट से उत्पन्न परिस्थितियों के मद्देनजर अप्रैल में अग्नि परीक्षा होगी। सियाम के अध्यक्ष शैलेश चंद्रा ने मंगलवार को वाहनों की थोक बिक्री के आंकड़े जारी करने के बाद संवाददाताओं के सवालों के जवाब में कहा कि मार्च में उत्पादन प्रभावित नहीं हुआ है, लेकिन अप्रैल में कंपनियां दबाव महसूस कर रही हैं और इस महीने कंपनियों की 'अग्नि परीक्षा' होगी। उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि युद्ध लंबा न चले यदि ऐसा होता है वाहनों की बिक्री में एकल अंक की वृद्धि के कुछ अनुमान सही साबित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल लोग जानकारी लेने के लिए शोरूम में आ रहे हैं, लेकिन खरीदारी का फैसला लेने में देरी कर रहे हैं। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रमुख श्री चंद्रा ने कहा कि अप्रैल के पहले दो सप्ताह में पश्चिम एशिया संकट का दबाव पड़ना शुरू हो गया है और उत्पादन की लागत बढ़ी है। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्ता वाले एल्युमीनियम की आपूर्ति पहले पश्चिम एशिया से होती थी, अब कंपनियां उसका विकल्प खोज रही हैं। उन्होंने कहा अप्रैल में यह साफ होगा कि आपूर्ति बढ़ने की रफ्तार और पहले से मौजूद कलपुर्जों और कच्चे माल के भंडार की खपत की रफ्तार में कितना संतुलन बन पाता है। श्री चंद्रा ने कहा कि वाहन उद्योग में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने वाले प्रोपेन और एलपीजी की कमी चिंताजनक है। कुछ चुनिंदा पेट्रो-रसायन के दाम बढ़ रहे हैं और परिवहन की लागत भी बढ़ी है। सियाम के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में वाहनों की घरेलू बिक्री 10.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,82,65,519 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गयी। इस दौरान यात्री वाहनों की बिक्री 7.9 प्रतिशत बढ़कर 46,43,439 इकाई पर पहुंच गयी। दुपहिया की बिक्री 10.7 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2,17,05,974 इकाई पर रही। श्री चंद्रा ने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में सभी खंडों में रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गयी है। सात साल बाद यह स्थिति बनी है जो वाहन निर्माता कंपनियों के लिए खुशखबरी है।



# यूपीआई ने 228 अरब लेनदेन का आंकड़ा पार किया : रिपोर्ट

मुंबई (वार्ता)

भुगतान सेवाओं में अग्रणी वैश्विक कंपनी वर्ल्डलाइन ने मंगलवार को कहा कि भारत में डिजिटल भुगतान के वातावरण में अब परिपक्वता आ चुकी है और साल 2025 में इसका आंकड़ा 228 अरब लेनदेन का पार गया। वर्ल्डलाइन की वार्षिक रिपोर्ट इंडिया डिजिटल पेमेंट्स रिपोर्ट - ईयर 2025 इन रिव्यू में कहा गया है कि अब देश में यूपीआई, कार्ड्स और भारत बिलपे जैसे भुगतान प्लेटफॉर्म एक-दूसरे के पूरक रूप में काम कर रहे हैं। इससे पूरी तरह डिजिटल और सातों दिन चौबीसों घंटे चलने वाली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, यूपीआई के जरिये साल 2025 में 228.5 अरब लेनदेन किये गये जो साल-दर-साल 33 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इन लेनदेन का कुल मूल्य 299.74 लाख करोड़ रुपये रहा। अब रोजाना होने वाले अधिकांश लेनदेन इसी प्लेटफॉर्म पर हो रहा है। वर्ल्डलाइन के अनुसार, भारत धीरे-धीरे छोटे-छोटे ट्रांजेक्शन वाली अर्थव्यवस्था बन रहा है। छोटे-छोटे लेनदेन अब नकद की जगह डिजिटल माध्यमों से हो रहे हैं - चाहे वह स्थानीय दुकानों, परिवहन या रोजमर्रा की सेवाओं में हो। यह इस बात से स्पष्ट है कि यूपीआई लेनदेन का औसत मूल्य नौ प्रतिशत घटकर पिछले साल 1,314 रुपये रह गया। वहीं, दुकानदारों को खरीद के बदले भुगतान का औसत मूल्य घटकर 592 रुपये रहा गया है। साथ ही यह भी तथ्य सामने आया है कि यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या 15 प्रतिशत बढ़कर अब 73.14 करोड़ पर पहुंच गयी है। पीओएस टर्मिनल्स (दुकानों पर उपलब्ध मशीनों की संख्या) में भी 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इनकी संख्या 1.15 करोड़ तक पहुंच गयी। रिपोर्ट में बताया गया है कि अब लोग कार्ड का ज्यादातर इस्तेमाल अधिक मूल्य और ऑनलाइन भुगतान के लिए करते हैं। पिछले साल क्रेडिट कार्ड से लेनदेन की संख्या 27 प्रतिशत बढ़कर 5.69 अरब पर पहुंच गयी। दूसरी तरफ, डेबिट कार्ड लेनदेन में 23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी। क्रेडिट कार्ड से ऑनलाइन भुगतान का मूल्य 14.53 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। भारत बिलपे पर लेनदेन की संख्या साल 2025 में 40 प्रतिशत की वृद्धि के साथ तीन अरब पांच करोड़ हो गयी। इसके मूल्य में 93 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी और यह 14.84 लाख करोड़ रुपये रही। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से शिक्षण संस्थानों के शुल्क, बीमा, ईएमआई और सब्सक्रिप्शन जैसी श्रेणियों में भुगतान बढ़ा है। वर्ल्डलाइन इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश नरसिम्हन ने कहा, देश का डिजिटल भुगतान इकोसिस्टम अब एक नये परिपक्व चरण में प्रवेश कर रहा है, जहां पैमाने के साथ संरचना भी विकसित हो रही है। यूपीआई, कार्ड्स और आवर्ती भुगतान प्लेटफॉर्म की स्पष्ट भूमिकाएं सामने आ रही हैं, जिन्हें तेजी से बढ़ते बुनियादी ढांचे का समर्थन मिल रहा है।



# नारी शक्ति नेतृत्व का नवयुग



# 'नारी शक्ति वंदन' सम्मेलन

15 अप्रैल, 2026 | रवीन्द्र भवन, भोपाल

## मुख्य अतिथि

# डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

"प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33% आरक्षण सुनिश्चित करने वाला **'नारी शक्ति वंदन अधिनियम'** नारी शक्ति के सम्मान, स्वाभिमान और सशक्त भविष्य का ऐतिहासिक संकल्प है। इस युगांतरकारी निर्णय के लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से **अभिनंदन एवं आभार**"



**डॉ. मोहन यादव**
**मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश**

D-11006/26

***सशक्त नारी, सशक्त देश***

**राज्य स्तरीय नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा**
**(10 -25 अप्रैल 2026)**

डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP